IDBI BANK

वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report 2011-12



पहल करना वास्तव में एक सुखद अनुभूति है

GETTING THERE FIRST IS A TRULY SPECIAL FEELING

आईडीबीआई बैंक में नई पहलों से भरा वर्ष

आईडीबीआई एक ग्राहक-केंद्रित बैंक है. आपका बैंक जो कुछ भी करता है, ग्राहकों तक बेहतर उत्पाद पहुँचाने, चिरकालिक संबंध बनाने और अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए करता है. इसलिए आपका बैंक जो भी कदम उठाता है, वह पथ-प्रदर्शक होता है और अपने किस्म का पहला कदम होने के नाते इसे इसका लाभ भी मिलता है. यूँ तो आपके बैंक द्वारा दी जा रही पेशकशों की सूची खासी लंबी और विशिष्ट है, फिर भी इनमें से कुछ नई इस प्रकार हैं:

- बैंकों में लॉकर व्यवस्था काफी लंबे समय से चली आ रही है लेकिन आपके बैंक ने इसे बारहों महीने - चौबीसों घंटे चलने वाली सुविधा के रूप में शुरू किया है, जो बॉयोमैट्रिक पहुँच के साथ रहेगी. आपकी कफ़ परेड, मुंबई शाखा इस मामले में दुनिया में पहली है.

- आपका बैंक लीक से हटकर सोचता है, यह आईडीबीआई बैंक की मैजिक कार्ड योजना से पता चलता है. मैजिक कार्ड एक ऐसा डेबिट कार्ड है, जिसमें क्रेडिट लिमिट भी दी गई है. यह अनुपम प्रोडक्ट भारत में अपने किस्म का पहला है.

- आपके बैंक द्वारा जारी डिम सुम बाँड भी उभरते बाज़ारों में पहला निर्गम था. यह निर्गम नियत आयवाले वैश्विक निवेशकों के आपके बैंक की ऋण साख के प्रति विश्वास का द्योतक है.

- आपका बैंक देशी बाज़ार में भारतीय कॉरपोरेट बाँडों में निहित ऋण जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए ऋण चूक स्वैप लेनदेन की हामीदारी करनेवाला सार्वजनिक क्षेत्र का पहला बैंक बना.

- भारत का पहला ऑनलाइन रिटेल जी-सेक पोर्टल आईडीबीआई बैंक की एक और पेशकश है. इससे खुदरा निवेशकों को निवेश के वैकल्पिक साधन के रूप में सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने का मौका मिलता है.

- युवाओं के साथ जुड़ने के लिए आपके बैंक और इट्स कैश ने मास्टरकार्ड के साथ मिलकर फ्रीडम प्रीपेड कार्ड शुरू किया, जोकि युवाओं के लिए पुनः लोड किए जानेवाला अपने किस्म का पहला बहु उद्देश्यीय कार्ड है.

- आपके बैंक की ऋण समूहन टीम ने अपने गठन से लगभग 6 वर्ष के भीतर बिजली, दूरसंचार, सड़क, बंदरगाह, पेट्रो-रसायन, उर्वरक, इस्पात सरीखे विविध उद्योगों में कुल 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक ऋण राशि के 100 से भी अधिक सौदे संपन्न किए.

- आपका बैंक केंद्रीय करों का प्रमुख संग्रहणकर्ता है. जहाँ सरकार की ओर से कर संग्रहण के लिए कई बैंक प्राधिकृत किए गए हैं, आपका बैंक उन चुनिंदा बैंकों में से एक है, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 100,000 करोड़ रुपये (20.50 बिलियन अमरीकी डॉलर) का आँकड़ा पार किया है, जोकि सरकार के प्रत्यक्ष कर संबंधी कुल संशोधित लक्ष्य के 16% से भी अधिक है.

- डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में ज्यादा बैंक नहीं हैं. आपका बैंक न सिर्फ इस क्षेत्र में है, बल्कि फेसबुक पर इसके पाँच लाख से अधिक और ट्विटर पर 10,000 से ज्यादा फॉलोअर हैं. यह गूगल + पर जानेवाला भी पहला भारतीय बैंक है.

वार्षिक रिपोर्ट Annual Report: 2011-12

विषय सूची

1	**निदेशकों की रिपोर्ट**
	प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण
11	कारोबार परिदृष्य
13	कारोबार समीक्षा
22	जोखिम प्रबंध
25	प्रबंध, नियंत्रण एवं प्रणालियां
33	सूचना प्रौद्योगिकी
35	कॉरपोरेट अभिशासन
	लेखे
83	बैंक के लेखे
155	समेकित लेखे

CONTENTS

5	**Directors' Report**
	Management Discussion & Analysis
49	Business Environment
51	Business Review
60	Risk Management
62	Management, Controls & Systems
69	Information Technology
70	Corporate Governance
	Accounts
83	Accounts of the Bank
155	Consolidated Accounts

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS

(यथा 07 जुलाई 2012)/As on July 07, 2012)

कार्यपालक निदेशक	Executive Directors
श्री आर. एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	**Shri R. M. Malla, CMD**
श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक	**Shri B. K. Batra, DMD**
सरकारी निदेशक	Government Directors
श्री सुनील सोनी	**Shri Sunil Soni**
श्री प्रदीप कुमार चौधरी	**Shri P. K. Chaudhery**
स्वतंत्र निदेशक	Independent Directors
श्री पी.एस. शेनॉय	**Shri P. S. Shenoy**
श्री सुभाष तुली	**Shri Subhash Tuli**
श्री एस. रवि	**Shri S. Ravi**
श्री निनाद कर्पे	**Shri Ninad Karpe**
सांविधिक लेखापरीक्षक	Statutory Auditors
चोकशी एंड चोकशी	**Chokshi & Chokshi**
सनदी लेखाकार, मुंबई	Chartered Accountants, Mumbai
एस.पी. चोपड़ा एंड कं.	**S. P. Chopra & Co.**
सनदी लेखाकार, नई दिल्ली	Chartered Accountants, New Delhi
मुख्य वित्तीय अधिकारी	Chief Financial Officer
श्री पी. सीताराम	**Shri P. Sitaram**
कंपनी सचिव	Company Secretary
श्री पवन अग्रवाल	**Shri Pawan Agrawal**

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS

श्री सुनील सोनी
Shri Sunil Soni

श्री प्रदीप कुमार चौधरी
Shri Pradeep Kumar Chaudhery

श्री सुभाष तुली
Shri Subhash Tuli

श्री पी. एस. शेनॉय
Shri P. S. Shenoy

श्री एस. रवि
Shri S. Ravi

श्री निनाद कर्पे
Shri Ninad Karpe

श्री आर. एम. मल्ला
Shri R. M. Malla

श्री बी. के. बत्रा
Shri B. K. Batra

श्री आर. एम. मल्ला Shri R. M. Malla

(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक Chairman & Managing Director)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से / From the CMD's Desk

प्रिय शेयरधारको,

आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से बैंक की वित्तीय वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है.

अभी-अभी गुज़रा यह साल आम तौर पर भारतीय अर्थव्यवस्था और ख़ास तौर पर बैंकिंग जगत के लिए बड़ा कठिन रहा. यूरोपीय अर्थव्यवस्था में आए आर्थिक संकट और मंदी के कारण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य निराशाजनक हो गया, जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था के समक्ष नई चुनौतियाँ उभर कर आईं. घरेलू मोर्चे पर भारत को बढ़ते स्फीतिकारी दबावों का सामना करना पड़ा और इन पर अंकुश लगाने के लिए कई बार नीतिगत दरें बढ़ानी पड़ीं. यही नहीं, सुस्त निर्यात माँग और नए आदेशों में मंद वृद्धि के चलते औद्योगिक उत्पादन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई. बैंकिंग क्षेत्र के कारोबार पर सीधा असर डालने वाला निवेश माहौल भी ठंडा ही रहा.

इन हालातों के बावजूद आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान भी बेहतर कार्य-निष्पादन जारी रखा. विगत वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने कारोबार व लाभप्रदता संबंधी सभी मानदंडों में ज़ोरदार संवृद्धि दर्ज की और वित्तीय वर्ष 2012 में अब तक का सबसे अधिक मुनाफा हासिल किया. '**सभी के लिए बैंकिंग**' के मूल मंत्र पर अपने विश्वास के बूते हम इस महान देश के हर हिस्से तक अपनी पहुँच बढ़ा सके, साथ ही बैंकिंग उत्पादों व सेवाओं की समग्र श्रृंखला प्रदान कर सके. आपके बैंक के शाखा नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार हुआ, जिसके चलते हम अधिक से अधिक ग्राहकों की सेवा करने में समर्थ हो सके.

आपके बैंक की उपलब्धियों को देखते हुए इसे कई सम्मानों व पुरस्कारों से नवाज़ा गया. वर्तमान में आपका बैंक देश के उन सबसे बड़े बैंकों में से एक है,जिनके पास शाखाओं व एटीएमों का व्यापक नेटवर्क है. यहाँ तक कि प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर भी आपके बैंक ने बदलते समय के साथ चलते हुए कई ग्राहक अनुकूल पहल कार्य किए ताकि अपने ग्राहकों की और भी बेहतर ढंग से सेवा की जा सके.

आपके बैंक ने विगत वर्षों में अपने को शीर्ष विकास वित्तीय संस्था से यूनिवर्सल वाणिज्यिक बैंक के रूप में रूपांतरित करते हुए कई संरचनात्मक व संगठनात्मक परिवर्तन किए हैं. इसे देखते हुए ऐसे नए

Dear Shareholders,

On behalf of the Board of Directors and the Management Team of IDBI Bank, I am very happy to present the Bank's Annual Report for the Financial Year 2011-12.

The year just past has been a difficult year for the Indian Economy in general and for the banking sector in particular. The turbulent global economic conditions, induced by the economic crisis and recessionary conditions in the European economy presented fresh challenges to the Indian economy. On the domestic front, India was confronted with rising inflationary pressures – to contain which the policy rate had to be hiked several times. To add to the woes, there was a marked slowdown in the industrial production driven by the subdued overseas demand for exports and slow growth in new orders. The investment climate, which directly impinges on the business of the banking sector, also remained subdued.

Notwithstanding these concerns, your Bank continued to perform well in FY 2011-12. Your Bank witnessed healthy growth in all its business and profitability parameters during the last financial year including highest ever profit achieved in FY 2012. Our belief in ***"Banking for All"*** has seen us undertake various initiatives to expand our reach and presence across the expanse of this great country, as also across the entire range of banking products and services. The branch network of your Bank has significantly expanded allowing us to serve more customers.

A number of awards and recognitions have been bestowed on your Bank in cognizance of its achievements. Your Bank is currently one of the largest banks in the country with a broad network of branches and ATMs. Even on the technological front, your Bank has continued to keep pace with the changing times and introduced several customer friendly initiatives in a bid to serve our customers better.

Over the last few years, your Bank has undergone a number of structural and organizational changes in its transformation from an apex DFI into a universal commercial

संकल्प व ध्येय कथन बनाए जाने की ज़रूरत महसूस की गई, जिनसे बैंक की अपने सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करने की प्रतिबद्धता दिखलाई दे. इस दर्शन को बैंक के नए संकल्प कथन में बड़ी सरलता से बयां किया गया है: ''**सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करते हुए सबसे पसन्दीदा और विश्वसनीय बैंक बनना**.'' तद्नुसार नए ध्येय कथन की भी रचना की गई, जो संकल्प को हकीकत में बदलने के रणनीतिक लक्ष्य को प्रतिबिंबित करता है.

आपके बैंक के बढ़ते कारोबार का श्रेय विभिन्न वर्टिकलों और कार्यक्षेत्रों में रत मेरे सभी साथियों को जाता है, जिन्होंने हमारे ग्राहकों को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाएं देने के लिए खुद को समर्पित कर दिया ताकि आपका बैंक एक ऐसे वित्तीय महासंगठन बनने का संकल्प पूरा कर सके जो सभी प्रकार के वित्तीय समाधान एक ही जगह उपलब्ध कराते हुए अपने सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करे.

उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सतत दबावों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का भावी विकास वास्तव में चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है. तथापि भारत अब भी दुनिया की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है. वित्तीय वर्ष 2012-13 केलिए भारत का मुख्य ध्यान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि दर्ज करने के लिए उचित नीतिगत परिवर्तनों के जरिए उच्च विकास दर की राह पर लौटने की ओर केंद्रित होगा.

आने वाले वर्ष में आपका बैंक कारोबार वृद्धि और लाभप्रदता मानदंडों में रणनीतिक रूप से इष्टतम स्तर पर पहुँचना चाहता है ताकि समग्र आधार पर सुधार दिखाई दे सके. कम लागत वाली जमाराशियाँ प्राप्त करने, ऋण संवृद्धि को गति देने, शुल्क आधारित आय बढ़ाने और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए लागत को कम करने की रणनीतियों पर ज़ोर दिया जा एगा. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उधारियों के लक्ष्यों व उप-लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सद्निष्ठ प्रयास किए जाएंगे. नेटवर्क को बढ़ाकर व शाखा बैंकिंग के कई विकल्पों का उपयोग करते हुए वित्तीय समावेशन पर ध्यान देना जारी रखा जाएगा. वैकल्पिक स्रोतों और परस्पर बिक्री के अवसरों का उपयोग करते हुए आपका बैंक अपनी शुल्क आधारित आय बढ़ाना चाहेगा. परिसंपत्तियों के मोर्चे पर आपका बैंक कॉरपोरेट व बुनियादी क्षेत्र वित्तपोषण के क्षेत्र में अपना दबदबा कायम रखते हुए खुदरा पोर्टफोलियो बढ़ाने के लिए भी रणनीति बनाएगा. साथ ही नई चूकों को नियंत्रित करने व उच्चतर वसूली के लिए

bank. A need for a new Vision and Mission Statement was felt which would reflect the Bank's commitment towards enhancing value for all its stakeholders. The ethos is amply reflected by the new vision statement of your Bank ***"To be the most preferred and trusted bank enhancing value for all stakeholders".*** Accordingly, a new Mission Statement has been crafted which delineates the strategic goals for translating the vision into reality.

The credit for the growing business of your Bank goes to all my colleagues across various verticals and functions, who have committed themselves to deliver the best banking services to our customers, so that your Bank can achieve its vision of being a financial conglomerate that provides one-stop financial solutions and enhances value for all its stakeholders.

The outlook for growth of the Indian economy is indeed challenging owing to the continued stress in advanced economies. However, India remains one of the fastest growing economies in the world. For FY 2012-13, the main focus for India is to return to the high growth trajectory through appropriate policy changes to induce growth in various sectors of the economy, especially the industrial sector.

In the coming year, your Bank aims to strategically optimise business growth & profitability parameters to reflect improvement on overall basis. The focus of the strategies would be on raising low cost deposits, boost credit growth, enhance fee based income and minimize costs to enhance profitability. Concerted efforts will be undertaken to achieve Priority Sector Lending targets & sub targets. By enlarging our network and exploring various branch banking alternatives, we will continue to focus on financial inclusion. By exploring alternative sources and cross selling opportunities, your Bank would look towards enhancing its fee income. On the assets front, your Bank will adopt strategies to expand retail portfolio, while maintaining prominent position in corporate & infrastructure financing. Further, the focus would continue on improving asset

परिसंपत्ति गुणवत्ता सुधारने हेतु ध्यान देना जारी रखेगा. परिचालनात्मक रणनीतियाँ कार्यान्वित करने के लिए उचित नीतिगत रणनीतियाँ बनाई जाएंगी ताकि त्वरित व व्यवस्थित तरीके से लक्ष्य हासिल किए जा सकें.

आपका बैंक यह मुकाम आपके सतत सहयोग व निष्ठा के चलते ही हासिल कर सका है. आशा है, बेहतर कल के निर्माण की दिशा में हमारे इस सफर में आगे भी आप साथ देते रहेंगे.

आपको व परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं.

आपका,

आर.एम. मल्ला

मुंबई
21 अप्रैल 2012

अध्यक्ष एवं प्रबंधनिदेशक

quality to control fresh slippages & higher recoveries. The operational strategies would be adequately backed by the policy strategies to ensure the objectives are met in a rapid and sustainable manner.

It has been possible for your Bank to attain this stature owing to your continued support and loyalty. We look forward to continuing this treasured relationship with you in our journey towards a better tomorrow.

With best wishes to you and your families,

Yours sincerely,

R.M. Malla

Mumbai
April 21, 2012

Chairman & Managing Director

हमारा संकल्प

- सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करते हुए सबसे पसन्दीदा और विश्वसनीय बैंक बनना

हमारा ध्येय

- उत्कृष्ट सेवा और बेहतरीन वित्तीय समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ ग्राहकों को आनंदित करना
- कॉरपोरेट और इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण में उत्कृष्टता को बनाये रखते हुए रिटेल क्षेत्र में पहुंच बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों के जीवन से जुड़ना
- नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से कार्य करते हुए कॉरपोरेट अभिशासन के लिए आदर्श मॉडल बनना
- कारोबार कार्यकुशलता में सुधार लाने और ग्राहक की अपेक्षाओं पर खरे उतरने के लिए विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी, प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं का प्रयोग करना
- कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने, विकसित करने और कर्मठ एवं प्रतिबद्ध मानव संसाधन तैयार करने के लिए सकारात्मक, सक्रिय एवं कार्य-निष्पादन आधारित कार्य-संस्कृति को प्रोत्साहित करना
- विश्व स्तर पर पहुंच को बढ़ाना
- हरित संरक्षी बैंक बनने के लिए निरंतर प्रयास करना

Our Vision

- To be the most preferred and trusted bank enhancing value for all stakeholders

Our Mission

- Delighting customers with our excellent service and comprehensive suite of best-in-class financial solutions
- Touching more people's lives with our expanding retail footprint while maintaining our excellence in corporate and infrastructure financing
- Continuing to act in an ethical, transparent and responsible manner, becoming the role model for corporate governance
- Deploying world class technology, systems and processes to improve business efficiency and exceed customers' expectations
- Encouraging a positive, dynamic and performance-driven work culture to nurture employees, grow them and build a passionate and committed work force
- Expanding our global presence
- Relentlessly striving to become a greener bank

टीम आईडीबीआई बैंक Team IDBI Bank

के.सी. जानी	एस. अनंतकृष्णन	विनय कुमार	टी.आर. बजालिया	आर.एम. मल्ला
K. C. Jani	S. Ananthakrishnan	V. Kumar	T. R. Bajalia	R. M. Malla

टीम आईडीबीआई बैंक Team IDBI Bank

बी.के. बत्रा B. K. Batra	बी. रविंद्रनाथ B. Ravindranath	आर.के. बंसल R. K. Bansal	एस.के.वी. श्रीनिवासन S. K. V. Srinivasan	एम.ओ. रेगो M. O. Rego

प्रमुख वित्तीय संकेतक... Key Financials...

आधुनिकतम टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म से युक्त एक चुस्त संस्था
परिणामस्वरूप आय की तुलना मे कम लागत अनुपात

Lean Organisation with Modern Technology Platform
Resulting in Low Cost-to-Income Ratio

कर्मचारी उत्पादकता (प्रति कर्मचारी लाभ)
Employee productivity (Profit Per Employee)

('000 रुपये)
(INR'000)



31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

आय की तुलना में लागत अनुपात में कमी
Low Cost-to-Income Ratio

(%)



31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

कारोबार में जबर्दस्त वृद्धि...

Robust Growth in Business...

जमाराशियां और अग्रिम राशियां
Deposits and Advances

(बिलियन रुपये)
(INR Bn)



(बिलियन रुपये)
(INR Bn)



प्रमुख वित्तीय संकेतक... Key Financials...

...बढ़ती आय एवं लाभप्रदता
…Growing Income and Profitability…

कुल आय
Total Income

(बिलियन रुपये)
(INR Bn)



* निवल ब्याज आय+ अन्य आय
Net Interest Income + Other Income

31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

कर पश्चात लाभ
Profit After Tax

(बिलियन रुपये)
(INR Bn)



31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

...और सुधरते कार्य – निष्पादन सूचकांक
…and Improving Performance Indicators

निवल ब्याज मार्जिन
Net Interest Margin

(%)



31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

ईक्विटी पर प्रतिलाभ
Return on Equity

(%)



31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष
Financial Year end: 31 Mar

बीता हुआ वर्ष... The year that was...

तत्कालीन माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी को अंतरिम लाभांश का चेक सौंपते हुए आईडीबीआई बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. एम. मल्ला

Former Hon'ble Union Finance Minister, Shri Pranab Mukherjee receiving the Interim Dividend Cheque from Shri R.M.Malla, CMD, IDBI Bank

आईडीबीआई बैंक और इट्जकैश द्वारा मास्टरकार्ड के साथ मिलकर फ्रीडम प्रीपेड कार्ड का शुभारंभ

IDBI Bank and ItzCash in association with MasterCard launched the Freedom Prepaid Card.

आईडीबीआई बैंक के कॉरपोरेट सेंटर में यूआईडीएआई आधार पंजीयन हेतु एक प्रायोगिक परियोजना का शुभारंभ

IDBI Bank launched a pilot project for UIDAI Aadhaar enrolment at the Corporate Centre.

बीता हुआ वर्ष... The year that was...

इस्तंबुल में आयोजित ऐडफिएप की 35वीं वार्षिक सभा में विकास वित्त–जनित गरीबी निवारण हेतु अवार्ड और साथ ही, सर्वोत्तम वेबसाईट अवॉर्ड प्राप्त करते हुए आईडीबीआई बैंक के उप प्रबंध निदेशक श्री बी. के. बत्रा

Shri B.K.Batra, DMD, IDBI Bank receiving the award for Development Finance-Led Poverty Reduction as also the Best Website Award at the 35th ADFIAP Annual Meeting in Istanbul.

कॉरपोरेट सेंटर में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह की एक झलक

Observance of Vigilance Awareness Week at Corporate Centre.

कॉरपोरेट सेंटर में आयोजित हिंदी दिवस समारोह की एक झलक

IDBI Bank celebrating Hindi Divas at the Corporate Centre

निदेशकों की रिपोर्ट
DIRECTORS' REPORT

निदेशकों की रिपोर्ट : 2011-12

आपके बैंक के निदेशक मंडल को 31 मार्च 2012 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक के कारोबार तथा परिचालनों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन में कई मोर्चों पर उल्लेखनीय प्रगति देखी गई. सामरिक नीति में परिवर्तन करने, शाखा नेटवर्क का विस्तार करने, बेहतर ग्राहक सेवा पर ध्यान केंद्रित करने तथा विशिष्ट स्वरूप की योजनाएं तैयार करने जैसी बातों से प्रमुख लाभप्रदता संकेतकों में वृद्धि हुई. आपके बैंक ने अपनी भौगोलिक पहुँच बढ़ाकर और नवोन्मेषी योजनाएं व सेवाएं प्रदान करते हुए अपना ग्राहक आधार बढ़ाया. 31 मार्च 2012 को आपके बैंक की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमशः 16.63% एवं 15.32% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 2,10,493 करोड़ एवं ₹ 1,81,158 करोड़ रहे. समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक के कार्य-निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं **तालिका 1** में प्रस्तुत की गई हैं.

तालिका 1 : वित्तीय विशेषताएं

विवरण		(₹ करोड़)
वर्ष के अंत में	**2010-11**	**2011-12**
पूंजी	984.6	1,278.4
रिज़र्व और अधिशेष	13,582.0	18,148.7
जमाराशियां	1,80,485.8	2,10,492.6
उधार राशियां	51,569.6	53,477.6
अन्य देयताएं और प्रावधान	6,754.8	7,439.9
कुल देयताएं	**2,53,376.8**	**2,90,837.2**
नकदी और रिज़र्व बैंक के पास शेष	19,559.0	15,090.2
बैंकों के पास शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर देय राशि	1,207.0	2,967.4
निवेश	68,269.2	83,175.4
अग्रिम	1,57,098.1	1,81,158.4
अचल और अन्य परिसंपत्तियां	7,243.5	8,445.8
कुल परिसंपत्तियां	**2,53,376.8**	**2,90,837.2**
इस अवधि में	**2010-11**	**2011-12**
कुल आय	20,684.5	25,488.7
कुल व्यय (प्रावधान छोड़कर)	16,526.6	21,432.5
प्रावधान (कर छोड़कर)	1,876.9	1,426.5
कर-पूर्व लाभ	2,281.0	2,629.7
कर के लिए प्रावधान	630.7	598.1
कर-पश्चात् लाभ	1,650.3	**2,031.6**

** वर्तमान आयकर और आस्थगित आयकर को घटाकर*

लाभ एवं विनियोग

वित्तीय वर्ष अप्रैल 2011-मार्च 2012 के दौरान आपके बैंक द्वारा अर्जित सकल आय ₹ 25,488.7 करोड़ रही, जिसमें ₹ 23,369.9 करोड़ की ब्याज आय तथा ₹ 2,118.8 करोड़ की अन्य आय शामिल है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ₹ 18,825.1 करोड़ के ब्याज व्यय तथा ₹ 2,607.5 करोड़ के परिचालन व्यय के चलते प्रावधान व आकस्मिकताओं को छोड़कर कुल व्यय ₹ 21,432.5 करोड़ हो गया. वर्ष के दौरान कुल ₹ 2,024.6 करोड़ के प्रावधान किये गये, जिनमें अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों और निवेश के लिए ₹ 591.9 करोड़, पुनर्संरचित परिसंपत्तियों के लिए ₹ 263.7 करोड, मानक परिसंपत्तियों के लिए वृद्धिशील विवेकपूर्ण प्रावधान हेतु ₹ 231.9 करोड़ तथा कर के लिए ₹ 598.1 करोड़ शामिल हैं. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक का कर-पूर्व लाभ ₹ 2,629.7 करोड़ रहा. कराधान के लिए ₹ 598.1 करोड़ का प्रावधान करने के बाद कर-पश्चात् लाभ ₹ 2,031.6 करोड़ रहा. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर-पश्चात् लाभ का विनियोग **तालिका 2** में दिया गया है.

तालिका 2 : लाभ का विनियोग

विवरण		(₹ करोड़)
वर्ष के अंत में	**2010-11**	**2011-12**
वर्ष के लिए निवल लाभ	1,650.3	2031.6
आगे लाया गया लाभ	479.1	615.0
विनियोग के लिए उपलब्ध लाभ	2,129.4	2646.6
विनियोग	**2010-11**	**2011-12**
सांविधिक रिज़र्व में अंतरित	413.0	507.9
पूंजी रिज़र्व में अंतरित	1.5	17.0
सामान्य रिज़र्व में अंतरित	600.0	750.0
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अधीन सृजित एवं अनुरक्षित विशेष रिज़र्व में अंतरित	100.0	250.0
लाभांश		
- ईक्विटी शेयर *	344.6	388.7
- लाभांश पर कर **	55.3	60.3
तुलन पत्र में ले जाया गया शेष लाभ	615.0	672.6

** ईक्विटी शेयरों पर लाभांश में 2011-12 के दौरान प्रति शेयर ₹ 2/- की दर से अदा किया गया अंतरिम लाभांश शामिल है.*

*** लाभांश पर कर में 2011-12 के दौरान अंतरिम लाभांश पर अदा किया गया कर शामिल है.*

वर्ष के दौरान ₹ 10 अंकित मूल्य के प्रत्येक शेयर के लिए प्रति शेयर आय (ईपीएस) ₹ 20.6 रही और मार्च 2012 के अंत में प्रति शेयर बही मूल्य ₹ 137.24 रहा. निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए पूर्णतः प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी पर 35% लाभांश (अंतरिम आधार पर अदा किए गए 20% लाभांश सहित) की सिफारिश की है.

पूंजी पर्याप्तता

आपका बैंक बासेल-II अनुपालक है और इसलिए जोखिम भारित परिसंपत्तियों की तुलना में पूंजी के अनुपात (सीआरएआर) की गणना भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस संबंध में निर्धारित मानदंडों के अनुपालन में की जाती है. ऋण जोखिम की गणना के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाता है, बाजार जोखिम का निर्धारण अवधि मानकीकृत दृष्टिकोण पद्धति से किया जाता है और परिचालनगत जोखिम आकलन मूल संकेतक दृष्टिकोण पर आधारित है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान भारत सरकार ने ₹ 810 करोड़ की नई ईक्विटी पूंजी लगाई तथा ₹ 2,130.5 करोड़ के टीयर I बाँडों को ईक्विटी में रूपांतरित किया, जिसके परिणामस्वरूप मार्च 2012 के अंत में सरकार की ईक्विटी धारिता बढ़कर 70.52% हो गई. रिज़र्व बैंक द्वारा कुल सीआरएआर के लिए निर्धारित 9% के मानदंड और मूल सीआरएआर के लिए निर्धारित 6% के मानदंड की तुलना में आपके बैंक का कुल सीआरएआर मार्च 2012 के अंत में 8.38% के टीयर-I सीआरएआर के साथ 14.58% रहा.

संकल्प एवं ध्येय कथन

आपके बैंक ने अपने को यूनिवर्सल वाणिज्यिक बैंक के रूप में रूपांतरित करते हुए विगत वर्षों में कई संरचनात्मक व संगठनात्मक परिवर्तन किए हैं. इस सफर में आपके बैंक ने हमेशा ही अपने अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि का ध्यान रखा है. आपके बैंक ने अपनी मौजूदा प्रकृति को प्रतिबिंबित करने के लिए नए संकल्प व ध्येय कथन निरूपित किए हैं. आपके बैंक का संकल्प कथन है ''**सभी अंशधारकों के मूल्य में वृद्धि करते हुए सबसे पसन्दीदा और विश्वसनीय बैंक बनना**''. इस नए संकल्प कथन से आपके बैंक ने अपने सभी अंशधारकों के साथ एक साझा लक्ष्य निर्धारित कर लिया है.

पहले आपके बैंक का कोई अलग ध्येय कथन नहीं था, क्योंकि बैंक के संकल्प कथन में ही ध्येय अंतर्निहित था. संकल्प कथन में हुए परिवर्तन से सामंजस्य बिठाते हुए एक नए ध्येय कथन की रचना की गई, जोकि संस्था के दीर्घावधि व अल्पावधि लक्ष्यों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. तद्नुसार आपके बैंक का ध्येय कथन है:

- **उत्कृष्ट सेवा और बेहतरीन वित्तीय समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ ग्राहकों को आनंदित करना;**
- **कॉरपोरेट और इंफ्रास्ट्रक्चर वित्तपोषण में उत्कृष्टता को बनाये रखते हुए रिटेल क्षेत्र में पहुंच बढ़ाकर अधिक से अधिक लोगों के जीवन से जुड़ना;**
- **नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से कार्य करते हुए कॉरपोरेट अभिशासन के लिए आदर्श मॉडल बनना;**
- **कारोबार कार्यकुशलता में सुधार लाने और ग्राहक की अपेक्षाओं पर खरे उतरने के लिए विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी, प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं का प्रयोग करना;**
- **कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने, विकसित करने और कर्मठ एवं प्रतिबद्ध मानव संसाधन तैयार करने के लिए सकारात्मक, सक्रिय एवं कार्य-निष्पादन आधारित कार्य-संस्कृति को प्रोत्साहित करना;**
- **विश्व स्तर पर पहुंच को बढ़ाना;**
- **हरित संरक्षी बैंक बनने के लिए निरंतर प्रयास करना.**

ध्येय कथन में जो रास्ता बताया गया है उसमें सात ऐसे मूल तत्व हैं, जो इस नए संकल्प को मूर्त रूप देंगे. आपका बैंक श्रेष्ठ सेवाएं और समाधान प्रदान करने तथा नैतिक दृष्टि से उच्च स्तर बनाए रखने के लिए प्रयास करेगा. आपका बैंक एक ऐसा ज़िम्मेदार बैंक बनेगा जो अपनी सभी गतिविधियों द्वारा सामाजिक उत्थान में योगदान करता है. आपके बैंक का ध्यान सतत् प्रगति पर होगा और यह अपनी अनोखी व नवोन्मेषी योजनाओं एवं सेवाओं तथा पथ-प्रदर्शक प्रयासों के ज़रिए प्रत्येक ग्राहक को आह्लादित करना जारी रखेगा.

कारोबार रणनीति

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक की रणनीति रिटेल उधारियों में आक्रामक वृद्धि करने और कासा जमाराशियाँ बढ़ाने के लिए सुपुर्दगी चैनलों को व्यवस्थित करने पर केंद्रित रही. साथ ही आपके बैंक ने कॉरपोरेट बैंकिंग और निवेश बैंकिंग के क्षेत्र में भी अपना प्रभुत्व कायम रखा ताकि कॉरपोरेट क्षेत्र की आवश्यकताएं पूरी की जा सकें. आपके बैंक की सभी योजनाओं व सेवाओं की हर वर्ग के ग्राहकों को परस्पर बिक्री भी की गई ताकि उनसे सुदीर्घ व स्थायी संबंध बनाए जा सकें. वर्ष के दौरान आपके बैंक की रणनीति के फलस्वरूप विभिन्न लाभप्रदता मानदंडों में सुधार हुआ. विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कारोबारी स्थिति को सुदृढ़ किया गया ताकि मौजूदा उद्योग मानदंडों पर खरा उतरा जा सके.

प्रमुख कारोबारी पहल कार्य

आपके बैंक ने नई पीढ़ी के पूर्ण सेवावाले वाणिज्यिक बैंक के रूप में स्वयं को स्थापित करने के अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एक अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र सुगम बनाने के लिए उत्तरोत्तर एक

व्यापक खुदरा कारोबार पोर्टफोलियो के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा है. इसके अलावा दीर्घावधि आधार पर निरंतर संवृद्धि के लिए मजबूत नींव रखने तथा सांविधिक मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से आपके बैंक ने अपने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उधारियों के लिए पोर्टफोलियो बनाने की दिशा में पहल की. आपका बैंक कॉरपोरेट वित्त के क्षेत्र में विगत लगभग पाँच दशकों से अग्रणी रहा है. आपके बैंक ने कॉरपोरेट बैंकिंग पर अपना ध्यान लगाए रखा और अपनी योजनाओं व सेवाओं की परस्पर बिक्री पर विशेष जोर दिया. आपके बैंक ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर वसूली को बढ़ाते हुए सरकारी कारोबार के क्षेत्र में अपनी पैठ और भी गहरी की.

आपका बैंक रिटेल बैंकिंग खंड के ग्राहकों की विविध ज़रूरतों को पूरा करने के लिए देयता, परिसंपत्ति, पूँजी बाजार और थर्ड पार्टी प्रोडक्ट की विविध योजनाएं पेश करता है. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने प्री-पेड कार्ड के क्षेत्र में कई नए प्रोडक्ट शुरू किए. आपके बैंक ने नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ मिलकर नेशनल फाइनेंशियल स्विच (एनएफएस) नेटवर्क पर सहकारी बैंकों व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में एटीएम नेटवर्क का उपयोग करने का एक प्रोजेक्ट आरंभ किया है. इससे सहकारी बैंक व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने खातेधारकों को एटीएम कार्ड जारी कर उन्हें एनएफएस से जोड़ सकेंगे और वे देश भर में 84,000 से अधिक एटीएमों का उपयोग कर सकेंगे.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पात्र छात्रों को शैक्षणिक ऋण प्रदान करने के लिए देश भर की कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. आपका बैंक अजा / अजजा एवं अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाओं को अतिरिक्त रियायत प्रदान करता है.

आपके बैंक ने अपनी इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं वर्षों पहले अक्टूबर 2001 में शुरू कर दी थीं. तबसे इस चैनल का दायरा उत्तरोत्तर बढ़ता ही गया है और अब इसमें कई मूल्य-वर्धित सेवाएं जुड़ चुकी हैं. इंटरनेट बैंकिंग चैनल के माध्यम से की जानेवाली ऑनलाइन ख़रीदारी / ई-वाणिज्य को फिशिंग से जुड़ी धोखाधड़ियों से बचाने के लिए दिसंबर 2011 में बैंक ने ऑनलाइन शॉपिंग पासवर्ड (ओएसपी) सुरक्षा फीचर शुरू किया. आपके बैंक ने रिटेल नेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए ऑनलाइन पासवर्ड-जनरेशन सुविधा शुरू की है ताकि वे अपनी ओर से तुरंत लॉगिन कर लेन-देन पासवर्ड सृजित कर सकें तथा अपनी एक्सिस प्रोफाइल भी सेट कर सकें.

गुजरात राज्य की चार तालुकाओं में वित्तीय समावेशन परियोजना के तहत आपके बैंक ने अन्य कार्यों के साथ-साथ 'रुपय' प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से बनाया गया को-ब्रांडेड फोटो एटीएम कार्ड प्रवर्तित किया. इस कार्ड का उपयोग आपके बैंक के अलावा नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सदस्य बैंकों के एटीएमों पर भी लेन-देन हेतु किया जा सकता है.

आपका बैंक एमएसई ग्राहकों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सदैव प्रयासरत रहा है और उनकी ज़रूरतों के मुताबिक उत्पाद विकसित किए गए हैं. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने एमएसई व्यापारियों की चलनिधि स्थिति बढ़ाने के लिए 'लाइन ऑफ क्रेडिट टू वेंडर्स ऑफ कॉरपोरेट्स' योजना शुरूकी. एमएसई ग्राहकों को अपनी वित्तीय आवश्यकताएं पूरी करने व व्यावसायिक अवसरों को हासिल करने के लिए वित्तीय संस्थाओं, बैंकों व कॉरपोरेटों से आत्मविश्वास के साथ व्यवहार करने के लिए क्रेडिट रेटिंग के बढ़ते महत्व को देखते हुए आपके बैंक ने एमएसई ग्राहकों के लिए अधिमान्य दरों पर क्रेडिट रेटिंग देने के लिए क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लि. (केयर)के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.

आपके बैंक ने कर वसूली क्षमता में बढ़ोत्तरी लाने और ई-गवर्नेंस लागू करने के सरकार के दोहरे लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म कार्यान्वित किया है. आपके बैंक ने देश भर के 103 इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज (ईडीआई) में सीमा शुल्क के संबंध में ऑनलाइन भुगतान की सेवा जनवरी 2012 में आरंभ की. इसके चलते अब करदाता अपने केंद्रीय कर व शुल्क संबंधी सभी भुगतान आईडीबीआई बैंक के जरिए करने लगे हैं. इस प्रकार ऑनलाइन कर भुगतान के जरिए राजकोष के कर अभिदान में वृद्धि करने के मामले में आपका बैंक भारत सरकार का महत्वपूर्ण एजेंट बन गया है.

आपका बैंक देश का ऐसा पहला बैंक है, जिसने सरकारी प्रतिभूतियों के रिटेल निवेशकों के लिए इंटरनेट आधारित पोर्टल शुरू किया है. 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक' नामक इस पोर्टल को निवेशक वर्ग से अच्छा प्रतिसाद मिला है. आपके बैंक की इस अनुसरणीय पहल से निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों से मिलने वाले सुरक्षित, नकद और जोखिम रहित प्रतिलाभ प्राप्त करने का अवसर मिला है.

आपका बैंक डिम सुम मार्केट में प्रवेश करनेवाली भारत की ही नहीं, बल्कि अन्य उभरते बाजारों की भी पहली संस्था बन गई है. नवंबर 2011 में आपके बैंक ने 4.5% की नियत ब्याज दर पर 3 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाले 650 मिलियन रेनमिन्बी (आरएमबी) राशि के डिम सुम बॉंड जारी किए. इस निर्गम से वैश्विक नियत आय निवेशकों का आपके बैंक के प्रति विश्वास प्रमाणित होता है.

संगठनात्मक संरचना

आपके बैंक ने संगठनात्मक संरचना को सुदढ़ करने पर जोर देना जारी रखा, जिसके तहत ग्राहक से संबंध और सेवा को ही बैंकिंग का सार माना जाता है. तद्नुसार आपका बैंक वर्तमान में ''ग्राहक संकेंद्रित वर्टिकल'' मॉडल के अनुरूप गठित है, जोकि बेहतर सेवाएं मुहैया कराने में सक्षम है. इस मॉडल से ग्राहक संपर्क प्रबंध बढ़ाने, ऋण वितरण में सुधार लाने और उपयुक्त व लाभदायक कारोबार की ओर ध्यान देने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है.

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान विशेष कॉरपोरेट शाखाओं सहित 157 नई शाखाएं खोली गईं जिससे 31 मार्च 2012 को देशी शाखाओं की संख्या 972 तक पहुँच गई. इसके अलावा डीआईएफसी, दुबई में एक अंतर्राष्ट्रीय शाखा भी है. देशी शाखा नेटवर्क में 264 महानगरीय शाखाएं, 377 शहरी शाखाएं, 236 अर्ध-शहरी शाखाएं तथा 95 ग्रामीण शाखाएं हैं.

निदेशक मंडल

आपके बैंक के निदेशक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 1956 और बैंक के संस्था अन्तर्नियमों से शासित होता है और यह स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार में वर्णित एक अच्छे कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं को पूरा करता है. बोर्ड स्वयं और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2012 को आपके बैंक के बोर्ड में छः निदेशक थे, जिनमें दो कार्यपालक निदेशक (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक सहित), एक गैर-कार्यपालक निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशक थे. आपके बैंक के बोर्ड का कोई भी निदेशक बैंक के बोर्ड के किसी अन्य निदेशक से किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है.

शीर्ष समितियां

बोर्ड की कुल आठ समितियां अर्थात् कार्यपालक समिति, लेखापरीक्षा समिति, शेयरधारक/ निवेशक शिकायत निवारण समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, जोखिम प्रबंध समिति, ग्राहक सेवा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति और पारिश्रमिक समिति हैं, जो बैंक के कारोबार और परिचालन से संबद्ध विभिन्न कामकाजी पहलुओं का निरीक्षण करती है.

कॉरपोरेट अभिशासन

आपका बैंक कॉरपोरेट अभिशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियां अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. आपके बैंक की यह मान्यता है कि उचित कॉरपोरेट अभिशासन सिर्फ नियामक अनुपालन की आवश्यकता मात्र नहीं है बल्कि शेयरधारिता मूल्य में वृद्धि के लिए एक सुसाध्य कारक भी है. आपके बैंक में अपनाई जा रही कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट में प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण के अंतर्गत एक अलग खंड के रूप में दिया गया है.

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2ए) के अंतर्गत कथन

ऐसा कोई कार्मिक पूरे वर्ष बैंक की सेवा में नहीं रहा जिसे ₹ 60 लाख से अधिक वार्षिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. इसके अतिरिक्त, बैंक की सेवा में वर्ष की किसी आंशिक अवधि के लिए ऐसा कोई कार्मिक नहीं था जिसे बैंक की सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह ₹ 5 लाख से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त हुआ हो. ऊर्जा संरक्षण और प्रौद्योगिकी अपनाने से संबंधित अधिनियम की धारा 217 (1) (ई) के प्रावधान आपके बैंक पर लागू नहीं होते हैं.

निदेशकों की जिम्मेदारी के संबंध में कथन

निदेशक मंडल एतद्द्वारा यह घोषणा और पुष्टि करता है कि :

क) लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है. साथ ही तात्त्विक रूप से अनुसरण न किये गये मामलों में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों को अपनाया है और उन्हें सुसंगत रूप से प्रयुक्त किया है तथा ऐसे निर्णय लिए एवं अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण थे, ताकि लेखा वर्ष के अंत में आपके बैंक की स्थिति और इसी अवधि में आपके बैंक के लाभ अथवा हानि की सही एवं उचित तस्वीर पेश की जा सके;

ग) निदेशकों ने आपके बैंक की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए विनियामक प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डों के रख-रखाव के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती है;

घ) निदेशकों ने चालू संस्था के आधार पर लेखे तैयार किये हैं.

आभार

आपके बैंक का निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीए) और अन्य सभी सांविधिक / विनियामक प्राधिकरणों को उनके बहुमूल्य सहयोग और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता है. निदेशक मंडल राज्य सरकारों और अन्य बैंकिंग / वित्तीय संस्थाओं का भी उनके द्वारा दिये गये सहयोग और सहायता के लिए आभार मानता है. निदेशक मंडल विभिन्न बहुपक्षीय संस्थाओं और अंतरर्राष्ट्रीय बैंकों / संस्थाओं से समय-समय पर मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता है. बोर्ड अपने सभी शेयरधारकों और ग्राहकों को भी वर्ष के दौरान उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद देता है और आने वाले वर्षों में भी उनसे निरंतर सहयोग की आशा करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को बैंकिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. बैंक के प्रयत्नों को मिली सराहना के लिए बोर्ड इन सभी संगठनों/ एजेंसियों का आभारी है. निदेशक मंडल अपने समस्त स्टाफ की निष्ठापूर्ण और समर्पित सेवाओं की सराहना करता है और आपके बैंक के कार्य-निष्पादन में सुधार लाने में उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 21 अप्रैल 2012

आर.एम. मल्ला
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

Directors' Report : 2011-12

The Board of Directors of your Bank takes pleasure in presenting its Report on the business and operations of your Bank for the financial year ended March 31, 2012.

During the financial year 2011-12, the performance of your Bank has shown considerable growth on different fronts driven by strategic policy initiatives; expansion in branch network, focus on improved customer service delivery, superior product characteristics, which has resulted in improvement in key profitability indicators. Your Bank was able to widen its customer base both by expanding its outreach, as also by providing a range of innovative products and services. As on March 31, 2012 aggregate deposits and advances of your Bank touched ₹ 2,10,493 crore and ₹ 1,81,158 crore reflecting a growth of 16.63% and 15.32%. The Performance highlights of your Bank for the period under review are presented in **Table 1.**

Table 1 : Financial Highlights

Particulars		**(₹ in Crore)**
As at year-end	**2010-11**	**2011-12**
Capital	984.6	1,278.4
Reserves & Surplus	13,582.0	18,148.7
Deposits	1,80,485.8	2,10,492.6
Borrowings	51,569.6	53,477.6
Other Liabilities & Provisions	6,754.8	7,439.9
Total Liabilities	**2,53,376.8**	**2,90,837.2**
Cash & Balances with RBI	19,559.0	15,090.2
Balances with Banks and Money at Call & Short Notice	1,207.0	2,967.4
Investments	68,269.2	83,175.4
Advances	1,57,098.1	1,81,158.4
Fixed & Other Assets	7,243.5	8,445.8
Total Assets	**2,53,376.8**	**2,90,837.2**
For the period	**2010-11**	**2011-12**
Total Income	20,684.5	25,488.7
Total Expenses (other than provisions)	16,526.6	21,432.5
Provisions (other than tax)	1,876.9	1,426.5
Profit Before Tax	2,281.0	2,629.7
Provision for Tax*	630.7	598.1
Profit After Tax	1,650.3	**2,031.6**

** Net of Current Income Tax and Deferred Income Tax*

Profit and Appropriations

During the financial year April 2011 - March 2012, gross income of your Bank increased to ₹ 25,488.7 crore with contribution of interest income at ₹ 23,369.9 crore and other income at ₹ 2,118.8 crore. Interest expenses of ₹ 18,825.1 crore and operational expenses of ₹ 2,607.5 crore, led to total expenditure, excluding provisions and contingencies, of ₹ 21,432.5 crore during FY 2011-12. Total provisions during the year were at ₹ 2,024.6 crore, which includes ₹ 591.9 crore towards provision for bad & doubtful debts and investments, ₹ 263.7 crore towards restructured assets, ₹ 231.9 crore towards incremental prudential provisions for standard assets, and ₹ 598.1crore towards tax. The Profit before Tax (PBT) of your Bank during the FY 2011-12 stood at ₹ 2,629.7 crore. After making a provision of ₹ 598.1 crore towards taxation, Profit after Tax (PAT) amounted to ₹ 2,031.6 crore. The appropriation of PAT as approved by the Board of Directors is given in **Table 2**.

Table 2 : Appropriation of Profits

Particulars		**(₹ in Crore)**
As at year-end	**2010-11**	**2011-12**
Net Profit for the year	1,650.3	2,031.6
Profit brought forward	479.1	615.0
Profit available for Appropriations	2,129.4	2,646.6
Appropriations	**2010-11**	**2011-12**
Transferred to Statutory Reserve	413.0	507.9
Transferred to Capital Reserve	1.5	17.0
Transferred to General Reserve	600.0	750.0
Transferred to Special Reserve created and maintained u/s 36(1)(viii) of IT Act, 1961	100.0	250.0
Dividend		
- Equity Shares*	344.6	388.7
- Tax on Dividend**	55.3	60.3
Balance of Profit carried to Balance Sheet	615.0	672.6

**Dividend on equity shares includes interim dividend of ₹ 2/- per share paid during 2011-12.*

***Tax on dividend includes tax on interim dividend paid during 2011-12.*

For each share with face value of ₹ 10, Earning Per Share (EPS) during the year stood at ₹ 20.6 and Book Value Per Share stood at ₹ 137.24 as at end-March 2012. The Directors have pleasure in recommending dividend at 35% (including 20% paid on interim basis) on the fully paid-up equity share capital for the financial year 2011-12.

Capital Adequacy

Your Bank is Basel-II compliant and the Capital to Risk weighted Assets Ratio (CRAR) is computed in adherence to norms prescribed by RBI in this regard. Credit Risk is computed using the Standardised Approach, Market Risk is measured by using Duration Standardised Approach and Operational Risk measure is Basic Indicator Approach. During FY 2011-12, the equity shareholding of Government of India has increased to 70.52% as at end-March 2012 through infusion of fresh equity capital to the extent of ₹ 810 crore and conversion of Tier I Bonds of ₹ 2,130.5 crore into equity. Against the stipulated RBI norm of 9% for total CRAR and 6% for core CRAR, your Bank's total CRAR worked out to 14.58 % with Tier-I CRAR of 8.38 % as at end-March 2012.

Vision and Mission Statement

Over the years, your Bank has undergone a number of structural and organizational changes while transforming itself into a universal commercial bank. The journey of your Bank has always encompassed enhancing value for all its stakeholders. In order to reflect of the current ethos of your Bank, new Vision and Mission Statement have been crafted. The new vision statement of your Bank is ***"To be the most preferred and trusted bank enhancing value for all stakeholders".*** With the new vision statement, your Bank has formalized a goal to share a common dream with all the stakeholders of the Bank.

Previously, there was no separate Mission statement as the Vision statement itself incorporated the mission of the Bank. Also, in consonance with the change in the Vision Statement, a new Mission statement was crafted, in line with the organization's long-term and short-term goals. Accordingly, the mission statement of your Bank is:

- ***Delighting customers with our excellent service and comprehensive suite of best-in-class financial solutions;***
- ***Touching more people's lives with our expanding retail footprint while maintaining our excellence in corporate and infrastructure financing;***
- ***Continuing to act in an ethical, transparent and responsible manner, becoming the role model for corporate governance;***
- ***Deploying world class technology, systems and processes to improve business efficiency and exceed customers' expectations;***
- ***Encouraging a positive, dynamic and performance-driven work culture to nurture employees, grow them and build a passionate and committed work force;***
- ***Expanding our global presence;***
- ***Relentlessly striving to become a greener bank.***

The mission statement which charts the route map has seven key elements which will make the new vision come to reality. Your Bank will strive to provide best in class services and solutions, and maintain high standards of ethical values. Your Bank will be a responsible bank that contributes to social sustainability in all its activities. The focus of your Bank would be on continuous growth and it will continue to delight every customer by its unique and innovative products and services and pioneering efforts.

Business Strategy

Your Bank's strategy during the year under review focused on aggressive growth in Retail lending and repositioning of delivery channels to realize higher CASA deposits. At the same time, your Bank sought to maintain its leadership position in the corporate banking and investment banking space, so as to meet the requirements of the corporate sector. Specific focus was laid on cross selling of your Bank's entire product and service offerings across the entire range of customers, so as to build sustainable and stable relationships. Your Bank's strategy during the year resulted in improvement in various profitability parameters and consolidated its business position across various benchmarks, so as to bring them more in line with the prevailing industry standards.

Key Business Initiatives

Your Bank continued to target a progressively larger retail business portfolio to facilitate a more balanced business mix, in keeping with its intended positioning as a full-service new generation commercial bank. Further, in order to build a strong foundation for sustainable growth on long term basis, as also ensure compliance with regulatory norms, your Bank took initiatives to build up its priority sector lending portfolio. Your Bank has been a pioneer in the field of Corporate Finance for the last nearly five decades. Your Bank has maintained its focus on corporate banking and laid specific emphasis on cross-selling of your Bank's diverse range of products and services. Your Bank increased substantially its presence in government business and enabled higher direct and indirect tax collections.

Your Bank offers a bouquet of Liability, Asset, Capital Market and Third Party products aimed at meeting the customized needs of customers in the Retail Banking segment. Your Bank introduced a number of products in the pre-paid cards arena during the year under review. Your Bank has initiated a project on facilitating usage of ATM network to Co-operative Banks and RRBs on National Financial Switch (NFS) network in association with National Payments Corporation of India (NPCI). This would enable Co-operative Banks and RRBs to issue ATM cards to their account holders and get connected to the NFS network to have access to more than 84,000 ATMs across India.

Your Bank entered into MOUs with several reputed educational institutions across India for granting educational loans to eligible students during the year. Your Bank is also offering additional concessions to girl students from SC/ST and Minority communities.

Your Bank had launched its Internet Banking services way back in October 2001. Since then, the ambit of this channel has progressively broadened to include several value-added services**.** Keeping in view the need to secure online shopping/e-commerce based transactions initiated through the internet banking channel from phishing related frauds, an Online Shopping Password (OSP) security feature has been introduced by the Bank from December 2011. Your Bank also introduced an online password-generation facility for the Retail Net Banking customer, to instantly create their own login and transaction password and also set their access profile.

As part of a Financial Inclusion project in four Talukas of Gujarat, your Bank has, *inter alia,* launched a specially designed Co-branded Photo ATM Card on 'Rupay' Platform. The Card can be used for ATM transactions at your own as well as other Bank ATMs that are members of National Payment Corporation of India (NPCI).

Your Bank has constantly endeavored to cater to the diverse needs of its MSE clients and has continuously been developing customized MSE products. During FY 2011-12, your Bank introduced a new product, viz., "Line of Credit to Vendors of Corporates" that augments the liquidity position of MSE vendors. Considering the growing importance of credit rating for MSE clients, which enhances the confidence in MSEs while dealing with financial institutions, banks and corporates for their financial needs and business opportunities, your Bank signed an MoU with Credit Analysis and Research Ltd. (CARE) for credit rating of the MSE customers at preferential rate.

Your Bank has put in place a state-of-the-art Technology Platform which is supporting the Government's dual objective of improvement of tax collection efficiency and e-governance. Your Bank had gone live in January 2012 in providing online duty payment services in respect of Customs Duty for all the 103 Electronic Data Interchange (EDI) locations across the country. With this development, taxpayers are now in a position to route all of their Central Taxes and Duties payments through IDBI Bank, making your Bank an important Agent in its pursuit of partnering the Government of India in enabling online tax payments and enhancing the tax contribution to the Exchequer.

Your Bank became the first ever Bank in the country to launch an internet based portal dedicated to retail investors in Government Securities. The portal, named "IDBI Samriddhi G-Sec" has been received favourably by the investor class. This trend setting initiative by your Bank offers retail investors the opportunity to benefit from the safety, liquidity and risk free returns that Government Securities offer.

Your Bank became the first entity from India as also other emerging markets to access foreign currency funds in the Dim Sum Market. In November 2011, your Bank raised Renminbi (RMB) 650 million 4.5% fixed rate Dim Sum Bonds for 3 year maturity. This issue provides testimony to the faith reposed by global fixed income investors in your Bank.

Organizational Structure

Your Bank has continued its thrust on improving organizational structure, which places customer relationship and service at the centre of all banking initiatives. Accordingly, your Bank is currently organized on the lines of "customer focused vertical" model, capable of delivering improved services. The model has achieved significant success in enhancing customer relationship management, improving credit delivery and bringing sharper focus to business lines which are sustainable and remunerative.

With the addition of 157 branches during FY 2011-12, including Specialized Corporate Branches, the total number of domestic branches went up to 972 as on March 31, 2012 in addition to one overseas branch at DIFC, Dubai. Of the domestic branch network, 264 are located in metropolitan centres, 377 in urban centres, 236 in semi-urban centres and 95 in rural centres.

Board of Directors

Your Bank's Board of Directors is broad based and its constitution is governed by the provisions of the Banking Regulation Act, 1949, the Companies Act, 1956, the Articles of Association of the Bank and satisfies the requirements of good corporate governance as envisaged in the Listing Agreement with the Stock Exchanges. The Board functions

directly as well as through various Board Committees constituted to provide focussed governance in important functional areas of the Bank.

As on March 31, 2012, the Board of Directors of your Bank comprised of six Directors with two Executive Directors (including the Chairman & Managing Director and the Deputy Managing Director), one Non Executive Director and three Independent Directors. No Director on the Board of your Bank is in any way related to any other Director on the Board of the Bank.

Apex Committees

The Board has in all eight committees, viz., Executive Committee, Audit Committee, Shareholders'/Investors' Grievance Committee, Frauds Monitoring Committee, Risk Management Committee, Customer Service Committee, Information Technology Committee and Remuneration Committee, to oversee various functional aspects of the Bank's business and operations.

Corporate Governance

Your Bank is committed to adopting the best practices in the area of corporate governance. Your Bank believes that proper corporate governance is not just a requirement for regulatory compliance, but also a facilitator for enhancement of stakeholders' value. The details of corporate governance practices followed in your Bank are given in this Annual Report as a separate section under the Management Discussion and Analysis.

Statement under Section 217(2A) of the Companies Act, 1956

There were no personnel in the services of the Bank for the whole year, who were in receipt of remuneration of over ₹ 60 lakh per annum. Further, there were no personnel, who were in the service of the Bank for part of the year, received remuneration in excess of ₹ 5 lakh per month for the period they were in the service of the Bank.

The provisions of Section 217(1) (e) of the Act relating to conservation of energy and technology absorption do not apply to your Bank.

Directors' Responsibility Statement

The Board of Directors hereby declares and confirms that:

a. in the preparation of accounts, the applicable accounting standards had been followed along with proper explanation relating to material departure;

b. the Directors had adopted such accounting policies and applied them consistently and made judgments and estimates that are reasonable and prudent so as to give a true and fair view of the state of affairs of your Bank at the end of accounting year and of the profit or loss of your Bank for that year;

c. the Directors had taken proper and sufficient care for the maintenance of adequate accounting records, in accordance with the regulatory provisions, for safeguarding the assets of your Bank and for preventing and detecting fraud and other irregularities;

d. the Directors had prepared the accounts on a going concern basis.

Acknowledgements

The Board of Directors of your Bank expresses its sincere thanks to the Government of India, Reserve Bank of India (RBI), Securities and Exchange Board of India (SEBI), Insurance Regulatory and Development Authority (IRDA) and all other Statutory/ Regulatory Authorities for their valuable co-operation and guidance. The Board also acknowledges the co-operation and support rendered by various State Governments and other banking/financial institutions. The Board thanks various multilateral institutions and international banks/ institutions for their periodic support. The Board takes this opportunity to thank all its shareholders and customers for extending their support during the year and looks forward to their continued association in the years ahead. During the financial year, the Bank has received various recognitions and accolades for its excellence in banking domain. The Board indeed is thankful to all such organizations/agencies for their appreciation of the Bank's efforts. The Board appreciates the sincere and devoted services displayed by its entire staff and highly values their commitment in improving your Bank's performance.

Place : Mumbai
Date : April 21, 2012

R. M. Malla
Chairman & Managing Director

प्रबंध विवेचना एवं विश्लेशण

MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि की संभावनाएं आर्थिक पुनरुत्थान के नाजुक स्वरूप को प्रतिबिम्बित करते हुए गिरावट के पर्याप्त जोखिम के साथ मंद रहीं. हालांकि यूएसए तथा जापान में आर्थिक सुधारों को गति मिली, तथापि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उच्च स्तर का घाटा बना रहा. संप्रभु ऋण संकट में तेजी और यूरो जोन क्षेत्र में हल्की मंदी ने व्यापार, वित्त तथा विश्वास चैनलों के माध्यम से उन्नत तथा विकासशील, दोनों बाजारों की आर्थिक संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाला. मध्य पूर्व तथा उत्तर अफ्रीका में राजनीतिक हलचल से ऊर्जा की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में तेजी आयी है जिससे खाद्य की वैश्विक कीमतों में वृद्धि हुई है. उभरते तथा विकासशील बाजारों में बढ़ते स्फीतिकारी दबावों के चलते उनकी वृद्धि की गति नरम पड़ गयी है.

ऋण दशाओं में कड़ाई, यूरोपीय बैंकों के साख विस्तार में कमी, पुनर्वित्तपोषण जोखिमों तथा वैश्विक वित्तीय स्थिरता जोखिमों के आविर्भाव के परिणामस्वरूप वैश्विक वित्तीय बाजारों में मंदी व्याप्त रही. उभरती तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को अंतर्राष्ट्रीय पूंजी अंतर्वाह में तीव्र उलटाव का सामना करना पड़ा, साथ ही स्फीतिकारी दबावों पर अंकुश लगाने की दिशा में मौद्रिक नीतिगत कड़ाई के चलते निधीयन लागतों में वृद्धि का भी सामना करना पड़ा. दीर्घकालिक सुधारों से विश्व व्यापार काफी प्रभावित हुआ. विकसित अर्थव्यवस्थाओं द्वारा लागू किये गये राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों तथा राजकोषीय मितव्ययिता उपायों को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने से भी मध्यम से दीर्घावधि में वृद्धि संभावनाओं पर और प्रभाव पड़ने की आशंका है.

देशी आर्थिक परिदृश्य

विगत दो वर्षों में 8.4% की जोरदार जीडीपी वृद्धि दर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान वास्तविक वृद्धि दर घटकर 6.5% हो गई. उच्च तथा सतत् स्फीतिकारी दबाव, जो एक हद तक वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक सामान्य हो गए, उनके चलते मौद्रिक नीति में कड़ाई आवश्यक हो गयी जिससे अर्थव्यवस्था में निवेश तथा औद्योगिक उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा. वृद्धि दर में सुधार की मंथर गति का प्रमुख कारक बचत तथा निवेश दरों में गिरावट है. चालू खाता शेष में वृद्धि और पूंजी प्रवाह में गिरावट के चलते रुपये का तीव्र मूल्यह्रास हुआ है. राजस्व व्यय और सब्सिडी भार में वृद्धि के कारण राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9% हो जाने से राजकोषीय स्थिति कमजोर हो गयी है.

संपदा क्षेत्र

सकल देशी उत्पाद (जीडीपी)

केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन (सीएसओ) के संशोधित अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि गति में मंदी दिखाई दे रही है, जोकि पिछले नौ वर्षों में दर्ज की गई सबसे धीमी वृद्धि है. पिछले दो वर्षों के दौरान जो वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.4 % थी, वह वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान संकुचित होकर 6.5% रह गई है. इस गिरावट की मुख्य वजह देशी संरचनात्मक तथा चक्रीय कारकों के साथ वैश्विक अनिश्चितता रही है. भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक मंदी के दौर में काफी समुत्थानशील रही, लेकिन गिरावट से स्वयं को पूरी तरह से बचा नहीं सकी. जीडीपी के क्षेत्र-वार अलग-अलग विवरण में विगत समय में काफी परिवर्तन आया है. चालू आंकड़े समग्र जीडीपी में सेवा क्षेत्र का बढ़ता योगदान दर्शाते हैं. सेवा क्षेत्र का हिस्सा वित्तीय वर्ष 2010-11 के 58% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2011-12 में 59% हो गया. जबकि औद्योगिक उत्पादन का हिस्सा सिकुड़कर जीडीपी का 27% रह गया और कृषि क्षेत्र का हिस्सा 14% रहा. सेवा क्षेत्र, समग्र जीडीपी में बढ़ते हुए हिस्से के साथ वृद्धि का प्रमुख संवाहक रहा. तथापि, तेजी के बावजूद इस क्षेत्र में वृद्धि की रफ्तार धीमी रही. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उठाये गये कड़े मौद्रिक उपायों से आर्थिक वृद्धि मंद हुई है, घरेलू मांग कम हुई है और अर्थव्यवस्था में निवेश तथा औद्योगिक कार्यकलाप कम हुए हैं. तथापि, राजकोषीय स्थिति सुनिश्चित करने में नीति निर्माताओं का ध्यान अर्थव्यवस्था को संकट-पूर्व उच्च वृद्धि की पटरी पर वापस लाने पर होगा.

औद्योगिक परिदृश्य

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के अनुसार आकलित औद्योगिक वृद्धि दर में संकटोत्तर अवधि के दौरान उतार-चढ़ाव की प्रवृत्ति दर्ज की गयी. अमेरिकी तथा यूरोपीय देशों में कमज़ोर आर्थिक सुधार और निष्क्रिय देशी कारोबारी धारणाओं से चालू वर्ष में औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि प्रभावित हुई. कड़े मौद्रिक उपायों, बढ़ती निविष्टि लागतों, विशेषकर खनन क्षेत्र में आपूर्ति - पक्ष की अड़चनों और निवेश मांग में नरमी के चलते औद्योगिक उत्पादन मंद रहा. समग्र रूप में अप्रैल - मार्च 2012 के दौरान वृद्धि दर विगत वर्ष की अनुरूपी अवधि की 8.2% की तुलना में 2.8% थी. उपयोग - आधारित श्रेणी में समग्र कार्य-निष्पादन कंपनियों द्वारा अर्थव्यवस्था में पूंजीगत माल क्षेत्र में निवेश दर्शाता है और साथ ही जैसाकि उपभोक्ता माल क्षेत्र द्वारा प्रतिबिम्बित होता है, उपभोक्ताओं की ओर से अनिच्छा के कारण अर्थव्यवस्था में मंद मांग भी दर्शाता है.

रेखाचित्र 1: आईआईपी की खंडवार वृद्धि (%)



मुद्रास्फीति

भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले दो वर्षों से उच्च स्फीतिकारी दबावों से जूझ रही है. सभी प्रमुख नीतिगत उपाय मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने की दिशा में तैयार किये गये हैं जो रिज़र्व बैंक के सुविधाजनक स्तर से काफी ऊंची रही है. वृद्धि तथा मुद्रास्फीति गति के बीच संतुलन बिठाना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष अत्यंत कठिन कार्य रहा है. थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति मुख्यतः खाद्य मुद्रास्फीति द्वारा संचालित

रही जिसका कुल थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में 14.3% भार है. समस्या उस समय बढ़ गयी जब खाद्य मुद्रास्फीति खाद्येतर मुद्रास्फीति (मूल मुद्रास्फीति) तक फैल गयी जिसके लिए प्रमुख नीतिगत कार्रवाई आवश्यक हो गई. रिज़र्व बैंक ने प्रभावी मौद्रिक नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक तत्पर भूमिका अदा की है. मार्च 2010 से तेरह बार मौद्रिक नीति में कड़ाई की गयी जिससे नीतिगत ब्याज दर में 375 आधार बिंदु की वृद्धि हुई है. मौद्रिक नीति में कड़ाई का विलंबकारी प्रभाव दिसंबर 2011 और जनवरी 2012 में महसूस किया गया जब थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति लगभग 24 महीने तक दो अंकों के आसपास बनी रहने के बाद घट गयी. प्रमुख मुद्रास्फीति भी मार्च 2012 महीने में घटकर 6.89% हो गयी जबकि पिछले राजकोषीय वर्ष की अनुरूपी अवधि में यह 9.68% थी. तथापि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से जोखिम और रुपये के मूल्यह्रास के विलंबकारी पास - थ्रू के प्रभाव, ऊर्जा एवं उर्वरक में दमित मुद्रास्फीति और संभावित राजकोषीय फिसलन से भारी आशंका बनी हुई है. इसके अलावा, उत्पाद शुल्क और सेवा कर में वृद्धि और ईंधन एवं उर्वरक सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने से स्फीतिकारी दबाव पुनः उत्तेजित हो सकते हैं. कच्चे तेल की अस्थिर अंतर्राष्ट्रीय कीमतें भी घरेलू मुद्रास्फीति के लिए भारी जोखिम प्रस्तुत करती हैं.

चलनिधि और ब्याज दरें

भारतीय बैंकिंग प्रणाली पूरे वर्ष के दौरान चलनिधि के घाटे की स्थिति में रही. संरचनात्मक मुद्दों के चलते बैंकिंग प्रणाली में घाटा दिसंबर 2011 तक बढ़कर ₹ 1 लाख करोड़ हो गया और फिर 31 मार्च 2012 को बढ़कर ₹ 2 लाख करोड़ (लगभग) के चरम स्तर पर पहुंच गया. रिज़र्व बैंक ने चलनिधि पर दबाव को कम करने और अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को ऋण की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खुले बाजार परिचालन (ओएमओ), नकदी प्रारक्षित अनुपात में कमी और बैंकों को उनकी आधिक्य सांविधिक चलनिधि अनुपात धारिताओं पर सीमांत स्थायी सुविधा के अंतर्गत निधियां प्राप्त करने की अनुमति देने जैसे उपाय शुरू किये. मुख्यतः उच्च मुद्रास्फीति के कारण प्रतिकूल बाजार दशाओं और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उठाये गये परिणामी मौद्रिक कड़ाई उपायों, सरकार द्वारा घोषित अतिरिक्त बाजार उधारियों, यूरो क्षेत्र सॉवरिन संकट से उत्पन्न कारकों और चलनिधि की स्थिति बिगड़ने से बांड बाजार में अस्थिरता आयी और बांड प्रतिफल में वृद्धि हुई.

विदेशी मुद्रा भंडार और विनिमय दरें

31 मार्च 2012 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 294.4 बिलियन यूएस डालर रहा जो मार्च 2011 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार की तुलना में 10.4 बिलियन यूएस डालर कम है. विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का मुख्य कारण विदेशी मुद्रा बाजार में रुपये का तीव्र मूल्यह्रास और चालू खाता घाटे के बढ़ जाने तथा पूंजी अंतर्वाह में गिरावट के कारण भुगतान संतुलन पर दबाव है. विदेशी मुद्रा बाजार में बाह्य अर्थव्यवस्थाओं से उत्पन्न काफी अस्थिरता देखी गयी. हालांकि यूएस डालर - भारतीय रुपये की विनिमय दर वर्ष के प्रारंभ में सामान्यतः स्थिर रही, लेकिन जब यूरो क्षेत्र का संकट गहराया और विदेशी निवेशकों में जोखिम से बचने की भावना उत्प्रेरित हुई तो भारतीय अर्थव्यवस्था से पूंजी निकालने की प्रवृत्ति देखी गयी. तेल की आपूर्ति में अनिश्चितता, निर्यात की मात्रा में गिरावट, कठोर मुद्रास्फीति और फैक्टरी उत्पादन में गिरावट के चलते रुपये का तीव्र मूल्यह्रास हुआ.

भावी संभावना

भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि की गति नवीकृत वैश्विक आर्थिक मंदी द्वारा तीव्र रूप से प्रभावित हुई. यूरो क्षेत्र संकट, मंद घरेलू आर्थिक स्थितियों के साथ अमेरिका में मंदी जैसे अंतर्राष्ट्रीय कारकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि में तेजी पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है. मुद्रास्फीति का प्रबंधन सरकार के सभी नीतिगत उपायों का केंद्र-बिंदु रहा है. यह कठोर मौद्रिक परिदृश्य में परिणत हुआ और औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आघात है जो ऊंची ब्याज दर और कच्चे माल की ऊंची कीमतों से पहले ही दबाव में था. खाद्य की ऊंची कीमत, आपूर्ति बाधाओं, ब्याज दरों में मजबूती, मूल कच्चे माल एवं तेल की लागत सहित बढ़ती निविष्टि लागत और कमजोर पूंजी बाजार से निवेश कार्यकलापों की गुंजाइश सीमित होने की आशंका है.

उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में निरंतर दबाव से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि संभावनाओं के और मंद पड़ने की आशंका है. बढ़ते राजकोषीय भार और राजस्व संग्रहण की सीमित संभावनाओं के कारण अतिरिक्त राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने की गुंजाइश भी सीमित है. केंद्रीय बजट 2012-13 में वर्धित कर और शुल्क के माध्यम से संसाधन संग्रहण बढ़ाकर राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है. यद्यपि इससे सरकार के खजाने में वृद्धि हो सकती है, इसमें स्फीतिकारी दबावों को फिर से बढ़ाने की संभाव्यता है. परिणामतः अर्थव्यवस्था में बचत दर प्रभावित होगी जिसमें पिछले वर्ष गतिरोध देखने को मिला है. बजट-निर्धारित योजनाओं से किसी विचलन का अर्थव्यवस्था के वास्तविक क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है.

धुंधली संभावनाओं के साथ भारत अब भी विश्व में तेजी से बढ़ती एक अर्थव्यवस्था बना हुआ है. स्फीतिकारी दबावों को कम करने के लिए आपूर्ति पक्ष की अड़चनों को दूर करने के लिए किये जा रहे उपायों और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रगति से स्थितियां एक अधिक अनुकूल वृद्धि-मुद्रास्फीति गतिकी में सहायक हो सकती हैं. तथापि, यदि जोखिम बढ़ता है तो स्फीतिकारी दबाव, जो कम हो रहा है, पुनः उभर सकता है. आगामी वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक प्रमुख चिंता उच्च वृद्धि की राह पर लौटना है. यह कई आर्थिक कारकों पर निर्भर है. इन कारकों में अर्थव्यवस्था में स्फीतिकारी दबावों को कम करना, मुद्रास्फीति का प्रभावी आपूर्ति-पक्ष प्रबंधन और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. इन पहलुओं पर विशेष ध्यान से मौद्रिक नीति चक्र में उलटाव आयेगा और निवेश व्यय तथा कारोबार धारणा उन्नत होगी, औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश तथा पूंजी अंतर्वाह आकर्षित होगा और इस प्रकार आर्थिक वृद्धि के पुनरुत्थान की नींव पड़ेगी.

खुदरा वित्त

आपके बैंक ने नई पीढ़ी के पूर्ण सेवावाले वाणिज्यिक बैंक के रूप में स्वयं को स्थापित करने के अपने उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एक अधिक संतुलित कारोबार संमिश्र सुगम बनाने के लिए उत्तरोत्तर एक व्यापक खुदरा कारोबार पोर्टफोलियो के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा है. इसके अनुसरण में आपका बैंक वर्तमान में देयता, परिसंपत्ति, पूंजी बाजार तथा अन्य पक्षकार उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करता है. देयता उत्पादों में बचत खाते, चालू खाते, खुदरा मीयादी जमा, आवर्ती जमा आदि शामिल हैं. पेश किये जा रहे परिसंपत्ति उत्पादों में अन्य के साथ-साथ आवास ऋण, बंधक ऋण, वैयक्तिक ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण आदि शामिल हैं. आपका बैंक कई कार्ड उत्पाद जैसे इंटरनेशनल डेबिट कार्ड, गिफ्ट कार्ड, कैश कार्ड तथा वर्ल्ड करेंसी कार्ड भी पेश करता है. पूंजी बाजार तथा अन्य पक्षकार उत्पाद / सेवाएं जैसे डिमैट खाता, म्यूचुअल फंड, बीमा उत्पाद (जीवन तथा सामान्य दोनों), सरकारी / रिज़र्व बैंक बांड, अवरुद्ध खाते द्वारा समर्थित आवेदन (असबा) प्रक्रिया के माध्यम से आईपीओ, निवेश सलाह, व्यापार अर्जन कारोबार, नई पेंशन योजना, लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) और भारत सरकार वरिष्ठ नागरिक बचत योजना 2004 (एससीएसएस) भी आपके बैंक के खुदरा बैंकिंग चैनल के माध्यम से मुहैया करायी जाती हैं. आपका बैंक अनिवासी भारतीयों के लिए अनन्य उत्पाद जैसे एनआरई / एनआरओ / एफसीएनआर बैंक खाते, विप्रेषण सेवाएं, पोर्टफोलियो निवेश योजना (पीआईएस) तथा निवेश सम्बद्ध उत्पाद भी उपलब्ध कराता है. उत्पादों की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है और मौजूदा उत्पादों में संशोधन / नवोन्मेषण / ग्राहकोन्मुखीकरण और साथ ही नये उत्पादों की शुरुआत भी नियमित आधार पर की जाती है.

खुदरा बैंकिंग क्षेत्र में कारोबारी पहलें शाखा नेटवर्क तथा कुशल श्रम-शक्ति की दृष्टि से समर्थनकारी बुनियादी सुविधाओं द्वारा उपयुक्त रूप से संपूरित हैं. राजकोषीय वर्ष के अंत में आपके बैंक की घरेलू पहुंच में 972 शाखाएं शामिल थीं, जिनमें महानगरीय केंद्रों में 264 शाखाएं, शहरी केंद्रों में 377, अर्द्धशहरी केंद्रों में 236 और ग्रामीण केंद्रों में 95 शाखाएं शामिल हैं. इसके अलावा, आपके बैंक के पास डीआईएफसी, दुबई में एक पूर्णतः परिचालनरत समुद्रपारीय शाखा है. आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान 151 नई शाखाएं खोलीं.

ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने अपने वैकल्पिक वितरण चैनलों को बढ़ाना जारी रखा. आपके बैंक का एटीएम नेटवर्क जो 31 मार्च 2011 के अंत में 1351 था, वह 31 मार्च 2012 के अंत में बढ़कर 1542 हो गया.

खुदरा देयता उत्पाद खंड में आपके बैंक ने उभरती ग्राहक जरूरतों के मुताबिक नये उत्पाद तैयार करना और कम लागत वाली निधियों के सम्पूरक को बढ़ाना जारी रखा है. कासा श्रेणी में, आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान तीन नये उत्पादों अर्थात् "बीइंग मी", "रॉयल प्लस" तथा ''गैर-कृषक तथा भूमिहीन श्रमिक - बचत बैंक खाता एवं ओवरड्राफ्ट सुविधा'' की शुरुआत की. इंटरनेशनल डेबिट कार्ड से युक्त युवा बचत खाता ''बीइंग मी'' की शुरुआत विश्व युवा दिवस के असवर पर की गई थी. इसका उद्देश्य आज के युवकों में वित्तीय स्वावलम्बन, वैयक्तिकता तथा जिम्मेदारी का भाव संपोषित करना था.

अपने बचत खाते में अपेक्षाकृत अधिक शेष रखने वाले ग्राहकों के प्रति आपके बैंक की ओर से आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से ₹ 5 लाख से अधिक औसत तिमाही शेष रखने वाले ग्राहकों के लिए व्यापक आईडीबीआई रॉयल खाता श्रेणी के भीतर अधिमान्य / मूल्य-योजक सुविधाओं से युक्त एक नया "रॉयल प्लस" बचत खाता सृजित किया गया.

अधिक समावेशी बैंकिंग के अनुसरण में आपके बैंक ने ''गैर-कृषक तथा भूमिहीन श्रमिक - बचत बैंक खाता एवं ओवरड्राफ्ट सुविधा'' नामक एक नये उत्पाद का शुभारंभ किया. इसके अंतर्गत समाज के अपेक्षाकृत असुविधायुक्त वर्गों को ऋण आवश्यकताओं तथा आकस्मिकताओं को पूरा करने के लिए ₹ 10,000/- तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा के साथ बचत खाते के लाभ मिलते हैं.

मीयादी जमा खंड में आपके बैंक ने अपनी मौजूदा योजनाओं में तीन और नए उत्पाद शामिल किए, जो इस प्रकार हैं: मोटर एक्सिडेंट ट्रिब्युनल फिक्स्ड डिपॉज़िट, सुविधा सुरक्षा रेकरिंग डिपॉज़िट (एसएसआरडी) एवं गोधुली फिक्स्ड रिटेल टर्म डिपॉज़िट (जीआरटीडी).

मोटर एक्सिडेंट ट्रिब्युनल द्वारा मंजूर की गई राशियों को हासिल करने के लिए इस प्रकार की निधियों के लिए उच्चतम ब्याज दर पेश करते हुए मोटर एक्सिडेंट ट्रिब्युनल फिक्स्ड डिपॉज़िट योजना शुरू की गई. वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण व सुविधा के प्रति प्राथमिकता दर्शाते हुए ''गोधुली फिक्स्ड रिटेल टर्म डिपॉज़िट (जीआरटीडी)'' नामक नई योजना शुरू की गई. यह योजना 55 से 60 वर्ष की उम्र वाले भावी वरिष्ठ नागरिकों के लिए है, जिसके अंतर्गत जमाकर्ता की उम्र 60 वर्ष होते ही उनके द्वारा समय-पूर्व एफडी तुड़वाए बिना वरिष्ठ नागरिकों को देय अतिरिक्त दर से ब्याज मिलने लगेगा. इस खंड के अंतर्गत उन्हें आपके बैंक में आवर्ती जमा रखने पर सामान्य ब्याज दरों से 50 आधार बिंदु अधिक ब्याज भी मिलेगा.

आवर्ती जमा खंड के अंतर्गत ''सुविधा सुरक्षा रेकरिंग डिपॉज़िट'' नामक नई योजना शुरू की गई. इस योजना में मीयादी जमा के साथ जीवन बीमा सुरक्षा भी शामिल है.

आपका बैंक एनआरआई ग्राहकों के साथ अपने संबंधों को ख़ासा महत्व देता है इसीलिए इसने इस खंड में अपना बाज़ार हिस्सा बढ़ाने के लिए कई कदम उठाते हुए संबंधों को प्रगाढ़ बनाया और इस मामले में सफलता भी हासिल की. आपके बैंक ने वेस्टर्न यूनियन के साथ मिलकर विप्रेषण हेतु कतिपय विदेशी मुद्रा विनिमय प्रदाताओं के साथ व्यवस्था निर्मित की. आपके बैंक ने एनआरआई ग्राहकों को पोर्टफोलिओ निवेश योजना (पीआईएस) सेवाएं प्रदान करने हेतु पीआईएस के तहत कई

शीर्ष स्टॉकब्रोकरों के साथ समझौता करते हुए गठबंधन किया. आपके बैंक ने खाड़ी देशों से विप्रेषण करवाने के लिए विभिन्न एक्सचेंज केंद्रों से भी समझौता किया. आपके बैंक ने एनआरआई कारोबार हासिल करने के लिए जीसीसी देशों के एक्सचेंज हाउस में बैंक अधिकारी तैनात करने की योजना लागू की. एनआरई एफडी की ब्याज दरों पर से नियंत्रण हट जाने के फलस्वरूप आपके बैंक ने एनआरआई ग्राहक आधार बढ़ाने के लिए एनआरई एफडी पर प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें तय कीं.

खुदरा वित्त के क्षेत्र में आपके बैंक ने अपने वितरण चैनल को विस्तार देते हुए वर्ष के दौरान टीयर-II व टीयर-III श्रेणी के शहरों में 13 नए खुदरा परिसंपत्ति केंद्र (आरएसी) खोले. वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों की संवेदनाओं को तवज्जो देना जारी रखा. इस सिलसिले में अक्टूबर 2011 में आपके बैंक ने होम लोन व ऑटो लोन में फेस्टिव ऑफर पेश किए. इस फेस्टिव अवधि के दौरान ऋण के आकार के अनुसार ब्याज दर में 25 से 50 आधार बिंदु कम किए गए. बाद में यह अवधि 31 मार्च 2012 तक बढ़ा दी गई. इसके अलावा आपके बैंक के ग्राहकों को आंशिक स्थिर दर का लाभ प्रदान करने की दृष्टि से 'फिक्स्ड फर्स्ट होम लोन' नामक योजना चालू की गई, जिसके तहत आवास ऋणों पर संयुक्त रूप से स्थिर व अस्थिर ब्याज दरें ऑफर की जाती हैं.

ऑटो लोन खंड में अपनी पकड़ मज़बूत करने व मौजूदा देयता ग्राहकों से प्रगाढ़ संबंध बनाने हेतु आपके बैंक ने अक्टूबर से दिसंबर 2011 के दौरान विशेष फेस्टिव अभियान चलाया. इसके तहत ऑटो लोन ग्राहकों को ब्याज दर में 100 आधार बिंदु की रियायत देते हुए कार्रवाई शुल्क माफ कर दिया गया.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने पात्र छात्रों को शैक्षणिक ऋण प्रदान करने के लिए देश भर की कई शैक्षणिक संस्थाओं के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. आपका बैंक अजा / अजजा एवं अल्पसंख्यक समुदाय की महिला विद्यार्थियों को अतिरिक्त रियायत प्रदान करता है. आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत उसे सौंपे गए गांवों के छात्रों के लिए रियायती ब्याज दर और विशेष हामीदारी मानदंडों के साथ विशेष शैक्षणिक ऋण योजना तैयार की है.

आपके बैंक ने आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और निम्न आय समूह (एलआईजी) को रियायती आधार पर आवासीय व शैक्षणिक सुविधाएं मुहैया कराने संबंधी सरकार की पहल के समर्थन में ठोस कार्रवाई करते हुए शहरी निर्धनों के लिए ब्याज उपदान योजना (ईशप), आवास ऋण हेतु 1% आर्थिक सहायता, राजीव गाँधी ग्रामीण निवारा योजना, शैक्षणिक ऋण हेतु केंद्रीय ब्याज उपदान योजना (आरजीजीएनवाय) जैसी सरकार द्वारा प्रायोजित कई योजनाओं में भाग लिया.

आपके बैंक ने एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग आदि जैसे वैकल्पिक बैंकिंग चैनलों को मजबूत करना जारी रखा ताकि ग्राहक को अपने परिचालनों के लिए शाखा पर कम निर्भर रहना पड़े और वह चौबीसों घंटे सेवाओं का लाभ उठा सके. बैंक के नज़रिये से देखें तो शाखा चैनल की अपेक्षा इस चैनल से लेन-देन करना किफायती होता है. वैकल्पिक चैनल एवं व्यापार अर्जन कारोबार से आपके बैंक को मौजूदा संबंधों को प्रगाढ़ करने व नए संबंध बनाने के अलावा शुल्क-आधारित आय बढ़ाने में भी मदद मिलती है.

आपके बैंक में इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं वर्षों पहले अक्टूबर 2001 में शुरूहुईं थीं, तभी से इस चैनल के ज़रिए इसका दायरा बढ़ता ही गया और इसमें निम्नलिखित सेवाएं जुड़ गईं: खाता जानकारी, एफडी व आरडी खोलना, खाते का विवरण, निधि अंतरण, ऑन-लाइन कर भुगतान, ऑनलाइन खरीदारी / बिल भुगतान, कार्ड से कार्ड धन अंतरण, मोबाइल रिचार्ज, वायुयान / रेल टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग, ऑनलाइन आईपीओ अस्बा, प्रतिभूतियों की ऑनलाइन ट्रेडिंग व डीमैट / भारत सरकार बांड परिचालन.

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान नेट बैंकिंग सुविधा उन अवयस्क खातों को भी दी गई जिनका संचालन नैसर्गिक संरक्षक करते हैं. अलबत्ता पॉवर किड्ज़ खातों के लिए यह सुविधा नहीं रखी गई, जहाँ खातों का परिचालन अवयस्क खुद करते हैं. इंटरनेट बैंकिंग चैनल के माध्यम से की जानेवाली ऑनलाइन ख़रीदारी / ई-वाणिज्य को फिशिंग से जुड़ी धोखाधड़ियों से बचाने के लिए दिसंबर 2011 में बैंक ने ऑनलाइन शॉपिंग पासवर्ड (ओएसपी) सुरक्षा शुरू की. आपके बैंक ने रिटेल नेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए ऑनलाइन पासवर्ड-जनरेशन सुविधा शुरू की है ताकि वे अपनी ओर से तुरंत लॉगिन कर लेन-देन पासवर्ड सृजित कर सकें तथा अपनी एक्सिस प्रोफाइल भी सेट कर सकें. इस सुविधा से ग्राहकों को यह लाभ हुआ कि फिज़ीकल / प्रिंटेड पासवर्ड प्राप्त होने में लगने वाला वक्त खत्म हुआ और बैंक के स्टेशनरी, स्टाफ, कुरियर, प्रिंटिंग व प्रेषण जैसे अन्य बुनियादी व्यय कम हुए.

आपका बैंक उन चुनिंदा शुरुआती बैंकों में से है जिन्होंने 2001 में मोबाइल बैंकिंग सेवा के ज़रिए प्रश्न-आधारित सूचना सेवा शुरू की थी. इसके बाद अकाउंट अलर्ट सेवा आरंभ की गई ताकि बैंक के ग्राहक अपने खातों के संबंध में इच्छानुसार विभिन्न लेन-देनों / गतिविधियों के बारे में एसएमएस अलर्ट प्राप्त कर सकें. बैंक ने देश की प्रमुख एम-कॉमर्स संस्था पेमेट के साथ मिलकर दिसंबर 2008 में मोबाइल भुगतान सुविधा आरंभ की. इस मोबाइल भुगतान सुविधा के ज़रिए आपके बैंक के ग्राहक पेमेट की सरल, सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान सेवा का लाभ उठा सकते हैं. ग्राहक अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर उपयोगिता बिलों का भुगतान, वायुयान / रेल्वे टिकट की खरीद, रेस्त्रां बिलों का भुगतान कर सकते हैं तथा ऑनलाइन खरीदारी, मोबाइल रिचार्ज व पेमेट में पंजीकृत देश भर के 15,000 मर्चेंटों से खुदरा खरीदारी कर सकते हैं.

आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और संबंधित क्षेत्र के गांवों में बैंकिंग योजनाओं / सेवाओं की बिक्री हेतु वर्ष के दौरान एटीएम / आई-नेट बैंकिंग सुविधाओं से युक्त मोबाइल वैन सेवा शुरू की.

आपके बैंक ने नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ मिलकर नेशनल फाइनेंशियल स्विच (एनएफएस) नेटवर्क पर सहकारी बैंकों व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में एटीएम नेटवर्क का उपयोग करने का एक प्रोजेक्ट आरंभ किया है. इस मॉडल के तहत आपका बैंक एनएफएस पर सहकारी बैंकों व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को एटीएम नेटवर्क का उपयोग करने के लिए प्रायोजक बैंक की भूमिका निभाएगा. इससे सहकारी बैंक व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अपने खातेधारकों को एटीएम कार्ड जारी कर उन्हें एनएफएस से जोड़ सकेंगे और वे देश भर में 84,000 एटीएमों का उपयोग कर सकेंगे.

समीक्षाधीन वर्ष में आपके बैंक ने कई प्री-पेड कार्ड प्रोडक्ट आरंभ किए. शुरुआत में अगस्त 2011 में बैंक के नए कॉरपोरेट वेतन खातों के लिए आईडीबीआई मैजिक कार्ड नामक लीक से हटकर प्रोडक्ट शुरू किया. इसके अंतर्गत क्रेडिट लिमिट के साथ डेबिट कार्ड के फीचर हैं, किंतु इसका शुल्क सामान्य क्रेडिट कार्ड से भी कम है. वर्ष के दौरान 18 से 25 वर्ष आयु समूह के युवाओं के लिए 'बीइंग मी डेबिट कार्ड' शुरू किया गया.

ग्राहक आह्लाद को ध्यान में रखकर सतत् अपने प्रोडक्टों का विकास करने का सिलसिला आगे बढ़ाते हुए वैश्विक पर्यटकों के लिए मास्टरकार्ड प्लेटफॉर्म पर 'ग्लोबल करेंसी कार्ड' (जीसीसी) नामक एक नया विदेशी मुद्रा प्री-पेड ट्रेवल कार्ड शुरू किया गया. मौजूदा वर्ल्ड करेंसी कार्ड (डब्ल्यूसीसी) केवल वीज़ा प्लेटफॉर्म पर ही कार्य करता है. इस कार्ड का उपयोग 1.9 मिलियन मास्टरकार्ड / मास्ट्रो / सिरस एटीएमों पर नकदी आहरण व बैलेंस जानकारी के लिए किया जा सकता है. इस कार्ड को 210 देशों में कार्ड स्वीकारने वाले 32.9 मिलियन केंद्रों पर ऑनलाइन ख़रीदारी करने के लिए किया जा सकता है. इस कार्ड के साथ बीमा संबंधी लाभ भी जुड़े हुए हैं. शुरुआत में यह प्रोडक्ट केवल अमरीकी डॉलर में ही पेश किया जाएगा, बाद में इसे कई करेंसियों से जोड़ा जाएगा. डब्ल्यूसीसी और जीसीसी, दोनों ही कार्डधारकों को यात्री चेक की सुविधा, एटीएम कार्ड की सुरक्षा और क्रेडिट कार्ड की स्वीकारोक्ति, तीनों चीज़ें एकसाथ मुहैया कराते हैं. इन कार्डों का उपयोग विदेश में वीज़ा / मास्टरकार्ड स्वीकारनेवाले सभी एटीएमों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर किया जा सकता है.

आपके बैंक ने फरवरी 2012 में इट्ज़ कैश कार्ड्स लि. के साथ मिलकर 'फ्रीडम प्री-पेड कार्ड' नामक को-ब्रांडेड प्री-पेड कार्ड शुरू किया. इसे मास्टरकार्ड प्लेटफॉर्म पर सामान्य प्रयोजन के लिए रिलोड किया जा सकता है. यह कार्ड एटीएमों पर नकदी आहरण करने, भौतिक रूप से उपस्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पीओएस पर खरीदारी करने तथा द्वितीय कारक अधिप्रमाणन की अतिरिक्त सुरक्षा वाली ई-कॉमर्स वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रयोग किया जा सकता है. इस कार्ड की शुरुआत समाज के वर्ग विशेष ख़ास तौर पर युवा वर्ग के लिए की गई थी, जो नकद भुगतान कर सामान व सेवाएं हासिल करना चाहता है.

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने वीज़ा / मास्टरकार्ड के सहयोग से विनिर्दिष्ट विक्रय बिंदु (पीओएस) आउटलेट पर डेबिट कार्ड के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु कैश बैक ऑफर जैसी कई प्रोत्साहन गतिविधियाँ शुरू कीं.

गुजरात राज्य की चार तालुकाओं में वित्तीय समावेशन योजना के तहत आपके बैंक ने अन्य कार्यों के साथ-साथ 'रुपय' प्लेटफॉर्म पर विशेष रूप से बनाया गया को-ब्रांडेड फोटो एटीएम कार्ड शुरू किया. इस कार्ड का उपयोग आपके बैंक के अलावा नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के सदस्य बैंकों के एटीएमों पर भी किया जा सकता है.

आपका बैंक अपने ग्राहकों को उनके जोखिम प्रोफाइल व वित्तीय लक्ष्यों के मद्देनज़र मूल्य-योजित सेवाएं प्रदान करने का निरंतर प्रयत्न करता है. आपके बैंक ने अपने ग्राहकों को विविध वित्तीय उत्पाद प्रदान करने के लिए आईडीबीआई म्यूचुअल फंड सहित 35 असेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के साथ गठजोड़ किया है. आपका बैंक पूंजी अभिलाभ, भारत सरकार के बांड और विभिन्न करमुक्त एवं कर बचत बांड जैसी नियत आय प्रतिभूतियों का भी वितरक है. आपका बैंक पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के पंजीकृत पॉइंट ऑफ प्रज़ेंस (पीओपी) के रूप में सूचीबद्ध है. यह योजना सुरक्षित और लचीली है. इसे भारत सरकार द्वारा नागरिकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय स्रोत के रूप में शुरू किया गया है. आपके बैंक ने पीएफआरडीए की एनपीएस योजना के अंतर्गत कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए हाल ही में शुरू किए गए 'कॉरपोरेट माड्युल' के लिए सिस्टम्स तैयार कर लिए हैं. इससे वे अपने कर्मचारियों को सह-अंशदायी पेंशन लाभ प्रदान कर सकेंगे.

ग्राहकों की निवेश और बीमा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए आपका बैंक आईडीबीआई फेडरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के माध्यम से विभिन्न ग्राहक खंडों के अनुरूप जीवन बीमा समाधान उपलब्ध कराता है. आपका बैंक बजाज अलायंज़ जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एजेंट के रूप में परिसंपत्तियों, स्वास्थ्य व व्यक्तिगत दुर्घटना जैसे गैर-जीवन बीमा उत्पाद भी पेश करता है.

वित्तीय समावेशन

भारत सरकार द्वारा परिकल्पित वित्तीय समावेशन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए आपके बैंक ने 31 मार्च 2013 को समाप्त होनेवाले पहले तीन वर्षों के लिए वित्तीय समावेशन योजना (एफआईपी) शुरू की है. आपका बैंक वित्तीय वर्ष 2012 तक महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्र दादरा-नगर हवेली के 2000 से अधिक जनसंख्या वाले आबंटित सभी 119 गाँवों को कवर कर चुका है. इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान 1000 से 2000 के बीच की जनसंख्या वाले कुछ और गाँवों को भी एसएलबीसी से आबंटित किए जाते ही इसके अंतर्गत शामिल किया जाएगा.

आपके बैंक की वित्तीय समावेशन योजना कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) मॉडल के ज़रिए सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी (आईसीटी) आधारित

स्मार्ट कार्ड द्वारा लागू की जा रही है. वित्तीय समावेशन अभियान के लिए विभिन्न भौगोलिक खंडों / केंद्रों में प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) की सेवाएं ली जा रही हैं. ये प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता बीसी / ग्राहक सेवा बिंदुओं (सीएसपी) के प्रबंधन सहित संपूर्ण समाधान प्रदान करेंगे. बैंकिंग सुविधा से वंचित गांवों के सभी ग्राहकों को बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) निर्देशों के अनुसार बायोमैट्रिक स्मार्ट कार्ड प्रदान किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग दस कार्य शामिल करने की क्षमता है. 31 मार्च 2012 के अंत तक वित्तीय समावेशन के अंतर्गत आपके बैंक ने 42,079 खाते खोले. इन खातों में औसतन ₹ 741/- प्रति लेन-देन की दर से प्रति-दिन 113 लेन-देन हुए.

आपके बैंक ने सभी गाँवों में कारोबार प्रतिनिधियों की अंतर-परिचालनात्मकता की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए वित्तीय समावेशन के तहत आबंटित गाँवों में से कुछ में ग्राहकों के लेन-देन के लिए ऑनलाइन समाधान की शुरुआत की. आगे चलकर सभी 119 गाँव इस ऑनलाइन मोड में लाए जाएंगे. वित्तीय समावेशन के अंतर्गत बुनियादी सेवाएं पेश करने के अलावा वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों के लिए शैक्षणिक ऋण, मीयादी जमा, आवर्ती जमा और 'ग्रामीण सुरक्षा' नामक सूक्ष्म बीमा उत्पाद भी पेश किए. इसके अलावा वर्ष के दौरान आपके बैंक ने वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशानुसार एफआईपी के अधीन 16 गाँवों में अति लघु शाखाएं (यूएसबी) भी खोलीं. यूएसबी का अर्थ है ग्राम पंचायत कार्यालय द्वारा बैंक अधिकारी के लिए जगह मुकर्रर कर दी जाती है जो सप्ताह के किसी तयशुदा दिन तयशुदा समय पर आकर ग्रामीणों की बैलेंस पूछताछ, ऋण पूछताछ, ऋण आवेदनों पर कार्रवाई, वसूली अनुवर्ती कार्रवाई आदि विभिन्न बैंकिंग आवश्यकताएं पूरी करते हैं. धीमे-धीमे सभी आबंटित गाँवों में यूएसबी स्थापित कर दिए जाएंगे, जहाँ बुनियादी बैंकिंग सेवाएं तो बीसी मॉडल के जरिए पहले से ही उपलब्ध हैं. इसके अलावा शहरी वित्तीय समावेशन के तहत बैंक की पहुँच को विस्तार देने तथा लाभों के इलेक्ट्रॉनिक अंतरण के सरकार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वर्ष के दौरान आपके बैंक ने रायपुर नगर निगम से स्मार्ट कार्ड के जरिए लगभग 22,000 पेंशनरों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के लिए अधिदेश प्राप्त किया. उक्त बीसी पश्चिम बंगाल के 24 दक्षिण परगना जिले की 2 पंचायतों की बैंकिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए नियुक्त किए गए हैं. आपका बैंक कुछ अन्य सरकारी निकायों से भी ऐसी साझेदारियाँ जुटाने की कोशिश कर रहा है.

आपका बैंक रिज़र्व बैंक / भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक के ग्राहकों को 'आधार' कार्ड जारी करने व इस कार्ड के साथ अपने खाते जोड़ने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के पंजीयक के रूप में कार्य कर रहा है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने विभिन्न भौगोलिक केंद्रों के लगभग 1 लाख ग्राहकों का इस हेतु पंजीयन किया. वित्तीय वर्ष 2013 के दौरान आपके बैंक को बड़ी संख्या में पंजीयन मिलने की संभावना है.

आपका बैंक बैंकिंग सुविधा से वंचित जनसंख्या को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना चाहता है, ताकि उन्हें वित्तीय सेवाएं प्राप्त करने, बचत करने, निवेश करने, अपनी अर्जन क्षमता बढ़ाने व उद्यमिता कौशल बढ़ाने के अवसर मिल सकें. इसलिए आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत टाटा इंस्टीट्यूट फॉर सोशल साइंस (टिस) से समझौता किया है, जिसके अंतर्गत बैंक ने टिस स्नातकों के लिए 15 फेलोशिप प्रायोजित की हैं. ये स्नातक गाँवों में तैनात होंगे. 'ग्रामीण रूपांतरण फेलोशिप कार्यक्रम (आरटीएफपी)' के तहत प्रत्येक फेलो को गाँवों का एक समूह आबंटित किया जाएगा, जहाँ वे गाँवों का सामाजिक-आर्थिक सर्वे कर बैंक के वित्तीय समावेशन संबंधी पहल कार्यों के मार्फत ग्रामीणों को सहायता प्रदान करेंगे. आरटीएफपी का मुख्य कार्य लोगों को निम्नलिखित के बारे में जागृत करना है (i) वित्तीय बाज़ार तक पहुँच, (ii) ऋण बाज़ार तक पहुँच और (iii) वित्तीय मामले सीखना (वित्तीय शिक्षण). फेलोशिप के दौरान फैलो को अन्य बातों के साथ-साथ गाँव की समग्र प्रोफाइल बेसलाइन के रूप में तैयार करनी होगी, जिसमें वित्तीय जागरूकता व साक्षरता, सामाजिक उद्यमिता विकास, क्षमता निर्माण आदि पर फोकस करते हुए सीमांत व वंचित समूहों के लिए पायलट प्रोजेक्ट व अन्य कार्य किए जाएंगे.

आपके बैंक को "ग्रामीण रूपांतरण सहभागिता कार्यक्रम" (आरटीएफपी) के ज़रिए विकास वित्त द्वारा गरीबी में कटौती लाने हेतु एडफिएप (एशिया व प्रशांत क्षेत्र की विकास वित्त संस्थाओं के संगठन) द्वारा पुरस्कृत किया गया है.

एमएसई पहल कार्य

आपके बैंक ने दीर्घावधि विकास के लिए मजबूत नींव तैयार करने के लिए सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर विशेष ज़ोर व महत्व देना ज़ारी रखा. राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में एमएसई की भूमिका के महत्व को पहचानते हुए आपके बैंक ने एमएसएमई के सूक्ष्म व लघु खंडों पर ज़ोर देना ज़ारी रखा, जिन्हें बैंक अपने विकास का संवाहक मानता है. एमएसएमई ग्राहकों तक पहुंच कर उन्हें एमएसई बैंकिंग सुविधाओं का आसानी से लाभ उठाने में सहयोग देने हेतु आपके बैंक ने अपने नियमित शाखा नेटवर्क के अलावा 30 प्रमुख शहरों / क्लस्टरों में समर्पित एमएसई सहायता केंद्र स्थापित किए हैं.

आपका बैंक एमएसई ग्राहकों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रयत्नरत रहा है और समय-समय पर इसने ज़रूरत के मुताबिक एमएसएमई उत्पाद विकसित किए हैं. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने एमएसई व्यापारियों की चलनिधि स्थिति बढ़ाने के लिए 'लाइन ऑफ क्रेडिट टू वेंडर्स ऑफ कॉरपोरेट्स' योजना शुरू की, जोकि मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण कड़ी है. ऋणों की किफायती दर पर उपलब्धता एमएसई के लिए हमेशा ही चिंता का विषय रहा है. इस बात को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने एमएसई ग्राहकों के लिए रेटिंग से संबद्ध मूल्य-निर्धारण शुरूकिया ताकि वे आकर्षक व प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर ऋण सुविधा हासिल कर सकें. उपर्युक्त पहल कार्यों के चलते वर्ष के दौरान आपके बैंक के एमएसई कारोबार में लगभग 50% वृद्धि हुई.

एमएसई ग्राहकों को अपनी वित्तीय आवश्यकताएं पूरी करने व व्यावसायिक अवसरों को हासिल करने के लिए वित्तीय संस्थाओं, बैंकों व कॉरपोरेटों से आत्मविश्वास के साथ व्यवहार करने के लिए क्रेडिट रेटिंग के बढ़ते महत्व को देखते हुए आपके बैंक ने एमएसई ग्राहकों के लिए अधिमान्य दरों पर क्रेडिट रेटिंग देने के लिए क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लि. (केयर) के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. साथ ही आपके बैंक ने भारत सरकार के एमएसई मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय के साथ सूक्ष्म व बृहत् उद्यमियों के जरिए रोजगार / स्व-रोजगार प्रोत्साहन हेतु एमओयू किया, जिसके तहत स्वयं सेवी संगठन (एनजीओ) व्यापार संबंधी उद्यमिता सहायता एवं विकास (ट्रेड) योजना के तहत सूक्ष्म व बृहत् ऋण कार्यक्रम लागू करने हेतु अपनी क्षमता बढ़ा सकेंगे.

राष्ट्र के विकास में एमएसएमई क्षेत्र के महत्व को देखते हुए आपके बैंक ने वर्ष के दौरान विभिन्न औद्योगिक संगठनों व गैर-लाभार्थी संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न व्यापारिक मेलों व एमएसएमई विकास कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग लिया.

कृषि एवं ग्रामीण विकास

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उप-क्षेत्र है. कृषि से हमारी विशाल ग्रामीण जनसंख्या को रोज़गार मिलता है और हमारे देश की खाद्य सुरक्षा में इसका विशेष महत्व है. इसीलिए कृषि क्षेत्र को राष्ट्रीय अजेंडे में महत्वपूर्ण स्थान मिला है. हमारे देश के समक्ष प्रमुख चुनौतियों में से एक यह भी है कि हमारी बढ़ती आबादी के लिए बेहतर गुणवत्ता के भोजन की निरंतर बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए कृषि क्षेत्र की उत्पादकता कैसे बढ़ाई जाए? इसीलिए आपका बैंक यह मानता है कि कृषि उधार महज व्यावसायिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के ग्रामीण व कृषि विकास में सहभागिता का एक अवसर है.

आपके बैंक ने समर्पित 'कृषि कारोबार समूह' के अंतर्गत देश भर में अधिकारियों का नेटवर्क तैयार किया है ताकि हमारे कृषक समुदाय को ज्ञान-आधारित ऋण प्रदाय कर कृषि की उत्पादकता बढ़ाई जा सके तथा हमारी ग्रामीण आबादी का जीवन-स्तर बेहतर हो सके. वर्तमान में आपके बैंक में कृषि कारोबार 21 एग्री प्रोसेसिंग केंद्रों से जुड़ी 334 शाखाओं के ज़रिए किया जाता है, जो त्वरित निपटान व शीघ्र निर्णय हेतु सात समर्पित क्षेत्रीय कार्यालयों को रिपोर्ट करती हैं.

आपके बैंक के कृषि कारोबार में किसानों या किसान समूहों को प्रत्यक्ष ऋण देना तथा कृषि उत्पाद के प्रसंस्करण में लगे कॉरपोरेटों या सहकारी समितियों तथा कृषि क्षेत्र को सहयोग करने वाली इकाइयों को सहायता देना आदि शामिल हैं. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने खुदरा कृषि उधार में वांछित लचीलेपन व नियंत्रण के साथ सरलीकृत दस्तावेजीकरण प्रक्रिया शुरूकी तथा मंजूरी और वितरण प्रणाली को सरल व कारगर बनाया. इससे आपके बैंक को अपना खुदरा कृषि आधार बढ़ाने में मदद मिली. आपके बैंक ने कृषि व खाद्य प्रसंस्करण कार्यकलापों से जुड़े कॉरपोरेटों व सहकारी समितियों के साथ गठजोड़ किया ताकि बड़ी संख्या में कृषकों से जुड़कर देश भर में अपना खुदरा आधार मज़बूत किया जा सके. विशेष रूप से देश के सुदूर अंचल के कृषकों तक पहुँचने के लिए आपके बैंक ने ऐसे केंद्रों पर व्यवसाय सुलभकर्ता नियुक्त किए.

आपके बैंक ने अपनी ग्रामीण शाखाओं के अधीन आने वाले गाँवों में किसान क्लब के गठन को बढ़ावा देना ज़ारी रखा. आपका बैंक किसान क्लब के सदस्यों को खेती से जुड़े ज़मीनी कार्यकर्ता मानता है तथा जिन गतिविधियों के ज़रिए वे किसानों में ज्ञान बाँटते हैं, उन सभी के लिए सहयोग भी प्रदान करता है.

आईडीबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सातारा

आपके बैंक ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार महाराष्ट्र के सातारा जिले में पहला ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आईडीबीआई - आरएसईटीआई) स्थापित किया है. यह संस्थान 31 अक्टूबर 2011 से इस जिले में ग्रामीण बेरोज़गार युवाओं के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है. प्रशिक्षण में कौशल और उद्यमिता विकास पर ज़ोर दिया जाता है ताकि वे खुद लघु उद्यम स्थापित कर सकें. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आईडीबीआई - आरएसईटीआई में आठ प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ज़रिए 224 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया.

आईडीबीआई कृषि एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट

आपके बैंक ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार 'आईडीबीआई कृषि एवं ग्रामीण विकास ट्रस्ट' नामक ट्रस्ट की स्थापना की, जो मुख्यतः आईडीबीआई - आरएसईटीआई का प्रबंधन करेगा. इसके अलावा यह ट्रस्ट ग्रामीण व कृषि क्षेत्र में विकास व अनुसंधान गतिविधियां भी चलवाएगा. यह ट्रस्ट आपके बैंक को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने कर्तव्यों को पूरा करने में सहायता प्रदान करेगा.

कॉरपोरेट वित्त

आपका बैंक विगत लगभग पाँच दशकों से कॉरपोरेट वित्त के क्षेत्र में पथ प्रदर्शक है और यह कॉरपोरेट क्षेत्र के विकास के लिए उनकी विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सहयोग देता रहा है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने मुंबई के बाँद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक और समर्पित विशेषीकृत कॉरपोरेट शाखा खोली. इसी के साथ देश भर में विशेषीकृत कॉरपोरेट शाखाओं की संख्या 33 हो गई है. विगत वर्ष आपके बैंक का कॉरपोरेट कारोबार लगभग 20% बढ़ा. आपका बैंक कॉरपोरेट ग्राहकों की विदेशी मुद्रा संबंधी ज़रूरतें भी अपनी दुबई शाखा के माध्यम से पूरी कर रहा है, जो वर्ष 2010 से कार्य कर रही है.

आपका बैंक कॉरपोरेट जगत की ज़रूरत के मुताबिक परिसंपत्ति और देयता, दोनों ही प्रकार के उत्पाद पेश करता है. आपके बैंक को नकदी प्रबंध सेवाओं, कर वसूली के लिए सरकारी एजेंसी कारोबार तथा व्यापार वित्त उत्पाद जैसे लेन-देन बैंकिंग खंड में निपुणता हासिल है. आपका बैंक अपने कॉरपोरेट ग्राहकों को ट्रेज़री उत्पाद और ऋण-समूहन सेवाएं भी प्रदान करता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने देश के प्रमुख कॉरपोरेट समूह को यूरोप की एक कंपनी के अधिग्रहण के लिए विदेशी मुद्रा में

वित्तीय सहायता मंजूर कर एक सीमा-पार सौदा संपन्न करवाया. यह अधिग्रहण अपने स्वरूप में अनोखा था और इसे संपन्न करवाने के लिए सीमा-पार विनियामक मानदंडों, कराधान, समुचित सावधानी, कंपनी का मूल्यांकन, पर्यावरण संबंधी समुचित सावधानी, सीमा-पार प्रतिभूति का सृजन जैसे कई मुद्दों का समावेश था. इससे भारतीय कॉरपोरेट क्षेत्र की आवश्यकताएं पूरी करने में आपके बैंक की विपुल विशेषज्ञता का पता चलता है.

व्यापार वित्त

आपके बैंक ने व्यापार वित्त कारोबार में उच्च वृद्धि दर हासिल करना जारी रखा है. गैर-निधि आधारित कारोबार , जिसमें साख-पत्र (एलसी) व बैंक गारंटी खंड शामिल हैं, वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 17% बढ़कर ₹ 70,000 करोड़ से भी आगे निकल गया. व्यापार वित्त कार्यकलापों से शुल्क आधारित आय में 37% की ज़बरदस्त बढ़ोतरी हुई. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने ₹ 1,715 करोड़ की अपनी कुल शुल्क आधारित आय में से ₹ 640 करोड़ की शुल्क आधारित आय व्यापार वित्त से अर्जित की. आपके बैंक ने 1 अप्रैल 2012 से बैंक के लिए निर्यात ऋण बीमा कवर हेतु ईसीजीसी के साथ संपूर्ण पण्यावर्त पैकिंग ऋण ईसीआईबी (डब्ल्यूटी-पीसी) और संपूर्ण पण्यावर्त पोत-लदानोत्तर ईसीआईबी (डब्ल्यूटी-पीएस) करार किए. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने फरीदाबाद व ग़ाज़ियाबाद में दो व्यापार वित्त केंद्र खोले. इस प्रकार इन केंद्रों की संख्या 37 से बढ़कर 39 हो गई. वर्ष के दौरान बैंक ने महानगरों में व्यापार वित्त उत्पादों के लिए विशेष विक्रय टीम तैनात की जो खुदरा व्यापार वित्त पर ज़ोर देते हुए अन्य बातों के साथ-साथ खुदरा खंड में आपके बैंक का व्यापार वित्त कारोबार बढ़ाएगी.

व्यापार वित्त कारोबार के साथ-साथ आपके बैंक की शुल्क आधारित आय बढ़ाने के लिए आपका बैंक अग्रणी विदेशी बैंकों से गठजोड़ वाले संबंधों को मजबूती देने के काम को प्राथमिकता दे रहा है.

सरकारी कारोबार

आपके बैंक ने सरकारी कारोबार पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र सरकार व विभिन्न राज्य सरकारों के कई प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों का संग्रहण किया. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने कर संग्रहण के मामले में ₹ 1 लाख करोड़ का जादुई आँकड़ा पार करते हुए ₹ 1.24 लाख करोड़ के कर संग्रहित किए. सफलता के इस ताज में एक और तमगा लगाते हुए आपके बैंक ने वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ₹ 1.12 लाख करोड़ से अधिक के केंद्रीय करों का संग्रहण किया. कर संग्रहण का यह कार्य भौतिक स्वरूप के अलावा मुख्यतः ई-माध्यम से किया जाता है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने असम, बिहार और पुडुचेरी राज्यों में वाणिज्यिक करों का संग्रहण किया. इसी के साथ आपका बैंक असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब (फगवाड़ा), राजस्थान, उत्तराखंड राज्यों तथा दिल्ली व पुडुचेरी केंद्र शासित क्षेत्रों में वाणिज्यिक कर संग्रहण के लिए अधिकृत हो गया है. आपके बैंक को वाणिज्यिक कर संग्रहण के लिए कर्नाटक, तमिल नाडू, पश्चिम बंगाल व सिक्किम से भी हरी झंडी मिल चुकी है और वित्तीय वर्ष 2012-13 की पहली छमाही में इनमें भी कर संग्रहण शुरू करने की संभावना है.

आपके बैंक ने 16 जनवरी 2012 से देश भर के सभी 103 इलेक्ट्रॉनिक डाटा इंटरचेंज (ईडीआई) केंद्रों के लिए सीमा शुल्क के संबंध में ऑनलाइन शुल्क भुगतान सेवा आरंभ की. इसके चलते अब करदाता अपने केंद्रीय कर व शुल्क संबंधी सभी भुगतान आईडीबीआई बैंक के जरिए करने लगे हैं. इस प्रकार ऑनलाइन कर भुगतान के जरिए राजकोष के कर अभिदान में वृद्धि करने के मामले में आपका बैंक भारत सरकार का महत्वपूर्ण एजेंट बन गया है.

आपके बैंक ने कर वसूली क्षमता में बढ़ोत्तरी लाने और ई-गवर्नेंस लागू करने के सरकार के दोहरे लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म कार्यान्वित किया है.

नकदी प्रबंधन सेवाएं

नकदी प्रबंध सेवाएं चालू खाता संग्रहण का प्रमुख स्रोत हैं और वर्ष के दौरान आपके बैंक ने इस पर भी विशेष ज़ोर दिया है. आपके बैंक ने इस कारोबार खंड में मजबूती से पैर जमा लिए हैं और कुछ प्रतिष्ठित लाभांश अधिदेश भी प्राप्त किए हैं. साथ ही आपके बैंक ने आईपीओ / एफपीओ निर्गमों / बांड संग्रहण समनुदेशनों के निर्गम बैंकर के रूप में अच्छी साख बनाई है. आपका बैंक बदलती बाज़ार अपेक्षाओं के अनुरूप ग्राहक सिस्टमों के प्रौद्योगिकी एकीकरण सहित ई-समाधान पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. इस संबंध में बैंक अपने सिस्टम को सतत् उन्नत कर रहा है.

बुनियादी क्षेत्र को वित्त

आपका बैंक बुनियादी क्षेत्र के वित्तपोषण का प्रमुख खिलाड़ी बना हुआ है. बुनियादी क्षेत्र के वित्तपोषण में उत्पादन-पूर्व अवधि विशिष्ट रूप से लंबी होती है और इसमें एक सुस्पष्ट जोखिम तथा प्रतिलाभ रूपरेखा निहित होती है, जिसके लिए नवोन्मेषी संरचना की ज़रूरत होती है. बुनियादी क्षेत्र के निजी क्षेत्र के लिए खुलने के समय से ही आपका बैंक बिजली, दूरसंचार, सड़क, हवाईअड्डा, बंदरगाह, रेलवे तथा लॉजिस्टिक के क्षेत्रों में और साथ ही विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज़) की बुनियादी परियोजनाओं की संरचना और वित्तपोषण में अग्रणी रहा है और इसकी कुल ऋण सहायता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बुनियादी क्षेत्र को मिलता है.

मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में बुनियादी क्षेत्र में निवेश का बड़ा महत्व है. सड़क, बंदरगाह, हवाईअड्डा, बिजली और अन्य बुनियादी क्षेत्रों में कई नई परियोजनाएं कतार में हैं. राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास में बुनियादी क्षेत्र की महती भूमिका और साथ ही इस क्षेत्र के लिए आवश्यक भारी निवेश की जरूरत को महसूस करते हुए बुनियादी क्षेत्र की कंपनियों को सभी प्रकार के समाधान जैसे कॉरपोरेट सलाह, ऋण-ईक्विटी समूहन, वित्तीय संरचना, मीयादी ऋण, कार्यशील पूंजी, प्रतिभूतिकरण और अन्य सम्बद्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए संकेंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया.

आपके बैंक ने सार्वजनिक - निजी साझेदारी (पीपीपी)मार्ग के अंतर्गत शहरी बुनियादी परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं (सौर, पवन तथा बायो-मास आधारित बिजली परियोजनाएं), बंदरगाह तथा हवाई-अड्डों के निधीयन के लिए भी पहल की है. विदेश में शाखा खोलने के साथ ही आपका बैंक अब बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं को चुनिंदा आधार पर विदेशी मुद्रा ऋण प्रदान करने की स्थिति में भी आ गया है.

अर्थव्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए एक व्यापक व प्रभावी बुनियादी क्षेत्र नेटवर्क की ज़रूरत होती है और यह सतत् व समावेशी विकास के लिए ज़रूरी भी है. पिछले कई वर्षों से सरकार बुनियादी क्षेत्र के विकास की गति को तेज करने व देश में बुनियादी क्षेत्र की कमी को पाटने के लिए कई कदम उठाती रही है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए केंद्रीय बजट पेश करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने बुनियादी क्षेत्र के लिए दीर्घावधि, कम लागत की विदेशी मुद्रा निधियाँ जुटाने के लिए अधिसूचित बुनियादी क्षेत्र ऋण निधियों के रूप में विशेष साधन निर्मित करने के प्रस्ताव की घोषणा की थी. आपका बैंक बुनियादी वित्तपोषण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और इसने विभिन्न उद्योगों में बुनियादी क्षेत्र की कई परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है. बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं की निधिगत ज़रूरतों को देखते हुए आपके बैंक ने एनबीएफसी के रूप में आईडीबीआई इंफ्राफिन लिमिटेड (आईआईएल) नामक एक बुनियादी क्षेत्र ऋण निधि स्थापित की है. इस आईआईएल की स्थापना ₹ 1,000 करोड़ की प्राधिकृत पूंजी के साथ 27 फरवरी 2012 को की गई. इस कंपनी के प्रवर्तक के रूप में आपके बैंक की इस कंपनी में ईक्विटी धारिता 30% है. अन्य रणनीतिक निवेशक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक / वित्तीय संस्थाएं होंगी. इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में आरंभिक प्रदत्त पूंजी ₹ 300 करोड़ रखी गई है, जिसमें से आपके बैंक ने आरंभिक अभिदान ₹ 90 करोड़ (30%) का दिया है.

ऋण समूहन, सरंचनागत एवं सलाहकारी सेवाएं

आपका बैंक बुनियादी व विनिर्माण क्षेत्र के कॉरपोरेटों को ऋण समूहन, संरचनागत व सलाहकारी सेवाएं देने में सक्रिय रहा है. विगत कुछ वर्षों में आपके बैंक ने अल्ट्रा मेगा पॉवर प्रोजेक्ट, मेट्रो रेल परियोजनाओं, हवाईअड्डों, बंदरगाहों, सड़कों, तेल रिफाइनरियों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, स्टील प्लांटों आदि सहित कई बड़ी परियोजनाओं को सहायता प्रदान कर ऋण समूहन के माध्यम से वित्तीय व्यवस्थाएं हासिल की हैं. कुछ मामलों में आपके बैंक ने संपूर्ण या आंशिक ऋण आवश्यकता के लिए हामीदारी दी है ताकि त्वरित वित्तीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके. आपके बैंक ने अब तक ₹ 2 लाख करोड़ से अधिक के ऋण समूहन अधिदेश पूरे किए हैं.

आपका बैंक भारत और समग्र एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख ऋण समूहनकर्ता के रूप में हमेशा ही जाना जाता रहा है. आपका बैंक बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं में बोली लगाने के इच्छुक डेवलपरों को संरचनागत व सलाहकारी सेवाएं भी प्रदान करता है. इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए आपके बैंक के पास योग्य व अनुभवी व्यावसायिकों की एक टीम उपलब्ध है. ग्राहकों की विशेष आवश्यकताओं को देखकर उनके लिए त्वरित समाधान भी उपलब्ध कराए जाते हैं. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक की समग्र शुल्क आधारित आय में समूहन, संरचनागत व सलाहकारी सेवाओं का योगदान लगभग 15% रहा.

पर्यावरण संरक्षण योजनाएं

आपके बैंक ने पर्यावरण बैंकिंग के क्षेत्र में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका निभायी है. विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के अलावा आपका बैंक क्योटो प्रोटोकॉल तथा स्वैच्छिक उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) के अंतर्गत स्वच्छता विकास व्यवस्था (सीडीएम)/ कार्बन क्रेडिट के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कर रहा है. आपका बैंक वर्ष 1991 से चिलर क्षेत्र में ओजोन डिप्लीटिंग सबस्टेंस (ओडीएस) को चरणबद्ध रूप में समाप्त करने तथा ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए तैयार की गई अनूठी परियोजना 'भारत में चिलर ऊर्जा कार्यकुशलता परियोजना' (आईसीप) के अंतर्गत विश्व बैंक निधीयन के लिए वर्ष 2009 से वित्तीय मध्यवर्ती के रूप में कार्य कर रहा है.

कार्बन क्रेडिट सेवाएं

आपके बैंक ने स्वच्छ विकास व्यवस्था (सीडीएम) पर विशेषीकृत कार्बन क्रेडिट / उत्सर्जन व्यापारिक सलाह पर जोर देने के लिए एक टीम का गठन किया है. बैंक सीडीएम परियोजनाओं तथा कार्बन क्रेडिट बाजार से संबंधित सभी सेवाओं जैसे सीडीएम परियोजनाओं का निधीयन, सीडीएम परियोजना के पंजीयन हेतु तकनीकी परामर्शी सेवा प्रदान करना, प्रमाणित उत्सर्जन न्यूनीकरण (सीईआर) तथा सत्यापित उत्सर्जन न्यूनीकरण (वीईआर) ट्रेडिंग के लिए सलाहकारी सेवाएं, कार्बन क्रेडिट / कार्बन क्रेडिट प्राप्तियों पर अपफ्रंट वित्तपोषण तथा व्यावहारिक सीडीएम के लिए सलाहकारी सेवाओं को सुगम बना रहा है.

ओजोन डिप्लीटिंग सब्स्टैंस (ओडीएस) फेज-आउट परियोजनाएं

आपका बैंक मांट्रियल प्रोटोकॉल में अपेक्षित रूप में भारत में क्लोरोफ्लोरो कार्बन (सीएफसी) तथा कार्बन टेट्रा क्लोराइड (सीटीसी) के उत्पादन और प्रयोग को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने में लगी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विश्व बैंक की ओजोन ट्रस्ट फंड (ओटीएफ) द्वारा संचालित ओजोन डिप्लीटिंग सब्स्टैंस (ओडीएस) फेज आउट परियोजनाओं (ओडीएस III तथा IV) के लिए वित्तीय एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है. विश्व बैंक और भारत सरकार ने ओडीएस III तथा IV परियोजनाओं की अवधि क्रमशः 30 अप्रैल 2012 और दिसंबर 2012 तक बढ़ा दी है. ओडीएस III तथा IV परियोजनाओं के अंतर्गत आपके बैंक के माध्यम से 31 मार्च 2012 तक संचयी रूप से कुल 123 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य निधियां संवितरित की गयी हैं.

ट्रेजरी परिचालन

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में एकीकृत ट्रेजरी है जिसमें ग्राहक को जी-सेक, फॉरेक्स, डेरिवेटिव, सीडी एवं एक्सचेंज पर किए जाने वाले

करेंसी फ्युचर सौदों जैसे विभिन्न प्रकार के ट्रेजरी उत्पाद के विकल्प प्रदान करते हुए निधियों के बेहतर प्रबंधन तथा प्रतिलाभ के लिए मुद्रा बाजार, नियत आय, विदेशी मुद्रा विनिमय, डेरिवेटिव और ईक्विटी क्रय-विक्रय परिचालनों के विभिन्न कार्य किए जाते हैं.

आपके बैंक ने तुलन-पत्र में वृद्धि और देयताओं के भुगतान हेतु चलनिधि का प्रबंध करने के लिए जमाराशियों के अलावा जमा प्रमाणपत्र, अंतर बैंक उधार राशियां, बांडों के निर्गम, विभिन्न संस्थाओं से पुनर्वित्त और विदेशी मुद्रा उधार राशियां सहित विभिन्न लिखतों का प्रयोग किया. अल्पावधि चल निधि का प्रबंधन माँग, संपार्श्विक उधार और ऋणदायी बाध्यता (सीबीएलओ) तथा एलएएफ बाज़ार परिचालनों के ज़रिए किया गया. पर्याप्त अस्थिरता और कठिन प्रतिफल के बावजूद आपके बैंक ने एसएलआर पोर्टफोलिओ का लाभदायक प्रबंधन किया.

इस साल 30 नवंबर 2011को रिज़र्व बैंक ने भारतीय बाज़ार में ऋण चूक स्वैप (सीडीएस) शुरू किया. 7 दिसंबर 2011 को आपका बैंक देशी बाज़ार में सीडीएस के अंतर्गत संरक्षण बेचने वाला पहला बैंक बन गया. इसलिए आपके बैंक को 26 जनवरी 2012 को मलेशिया में संपन्न फिमडा कान्फरेंस में पुरस्कार प्राप्त हुआ. यह पुरस्कार मलेशियन सेंट्रल बैंक के माननीय गवर्नर डॉ. ज़ेटी अख़्तर अज़ीज़ के कर कमलों से प्राप्त हुआ. आपका बैंक भारत के सीडीएस बाज़ार में अग्रणी बन गया है. इस बाज़ार में ऋण जोखिम के हेजिंग तथा सीडीएस बाज़ार बनाने की अपार संभावना है.

आपके बैंक की ट्रेज़री की एक बड़ी सेल्स टीम है, जो 10 केंद्रों में फैली हुई है. यह टीम विदेशी मुद्रा विनिमय और डेरिवेटिव प्रोडक्ट की प्रभावी मार्केटिंग करती है. यह टीम कॉरपोरेट ग्राहकों से नियमित रूप से संपर्क करती है और उन्हें मुद्रा तथा दर बाज़ारों में अस्थिरता से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए तत्परतापूर्वक समाधान उपलब्ध कराती है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने ग्राहकों को उनकी विदेशी मुद्रा जरूरतों को पूरा करने और उनकी ब्याज दर जोखिम तथा विदेशी विनिमय दर जोखिम से बचाव के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत विकल्पों व स्वैप के ज़रिए विभिन्न प्रकार के ग्राहकीकृत समाधान प्रतिस्पर्धी दरों पर प्रदान किये.

इसके अलावा आपके बैंक ने विभिन्न केंद्रों पर ऋण विक्रय टीमों का गठन किया है, जो स्क्रीन आधारित एनडीएस-ओएम मार्केट से बाहर के ग्राहकों की आवश्यकता पूरी करती है. आपके बैंक ने भारतीय बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों की ख़रीद-फरोख्त की अप्रयुक्त संभावना का दोहन करने के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी तैयार की है. आपका बैंक देश का ऐसा पहला बैंक है, जिसने सरकारी प्रतिभूतियों के रिटेल निवेशकों के लिए इंटरनेट आधारित पोर्टल तैयार किया है. 'आईडीबीआई समृद्धि जी-सेक' नामक इस पोर्टल को निवेशक वर्ग से अच्छा प्रतिसाद मिला है. आपके बैंक की इस अनुकरणीय पहल से निवेशकों को सरकारी प्रतिभूतियों से मिलने वाले सुरक्षित, नकद और जोखिम रहित प्रतिलाभ प्राप्त करने का अवसर मिला है.

सीमा-पार शाखाएं

वैश्वीकरण की बढ़ती गति के साथ आपके बैंक के अनेक प्रतिष्ठित ग्राहकों को विदेशी वित्त की जरूरत पड़ती है. इस दिशा में आपके बैंक ने विदेशी बाजारों में प्रवेश किया ताकि इसके भारतीय ग्राहकों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिस्पर्धी उत्पाद ऑफर करते हुए घरेलू बैंकिंग को सुदृढ़ किया जा सके.

दुबई इंटरनेशनल फाइनेंशियल सेंटर (डीआईएफसी), दुबई स्थित आपके बैंक की पहली विदेशी शाखा ने अपने परिचालन के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं. आपका बैंक डीआईएफसी शाखा के ज़रिए अपने भारतीय ग्राहकों की भारतीय परिचालनों और विदेशी उपक्रमों के लिए निधि संबंधी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए ईसीबी विस्तार, विदेशी मुद्रा ऋण समूहन व व्यापार वित्त उत्पादों सहित कॉरपोरेट बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है. यह शाखा आपके बैंक के लिए विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने के लिए नोडल पॉइंट का भी काम करती है.

31 मार्च 2012 को समाप्त चालू वित्तीय वर्ष के लिए आपके बैंक की डीआईएफसी शाखा ने 14.16 मिलियन अमरीकी डॉलर का निवल लाभ अर्जित किया है.

आपके बैंक ने सिंगापुर में अपतटीय बैंकिंग इकाई (ओबीयू) खोलने के लिए मॉनिटरी अथारिटी ऑफ सिंगापुर (एमएएस) के पास तथा शंघाई में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए चाइना बैंकिंग रेग्युलेटरी कमीशन (सीबीआरसी) के पास भी आवेदन प्रस्तुत किये हैं. यथासमय आपका बैंक विदेश में भी अपनी उपस्थिति को विस्तार देगा.

विदेशी मुद्रा संसाधन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 2,474.02 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि जुटाई, जिसमें से (i) 230 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक लेन-देन योजना के अंतर्गत अंतर बैंक सौदों के माध्यम से विदेशी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं व भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं से जुटाई गई; (ii) 465 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि क्लब / समूहन ऋण के ज़रिए जुटाई गई; (iii) 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत डिम सुम बॉड के निर्गम के ज़रिए 650 मिलियन रेनमिन्बी (आरएमबी) (102.31 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य) की राशि जुटाई गई; (iv) 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पावधि बांड निर्गमन (निजी नियोजन) के ज़रिए 147.60 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि जुटाई गई; तथा (v) बैंकों से अल्पावधि उधारियों के ज़रिए 1,529.11 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि जुटाई गई.

31 मार्च 2012 को रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक लेन-देन योजना के अंतर्गत कुल बकाया उधार राशि (848.82 मिलियन अमरीकी डॉलर) रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किए अनुसार टीयर I पूंजी के 50% की सीमा के भीतर थी. जैसाकि पहले बताया गया है, आपके बैंक ने नवंबर 2011 में 4.5% की नियत ब्याज दर पर 3 वर्ष की परिपक्वता अवधि

वाले 650 मिलियन रेनमिन्बी (आरएमबी) राशि के डिम सुम बॉंड जारी किए. आपके बैंक द्वारा जारी डिम सुम बॉंड भारत तथा अन्य उभरते बाज़ारों से ऐसा पहला निर्गम था. इस निर्गम से वैश्विक नियत आय निवेशकों का आईडीबीआई बैंक के प्रति विश्वास प्रमाणित होता है. इसके अलावा आपके बैंक ने अक्टूबर 2015 में देय 3 वर्ष की अवधि के सीएचएफ 110 मिलियन राशि के 3.125% फिक्स्ड रेट नोट भी जारी किए.

आपके बैंक ने सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध 1.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के मध्यावधि नोट (एमटीएन) कार्यक्रम को जनवरी 2012 में अद्यतन कराया है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के अंत तक आपके बैंक ने उक्त एमटीएन कार्यक्रम के अंतर्गत 599.91 मिलियन अमरीकी डॉलर के समतुल्य राशि जुटाई.

रेटिंग

आपका बैंक देशी तथा विदेशी मुद्रा उधारों, दोनों के लिए क्रेडिट रेटिंग प्राप्त करता है. रुपया संसाधनों के लिए रेटिंग नीचे दी गई है.

तालिका 3 : देशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग (यथा 31 मार्च 2012)

	क्रिसिल	इक्रा	फिच
सावधि जमाराशियां	एफएएए / स्टेबल	एमएए+	फिच एएए (इंड)
अल्पावधि उधारराशियां (जमा प्रमाणपत्र)	क्रिसिल ए1+	(इक्रा) ए1+	फिच ए1+(इंड)
दीर्घावधि रुपया बांड (सीनियर एवं लोअर टीयर II बांड)	क्रिसिल एए+/स्टेबल	(इक्रा)एए+/ स्टेबल	फिच एए+(इंड)
संकर पूंजी - अपर टीयर II बांड	क्रिसिल एए/स्टेबल	(इक्रा)एए/ स्टेबल	फिच एए-(इंड)
संकर पूंजी - आईपीडीआई	क्रिसिल एए/स्टेबल	(इक्रा)एए/ स्टेबल	-

आपके बैंक की विदेशी मुद्रा उधार राशियों की रेटिंग अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों द्वारा दी जाती हैं. मूडीज़ इन्वेस्टर सर्विसेज (मूडीज़) तथा स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) ने आपके बैंक को सोवेरिन के समतुल्य अर्थात् क्रमशः बा 3 एवं बीबीबी-/ निगेटिव रेटिंग दी है.

दीर्घावधि रुपया उधारियां

वर्ष के दौरान आपके बैंक ने बांडों के निर्गमन के ज़रिए ₹ 3,134.40 करोड़ की राशि जुटाई, जिसमें से अपने सीआरएआर में सुधार लाने के लिए लोअर टीयर II बांडों के जरिए ₹ 2,834.40 करोड़ तथा सीनियर बॉंडों के जरिए ₹ 300 करोड़ शामिल हैं.

परिसंपत्ति गुणवत्ता

मार्च 2012 के अंत में आपके बैंक की 98.4% ऋण परिसंपत्तियां मानक थीं. मार्च 2012 के अंत में आपके बैंक की ऋण परिसंपत्तियों में अवमानक ऋण परिसंपत्तियां 1.1% थीं, जबकि संदिग्ध परिसंपत्तियां 0.5% रहीं जिनके लिए मौजूदा विवेकपूर्ण विनियमों के अनुरूप पर्याप्त प्रावधान किये गये. आपके बैंक ने परिसंपत्तियों की गुणवत्ता बढ़ाने और साथ ही बैंक के निवल लाभ में बढ़ोत्तरी करने के लिए वसूली के विभिन्न प्रयास जारी रखे. वर्ष के दौरान, आपके बैंक ने अपने पोर्टफोलियो में से अनर्जक परिसंपत्तियों / पूरी तरह से बट्टे खाते डाले गये मामलों के निपटान के लिए कई उपाय किये. प्रत्येक मामले की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार देयताओं की पुनर्संरचना, एकबारीय निपटान / बातचीत से तय निपटान, कानूनी कार्रवाई, सरफाइसी अधिनियम के तहत कार्रवाई, डीआरटी / ओएल में पड़े बिक्री आगम के वितरण से वसूली, प्रबंधन-वर्ग में परिवर्तन, असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों (एआरसी) को परिसंपत्तियों की बिक्री, रणनीतिक निवेशकों को शामिल करने जैसे विभिन्न उपाय किये गये. 31 मार्च 2012 को आपके बैंक का प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 68.28% था.

जोखिम प्रबंध

कारोबारी जोखिमों का प्रभावी प्रबंध आपके बैंक की रणनीति का अभिन्न अंग है. आपके बैंक का जोखिम प्रबंध दर्शन दो उद्देश्यों से निर्देशित होता है - शेयरधारकों के मूल्य में सतत् वृद्धि और दूसरा, पूंजी का विवेकपूर्ण उपयोग. दरअसल, आपका बैंक पूरे बैंक में जोखिम के प्रति जागरूकता पैदाकर और उसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाकर जोखिम संस्कृति को अगले स्तर तक ले जाने की दिशा में प्रयासरत है. अतएव जोखिम की कुशलतापूर्वक तथा प्रभावशाली ढंग से पहचान, आकलन, निगरानी तथा नियंत्रण को उचित प्राथमिकता दी जाती रही है.

आपके बैंक में एक समन्वित जोखिम प्रबंध कार्यप्रणाली है जो उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंध के विभिन्न पहलुओं को देखती है. समग्र जोखिम प्रबंध की जिम्मेदारी निदेशक मंडल की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की है, यद्यपि दैनंदिन कार्यकलाप विभिन्न स्तरों पर किये जाते हैं. प्रभावी जोखिम प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त संरचना, नीतियाँ तथा समीक्षा प्रणालियाँ लागू की गई हैं. पूरे बैंक में निर्णय लेने में जोखिम के प्रति जागरूक तथा अनुशासित रहने की दृष्टि से बैंक में जोखिम प्रबंध प्रणालियों के संपूरक के तौर पर एक सुस्थापित, प्रभावी तथा स्वतंत्र आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था मौजूद है.

निरंतर जटिल होती जा रही वित्तीय प्रणाली की चुनौतियों का सामना करने के लिए जोखिम प्रबंध प्रक्रिया को मजबूती देने के लिए आपका बैंक प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) क्षमता बढ़ाने के लिए कोर बैंकिंग सॉल्यूशन के अंतर्गत सभी शाखाओं के समावेशन से लाभान्वित है. जोखिम-तंत्र प्रणाली को और भी अधिक सुदृढ़ तथा तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंध संरचना (आईआरएमए) को कार्यान्वित किया है जिसमें सॉफ्टवेयर समाधान, अर्थात् जोखिम आकलन मॉड्यूल (आरएएम), पूंजी आकलन मॉडल (सीएएम) और व्यापक परिचालनगत जोखिम मूल्यांकक (कोर) शामिल है. आरएएम एक द्विआयामी वेब आधारित रेटिंग प्रणाली है, सीएएम ऋण जोखिम के लिए विनियामक पूंजी अपेक्षाओं की गणना करता है और कोर परिचालनगत जोखिम का पता लगाने की प्रणाली है. इन प्रणालियों द्वारा बासेल-II के अंतर्गत उन्नत दृष्टिकोणों से यथासमय अंतरण में सुविधा होगी.

बासेल-II मानदंडों का कार्यान्वयन

आपका बैंक रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित बासेल-II मानदंडों का 31 मार्च 2009 से ही अनुसरण कर रहा है. बासेल-II के अंतर्गत पिलर-1 मानदंडों के अनुपालन में आपका बैंक ऋण, बाज़ार और परिचालनगत जोखिम हेतु विनियामक पूंजी आवश्यकता की गणना करता है. 31 मार्च 2012 को बैंक का जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी का अनुपात (सीआरएआर) 14.58% था जो 9% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा से अधिक है. इसी प्रकार, बैंक का टियर-I अनुपात 8.38% रहा जबकि विनियामक अपेक्षा 6% है.

आपका बैंक बासेल - II मानदंडों के कार्यान्वयन को मूल्य सृजन पर विशेष ध्यान के साथ जोखिम प्रबंध में उत्कृष्ट प्रणालियां अपनाने के लिए एक रणनीतिक और प्रगामी प्रक्रिया मानता है. वर्तमान में, आपका बैंक ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण का अनुसरण करता है और बासेल-II के उन्नत (आंतरिक रेटिंग आधारित) दृष्टिकोणों में अंतरण की दिशा में तैयारी के लिए अपनी ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली को और उन्नत तथा मजबूत बनाने की प्रक्रिया में है. इसी तरह, बाज़ार जोखिम के लिए आपका बैंक विनियामक पूंजी की गणना करने के लिए मानकीकृत मापन पद्धति (एसएमएम) का प्रयोग करता है और आंतरिक मॉडल दृष्टिकोण (आईएमए) में निर्बाध अंतरण के लिए जोखिम-मूल्य आधारित प्रणाली कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए विनियामक पूंजी प्रभार की गणना करने के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण (बीआईए) का अनुसरण करता है. उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में, विभिन्न कारोबारी खंडों में मुख्य जोखिम संकेतकों और जोखिम एवं नियंत्रण स्व-निर्धारण (आरसीएसए) ढाँचे का एक नया सेट कार्यान्वित किया जा रहा है.

बासेल II के अंतर्गत पिलर - II मानदंडों के अनुपालन में आपके बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) संबंधी नीति है. इस नीति द्वारा बैंक उन जोखिमों का आंतरिक रूप से आकलन और गणना कर सकेगा जो पिलर-1 में सामने नहीं आ पाए हैं और साथ ही सामान्य तथा दबावग्रस्त स्थितियों में ऐसे जोखिमों के प्रबंध के लिए उपयुक्त रणनीतियाँ भी बना सकेगा.

बासेल-II के पिलर-III मानदंडों के अनुपालन में आपके बैंक ने एक प्रकटन नीति तैयार की है और तदनुसार 31 मार्च 2012 तक के प्रकटनों को इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है और साथ ही उन्हें आपके बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है. पूंजी पर्याप्तता अनुपात के संबंध में भी प्रकटन को तिमाही आधार पर आपके बैंक की वेबसाइट पर अद्यतन किया जाता है.

बासेल - III मानदंडों के लिए तैयारी

पूंजी की गुणवत्ता और चलनिधि विनियमों को मजबूत बनाकर बैंकिंग क्षेत्र की समुत्थानशीलता में सुधार लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बासेल - III मानदंडों के आधार पर दिशानिर्देश जारी किये हैं.

गुणवत्तापूर्ण पूंजी की बढ़ती मांग को देखते हुए आपके बैंक ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान भारत सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिमान्य पूंजी आबंटन के जरिए अपनी सामान्य ईक्विटी पूंजी बढ़ायी है. बासेल - III मानदंडों के कार्यान्वयन की दिशा में आंकड़ों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) को और मजबूत बनाया जा रहा है.

ऋण जोखिम

बैंकिंग कारोबार में ऋण जोखिम के महत्व को समझते हुए आपके बैंक ने एक व्यापक ऋण जोखिम प्रबंध प्रणाली लागू की है जिसमें प्रस्तावों की क्रेडिट रेटिंग के लिए वेब आधारित जोखिम आकलन मॉडल (आरएएम) और पूंजी की गणना के लिए स्वचालित प्रणाली शामिल हैं. कार्यक्षम ऋण मूल्यांकन, ऋण वितरण, पोर्टफोलियो प्रबंध और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक एक सक्रिय ऋण नीति का अनुसरण करता है जिसे आपके बैंक के कारोबारी उद्देश्यों को सम्मिलित करने के लिए मौजूदा कारोबारी तथा सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है.

शीर्ष स्तरीय रेटिंग समिति ऋण रेटिंगों की अभिपुष्टि करती है और जोखिम विश्लेषकों तथा संपर्क प्रबंधकों को मागदर्शन भी देती है. एक सक्रिय उपाय के रूप में आपका बैंक विभिन्न ऋण सीमाओं की नियमित रूप से निगरानी करता है जिसमें विभिन्न देशों, खंडों, क्षेत्रों तथा उद्योगों में ऋण निवेश शामिल हैं.

बाज़ार जोखिम

सम्बद्ध मानदंडों अर्थात् ब्याज दरों, ईक्विटी मूल्यों तथा विदेशी मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न होने वाले बाज़ार जोखिमों का प्रभावी प्रबंधन समग्र जोखिम प्रबंध प्रणाली का एक अभिन्न अंग है. इस दिशा में, व्यापारिक बही सीमाओं का निर्धारण एवं निगरानी, बाजार दरों पर पोर्टफोलियो का मूल्यांकन आदि सहित संबंधित उपाय किये जाते हैं जिसमें व्यापारिक बही का इष्टतम योगदान सुनिश्चित किया जाता है. आपके बैंक के कारोबारी उद्देश्यों के अनुरूप, जोखिम - प्रतिफल समायोजन को इष्टतम बनाने के लिए दबाव स्थितियों सहित विभिन्न परिदृश्यों में व्यापारिक बहियों का पोर्टफोलियो विश्लेषण भी किया जाता है.

बाज़ार जोखिमों का प्रबंध परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) नीति, बाज़ार जोखिम नीति, निवेश नीति और डेरिवेटिव नीति में परिभाषित नीतिगत ढांचे के अनुसार किया जाता है. सामान्य तौर पर ये नीतियां जोखिम उठाने के उपयुक्त स्तरों का निर्धारण करती हैं और जोखिमों और अपवादों, यदि कोई हैं, के आकलन, रिपोर्टिंग तथा वृद्धि हेतु व्यवस्थाएं तय करती हैं.

चल निधि व ब्याज दर जोखिम में आपके बैंक के एक्सपोजर को सुरक्षित करने के लिए जोखिम सीमाएं विनिर्दिष्ट की गई हैं. परिसंपत्ति देयता प्रबंध समिति (एल्को) वास्तविक जोखिम स्थिति पर नियमित निगरानी रखती है और आवश्यकतानुसार परिसंपत्ति-देयता के अंतर को विनिर्दिष्ट सीमा के भीतर रखने के लिए कदम उठाए जाते हैं. आपके बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंध (एएलएम) स्थिति के बारे में एल्को, बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) व रिज़र्व बैंक को आवधिक रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

चूंकि जोखिम-मूल्य आधारित संगणना व्यापारिक बही में जोखिम तत्व का आकलन करने के लिए कार्यक्षम है, आपका बैंक संपूर्ण बाजार जोखिम संबंधित लेन-देनों की निगरानी के लिए जोखिम आधारित निगरानी की ओर अग्रसर है.

परिचालनगत जोखिम

कारोबारी कार्यकलापों में अंतर्निहित परिचालनगत जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एक प्रभावी परिचालनगत जोखिम प्रबंध ढांचा कार्यान्वित किया है. आपका बैंक परिचालनगत जोखिम के लिए पूंजी प्रवाह की गणना के लिए बासेल II के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मूल संकेतक दृष्टिकोण का अनुसरण करता है. तथापि, उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) में अंतरण के उद्देश्य से आपका बैंक सतत् आधार पर कौशल, प्रौद्योगिकी तथा प्रकियाओं के उन्नयन के लिए बहु-विध कदम उठा रहा है. इस संबंध में प्रगति रिपोर्ट परिचालन जोखिम समूह तथा बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति को प्रस्तुत की जाती है.

ऐतिहासिक हानि आंकड़े के आधार पर उन्नत मापन दृष्टिकोण (एएमए) के अंतर्गत पूंजी का अनुमान लगाने के उद्देश्य से आपका बैंक बासेल II में परिभाषित कारोबारी क्षेत्रों के अनुसार विभिन्न परिचालनगत क्षेत्रों पर परिचालनगत हानि आंकड़े प्राप्त करने की प्रक्रिया में है. इसके अलावा, एक सक्रिय जोखिम न्यूनीकरण रणनीति के रूप में तथा परिचालनगत हानि की घटनाओं की समय पर रिपोर्ट देने के उद्देश्य से, विभिन्न कार्यों / शाखाओं में कार्यरत बैंक अधिकारियों के लिए परिचालनगत जोखिम तथा धोखाधड़ी निगरानी पर क्लास रूम तथा ई-लर्निंग के जरिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये.

कारोबार निरंतरता के क्षेत्र में, कारोबार व्यवधान या आपदा की घटना में महत्वपूर्ण बैंकिंग सेवाएं जारी रखने के लिए आपके बैंक के पास अच्छी तरह से आजमाई गयी एक कारोबार निरंतरता योजना (बीसीपी) है. इस योजना से आपके बैंक को किसी कारोबार व्यवधान की स्थिति में अपने मूल्यवान ग्राहकों को यथासंभव शीघ्र समय में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी. कारोबार निरंतरता योजना के वास्तविक जीवंत परीक्षण से पूर्व उचित परीक्षण तकनीकों अर्थात् अधिसूचना तथा कालआउट परीक्षण तथा टेबल-टॉप परीक्षण / संरचित वॉक थ्रू परीक्षण

के माध्यम से कारोबार निरंतरता योजना की प्रभावशीलता का आकलन किया जाता है. इसके अलावा, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी निरंतर तथा अविच्छिन्न ग्राहक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने एक डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट की स्थापना की है. अनुरूपक आपदा स्थितियों में बैंकिंग सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवधिक रूप से डिजास्टर रिकवरी ड्रिल किये जाते हैं.

उत्पाद जोखिम

आपका बैंक नये उत्पाद हेतु एक सुदृढ़ अनुमोदन प्रक्रिया का अनुसरण करता है जिसमें संकल्पना वैधीकरण, महत्वपूर्ण धारणाओं की पुष्टि, प्रौद्योगिकीय क्षमता आदि जैसे व्यापक जोखिम मूल्यांकन तथा न्यूनीकरण प्रणाली शामिल हैं. साथ ही, किसी नये उत्पाद के शुभारंभ से पूर्व उसके विभिन्न पहलुओं को परखने के लिए एक उचित संरचना और प्रणाली लागू की गयी है.

सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम

ग्राहकों को बेहतर सेवाएं / योजनाएं प्रदान करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का प्रयोग करने में अग्रणी होने के नाते आपका बैंक प्रभावी आईटी जोखिम प्रबंध की आवश्यकता को भी महसूस करता है. बैंक की आईटी जोखिम न्यूनीकरण रणनीति में सूचना सुरक्षा पहलुओं के अलावा अनुपालन व निजता के पहलू भी शामिल हैं. सूचना सुरक्षा नीति (आईएसपी) लागू करने का उद्देश्य यह है कि सूचनाएं अनधिकृत पहुंच से सुरक्षित रहें और सूचनाओं की गोपनीयता तथा विश्वसनीयता बनी रहे, साथ ही अधिकृत उपयोगकर्ताओं को आईटी संसाधन समय पर उपलब्ध हो सकें. उच्च-स्तरीय सूचना सुरक्षा संवीक्षा समिति (आईएसएससी) यह सुनिश्चित करती है कि आईटी संसाधनों के सतत संरक्षण की व्यवस्था बनी रहे. कर्मचारियों के लिए सूचना सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन के अलावा ग्राहकों को विभिन्न सूचना सुरक्षा सावधानियों के बारे में भी सूचित किया जाता है.

आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर तथा सिस्टम को एक सुदृढ़ सूचना सुरक्षा ढांचे के अंतर्गत कार्यान्वित किया गया है. आपके बैंक के केंद्रीकृत डाटा सेंटर को प्रतिष्ठित सूचना सुरक्षा प्रमाणन आईएसओः 27001 प्राप्त है. 'फिशिंग' हमलों के प्रति कारगर कार्रवाई करने हेतु सुरक्षा स्तरों को बढ़ाने के उपाय किए गए हैं. आपका बैंक सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंध और साइबर धोखाधड़ियों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों में परिकल्पित रूप में बैंकिंग प्रक्रियाओं में संरक्षा, सुरक्षा तथा कार्यकुशलता को और बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है.

संक्षेप में, आपके बैंक के पास जोखिम के विभिन्न फलकों की पहचान करने और उनके प्रभावी एवं कार्यक्षम प्रबंध के लिए एक सुसंरचित जोखिम प्रबंध ढांचा है. शीर्ष प्रबंध-तंत्र के दिशानिर्देश के अंतर्गत सतत् प्रयासों के साथ आपके बैंक में जोखिम के बारे में जागरूकता आम स्टाफ तक पहुँच गयी है. इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिस्पर्धी बढ़त बनाये रखने के लिए उपयुक्त न्यूनीकरण तथा कीमत निर्धारण के जरिए बैंकिंग कारोबार से सहज रूप से जुड़े जोखिम - प्रतिफल समायोजन को उपयुक्त रूप से संतुलित करना है.

मानव संसाधन पहल कार्य

वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने 2670 कर्मचारियों (1782 अधिकारी, 888 एक्जीक्यूटिव) की भर्ती की, जिनमें से अनुसूचित जाति (अजा)के 529, अनुसूचित जनजाति (अजजा) के 228, अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के 893 और अशक्त व्यक्ति श्रेणी के 90 कर्मचारी थे. 31 मार्च 2012 को आपके बैंक में 15,435 कर्मचारी कार्यरत थे जिनमें 11,383 अधिकारी, 1608 एक्जीक्यूटिव (संविदा पर), 1333 लिपिकीय स्टाफ (श्रेणी III) और 1111 अधीनस्थ कर्मचारी (श्रेणी IV) थे. आपके बैंक ने सहक्रियात्मक कारोबारी हितों को एकीकृत करने की दिशा में एक कदम के रूप में अपनी दो सहायक संस्थाओं अर्थात् आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. के विलय को पूरा किया और साथ ही मानव संसाधन की मुख्य धारा में मूल्यवान मानव पूंजी को सफलतापूर्वक एकीकृत किया.

उत्कृष्ट पृष्ठभूमि वाले अधिकारियों को अपनी कार्यक्षमता तथा कार्य-निष्पादन बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करने के एक उपाय के रूप में आपके बैंक ने अपने अधिकारियों के लिए विदेश में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया है. आपके बैंक ने सरकारी क्षेत्र के बैंकों के मानव संसाधन मुद्दों पर खंडेलवाल समिति की सिफारिशों पर आधारित एक मानव संसाधन योजना तैयार की है और इसके कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए बोर्ड स्तरीय संवीक्षा समिति गठित की गयी है.

आपका बैंक 1 अप्रैल 2008 के बाद बैंक की सेवा में आये नये भर्ती कर्मचारियों के लिए पीएफआरडीए की नई पेंशन योजना, जो एक सुस्पष्ट अंशदान पेंशन योजना है, को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है. आपके बैंक में औद्योगिक संबंध का माहौल वर्ष के दौरान सौहार्दपूर्ण रहा जिससे कार्य में कोई व्यवधान नहीं हुआ और अधिकांश मुद्दों का आपस में समाधान किया गया.

अनुसूचित जातियों (अजा), अनुसूचित जनजातियों (अजजा) और अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) का प्रतिनिधित्व

आपका बैंक अप्रैल 1977 से सीधी भर्ती में और फरवरी 1980 से पदोन्नति में अजा/अजजा के लिए आरक्षण के नियमों को लागू कर रहा है. आपका बैंक सीधी भर्ती में सितंबर 1993 से अपिव के लिए भी आरक्षण लागू कर रहा है. भारत सरकार द्वारा जारी "सेवाओं में अनुसूचित जातियों (अजा), अनुसूचित जनजातियों (अजजा) एवं अन्य पिछड़े वर्ग (अपिव) के लिए आरक्षण संबंधी ब्रोशर" के संशोधित अनुदेशों के अनुसार आरक्षण रजिस्टर को विधिवत् अपनाया गया है. आपके बैंक में 31 मार्च 2012 को विभिन्न संवर्गों की कुल संख्या में अजा, अजजा और अपिव का प्रतिनिधित्व **तालिका 4** में दिया गया है.

तालिका 4 : अजा / अजजा / अपिव का प्रतिनिधित्व

मानव शक्ति	कुल संख्या	जिनमें से		
		अजा	अजजा	अपिव
अधिकारी	11,383	1336	477	1817
एक्जीक्यूटिव	1608	274	48	542
लिपिकीय	1333	142	40	121
अधीनस्थ स्टाफ (स्वीपरों को छोड़कर)	870	210	64	145
स्वीपर	241	60	18	46
कुल	15,435	2022	647	2671
कुल संख्या का %		13.10	4.19	17.30

अजा/अजजा/अपिव संख्या - आईडीबीआई होम फाइनेंस लि. और आईडीबीआई गिल्ट्स लि. के कर्मचारियों को छोड़कर.

31 मार्च 2012 को बैंक में 45 भूतपूर्व सैनिक और 203 अशक्त व्यक्ति थे. आपका बैंक भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार अशक्त व्यक्तियों (पीडब्यूडी) के लिए अलग से रोस्टर रखता है. आपके बैंक ने अजा / अजजा / पीडब्ल्यूडी तथा अपिव के कर्मचारियों की शिकायतों का प्रभावी रूप से निराकरण करने के लिए संबंधित श्रेणी में संपर्क अधिकारियों की नियुक्ति की है.

मानव संसाधन - प्रशिक्षण एवं विकास

विगत वर्षों में, आपके बैंक ने अपने कर्मचारियों के व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास की दिशा में कई प्रशिक्षण पहल कार्य किये हैं ताकि वे संगठनात्मक लक्ष्यों को पूरा कर सकें. सही क्षमताओं से सम्पन्न कर्मचारियों ने आपके बैंक के विकास को अंजाम दिया है. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने 460 आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 11,252 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया. इसके अलावा, 483 अधिकारियों को भारत में प्रतिष्ठित अन्य संस्थानों / प्रशिक्षण संगठनों द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया गया और 62 अधिकारियों को विदेशों में आयोजित कार्यक्रमों / सम्मेलनों / सेमिनारों के लिए नामित किया गया. आपके बैंक ने हैदराबाद में स्थित जवाहरलाल नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस और मुंबई, चेन्नई, कोलकाता तथा नई दिल्ली में स्थित चार क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में मौजूदा प्रशिक्षण क्षमताओं का पूरी तरह से उपयोग किया है. जेएनआईबीएफ, हैदराबाद में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए नेतृत्व उत्कृष्टता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गयी. कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के रूप में, आपके बैंक ने एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में विकास वित्तपोषण

संस्थाओं के संघ (एडफिएप) और वाशिंगटन आधारित सेंटर फार इंटरनेशनल प्राइवेट एंटरप्राइज़ (सीआईपीई) के सहयोग से "भारत में बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के लिए जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिकता का संस्थापन" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया. इस सेमिनार में सरकारी तथा निजी क्षेत्र के बैंकों / वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

आपका बैंक न केवल बैंकिंग प्रक्रियाओं के लिए प्रौद्योगिकी प्रदान करता है, बल्कि ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल अर्थात् आई-वर्सिटी एवं आई-ब्लॉगर के जरिए शिक्षण पहलों के लिए भी प्रौद्योगिकी प्रदान करता है जो आपके बैंक के स्टाफ को उत्पादों, प्रक्रियाओं के बारे में अद्यतन रखती है और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता करती है. कौशल उन्नयन एवं शिक्षण की प्रक्रिया ऑनलाइन ट्यूटोरियल्स के माध्यम से सतत् आधार पर थी और कुछ ऑनलाइन परीक्षाओं के पूरा होने के बाद प्रमाणपत्र प्रदान किये गये.

'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में अपनी भूमिका में आपके बैंक के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान, जवाहरलाल नेहरू इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनैंस ने न केवल आपके बैंक के स्टाफ को तैयार करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये हैं, बल्कि अन्य बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के साथ अपनी विशेषज्ञता का वाणिज्यिक आधार पर आदान-प्रदान भी किया है जिससे आपके बैंक के लिए लाभ अर्जित हुआ है.

आंतरिक लेखापरीक्षा

आपके बैंक में सुसज्जित आंतरिक लेखापरीक्षा और विनियामक अनुपालन विभाग है जो विभिन्न कारोबारी वर्टिकलों / सहायता वर्टिकलों तथा शाखाओं द्वारा किये जा रहे सभी कार्यकलापों का नियमित स्वतंत्र मूल्यांकन करता है. इस कार्य के प्रमुख वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के अधिकारी हैं जो अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करते हैं. लेखापरीक्षा नियत कार्यों को करते समय अपनी स्वतंत्रता तथा वस्तुनिष्ठता को बनाए रखता है.

आपके बैंक ने अपने कार्यों के लिए जोखिम-आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा को अपनी रणनीति के रूप में अपनाया है. इसके अलावा, वेब आधारित लेखापरीक्षा प्रबंध प्रणाली के कार्यान्वयन, परोक्ष निगरानी, महत्वपूर्ण केंद्रों पर लेखापरीक्षा केंद्र (ऑडिट हब) की स्थापना, सुस्पष्ट लेखापरीक्षा फॉर्मेटों के जरिए लेखापरीक्षा की व्यापक तथा सार्थक व्याप्ति सुनिश्चित करने के लिए लेखापरीक्षा नमूनों के सुव्यवस्थित चयन के जरिए आंतरिक लेखा परीक्षा कार्यों की प्रभावशीलता बढ़ायी गयी है.

आपके बैंक के पास परिचालनों के स्वरूप और जटिलताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी और आईटी सुरक्षा (आईएस) संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा व्यवस्था के हिस्से के रूप में अनुभवी आंतरिक सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा (आई एस ऑडिट) मौजूद है.

आपके बैंक ने आंतरिक नियंत्रणों को सुदृढ़ बनाने के लिए विनियामक आवश्यकताओं के अनुसार आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य के पूरक के रूप में एक व्यापक संगामी लेखापरीक्षा प्रणाली कार्यान्वित की है.

आपके बैंक के ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान ऋण लेखा-परीक्षा प्रणाली लागू की गयी. इस प्रणाली का उद्देश्य वैयक्तिक बड़े वाणिज्यिक ऋणों की गहन जांच-पड़ताल है. ऋण लेखापरीक्षा व्यवस्था को जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा के अनुरूप बनाया गया है जो यह जांचने में सहायक होता है कि क्या ऋण मूल्यांकन, ऋणों की मंजूरी तथा ऋण प्रशासन के क्षेत्र में बैंक की निर्धारित नीतियों का अनुपालन किया गया है. ऋण लेखापरीक्षा चेतावनी संकेतों की प्रारंभिक पहचान भी सुगम बनाता है और पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में समग्र सुधार को ध्यान में रखते हुए त्वरित उपचारात्मक उपाय सुझाता है.

आपका बैंक आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था की पर्याप्तता तथा प्रभावशीलता, नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन का निरंतर आधार पर मूल्यांकन करता है और विभिन्न जोखिमों का समय पर समाधान करने के लिए नियंत्रणों को मजबूत और चुस्त-दुरुस्त बनाने के उपाय सुझाता है. इसे ध्यान में रखते हुए आपका बैंक जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा नीति, संगामी लेखापरीक्षा नीति और सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षा नीति की वार्षिक आधार पर समीक्षा करता है.

धोखाधड़ी प्रबंध प्रणाली

आपके बैंक ने आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के अंतर्गत एक समर्पित समूह अर्थात् धोखाधड़ी निगरानी समूह के माध्यम से धोखाधड़ी निगरानी व्यवस्था शुरू की है. धोखाधड़ियों की निगरानी और समीक्षा करने के लिए धोखाधड़ी समीक्षा परिषद् (एफआरसी) का गठन किया गया है जिससे प्रणालीगत खामियों, यदि कोई हैं, की पहचान की जा सके, सुधारात्मक उपाय शुरू किये जा सकें, जांच प्रगति और वसूली स्थिति की निगरानी की जा सके. धोखाधड़ी निगरानी समूह धोखाधड़ियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपचारात्मक कार्रवाई, जैसे आंतरिक नियंत्रणों को मजबूत बनाना और आवश्यकता आधारित उपचारात्मक उपाय करना, की प्रभावोत्पादकता की भी समीक्षा करता है. धोखाधड़ियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए एक विस्तृत धोखाधड़ी जोखिम प्रबंध नीति कार्यान्वित की गई है.

परिचालनगत कार्यकुशलता बढ़ाने और प्रकियाओं को सरल एवं कारगर बनाने के लिए लेखापरीक्षा, परिचालन जोखिम और अन्य परिचालनगत खंडों के बीच उचित समन्वय है. उद्योग की उत्कृष्ट पद्धतियों में अंतरण करने के प्रयास में आपके बैंक की पद्धतियों एवं प्रक्रियाओं की बेंचमार्किंग पर जोर दिया जा रहा है. बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति और कार्यपालकों

की लेखापरीक्षा समिति कार्य-निष्पादन की निरंतर आधार पर समीक्षा करती है, आंतरिक लेखापरीक्षा के कर्मियों को दिशा-निर्देश देती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता और इसी प्रकार विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करती है.

सतर्कता तंत्र

आपके बैंक के प्रधान कार्यालय में पूर्ण रूप से सुसज्जित सतर्कता विभाग सतर्कता से जुड़ी शिकायतों की जांच करने के लिए शीर्ष प्रबंधन को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा नियंत्रण प्रणालियों और निर्धारित प्रक्रियाओं में कमियों, यदि कोई हैं, सुधार लाने के लिए सुधारात्मक उपाय सुझाने के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है. आपका बैंक सतर्कता प्रशासन में सुधार लाने के लिए समय-समय पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को कार्यान्वित करता रहा है और इसने एक ऐसी प्रणाली शुरू की है जिसमें जनता / किसी अन्य स्रोत से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है.

आपके बैंक के इंट्रानेट पर सतर्कता विभाग साइट शुरू की गयी है. यह साइट सतर्कता विभाग का परिचय, बैंक की सभी शाखाओं / कार्यालयों में प्रदर्शित किये जानेवाले सीवीसी के मानक नोटिस फॉर्मेट, सीवीसी, सीवीसी के मुख्य तकनीकी परीक्षक संगठन (सीटीईओ) तथा आपके बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किये जाने वाले महत्वपूर्ण परिपत्र / दिशा-निर्देश / प्रकाशन और निवारक सतर्कता संबंधी 'क्या करें क्या न करें' के बारे में जानकारी प्रदान करती है. इससे अधिकारियों में सतर्कता जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में आपके बैंक को सहायता मिली है.

वर्ष के दौरान बिना पूर्व सूचना दिए विभिन्न शाखाओं के सतर्कता दौरे किये गये ताकि वहां भ्रष्टाचार की स्थिति, कदाचार तथा निर्दिष्ट प्रणालियों और प्रक्रियाओं के अननुपालन का पता लगाया जा सके और जहां आवश्यक समझा गया वहां सुधारात्मक उपाय सुझाये गए.

आपके बैंक के कर्मचारियों में सतर्कता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने के लिए वर्ष के दौरान विभिन्न स्थानों पर 'निवारक सतर्कता' पर केंद्रित सतर्कता जागरूकता विषय पर कई चर्चापरक कार्यशालाएं व विशेषज्ञों के व्याख्यान और प्रस्तुतियां आयोजित की गईं. इन कार्यक्रमों में सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा अपने दैनंदिन कार्यों में निवारक सतर्कता बरतने की आवश्यकता और संगठनात्मक कार्यकुशलता के व्यापक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सतर्कता जागरूकता की भूमिका पर समुचित बल दिया गया.

कर्मचारियों को भ्रष्टाचार की बुराइयों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए आपके बैंक के प्रधान कार्यालय तथा शाखा कार्यालयों में 31 अक्तूबर 2011 से 5 नवंबर 2011 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने स्टाफ सदस्यों के लिए एक विशेष जर्नल जारी किया. प्रसंगवश, इस जर्नल को पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा उत्कृष्ट टैबलाइड न्यूजलेटर के लिए कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

विनियामक अनुपालन

आपके बैंक ने विभिन्न सांविधिक और विनियामक शर्तों एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं. वर्ष के दौरान अनुपालन से संबंधित कार्यकलापों को देखने के लिए अनुपालन विभाग की स्थापना की गई. आपके बैंक ने एक मुख्य महा प्रबंधक को मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया है. अनुपालन विभाग निम्नलिखित के अनुपालन का निरीक्षण करने के लिए जिम्मेदार है:

1. सांविधिक प्रावधान (बैंककारी विनियमन अधिनियम, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, फेमा, धनशोधन निवारण अधिनियम आदि).
2. विनियामक दिशा-निर्देश (आरबीआई, आईआरडीए, सेबी आदि).
3. निर्धारित मानक एवं पद्धतियां (बीसीएसबीआई, आईबीए, फेडई, फिम्मडा आदि) और
4. बैंक की आंतरिक नीतियां.

विभाग बेहतर अनुपालन सुगम बनाने के लिए पूरे संगठन में सांविधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं के बारे में सूचना भी संप्रेषित करता है.

ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड

आपका बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) का सदस्य है. आपके बैंक के निदेशक मंडल ने ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का कोड (कोड 2009) और सूक्ष्म एवं लघु उद्यम कोड (एमएसई कोड) कार्यान्वयन हेतु अपनाया है. दोनों कोड स्वैच्छिक हैं जो बैंकों के लिए वैयक्तिक ग्राहकों के साथ और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ भी संव्यवहार करने के लिए अपनायी जाने वाली बैंकिंग पद्धतियों के न्यूनतम मानक निर्धारित करते हैं.

बैंक द्वारा उपर्युक्त कोडों के अनुपालन के अभिन्न भाग के रूप में कोड संबंधी जानकारी ग्राहकों को बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर, शाखाओं में, एटीएम में और साथ ही ग्राहकों के खाता विवरणों के साथ उपलब्ध कराई जाती है.

शिकायत निवारण तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संपूर्ण भारत में आपके बैंक के क्षेत्रीय प्रमुखों को कोड अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है और उनके संपर्क ब्योरे शाखाओं में तथा बैंक की वेबसाइट पर प्रमुखता से प्रदर्शित किये गये हैं.

आपके बैंक में बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति (सीएससीबी) और ग्राहक सेवा स्थायी समिति (एससीसीएस) गठित हैं. ये समितियां यह सुनिश्चित करती हैं कि ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने के बीसीएसबीआई के वांछित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बैंक की योजनाओं, प्रक्रियाओं और सेवाओं को समय-समय पर सरल एवं कारगर बनाया जाए.

ग्राहक सेवा एवं शिकायत प्रबंध

आपके बैंक ने भविष्य में सभी कार्यकलापों के लिए एक पथ-प्रदर्शक सिद्धांत के रूप में कार्य करने के लिए हाल ही में नया संकल्प एवं ध्येय कथन अंगीकार किया है. बैंक का पहला ध्येय उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतरीन वित्तीय समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ ग्राहकों को आह्लादित करना है. आपके बैंक ने वस्तुतः अपने दर्शन के एक भाग के रूप में इस ध्येय को ग्रहण किया है. आपका बैंक सेवा-उन्मुख संगठन है और इस तथ्य को महसूस करता है कि उसकी सफलता ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर निर्भर करती है और इसीलिए ग्राहक सेवा बैंक के केंद्र-बिंदु में आ जाती है. आपका बैंक निरंतर आधार पर यह सुनिश्चित करने की पहल करता है कि ग्राहक बैंक में चाहे जहां भी जाए, उसे संपर्क के हर बिंदु पर उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं का अनुभव हासिल हो.

आपके बैंक में ग्राहक सेवा तथा शिकायत प्रबंध के विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखने के लिए बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति और ग्राहक सेवा संबंधी स्थायी समिति (जिसकी अध्यक्षता उप प्रबंध निदेशक करते हैं और वरिष्ठ अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल हैं) है. ग्राहक सेवा तथा शिकायत प्रबंध के मामलों में स्वतंत्र निदेशकों तथा शीर्ष प्रबंध-वर्ग की सहभागिता यह सुनिश्चित करती है कि इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर यथेष्ट ध्यान दिया जाए.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा में सुधार लाने वाले कार्यकलापों को देखने के लिए एक केंद्रीकृत एवं समर्पित ग्राहक सहायता केंद्र (सीसीसी) की स्थापना की है. इसमें शाखाओं तथा सम्बद्ध काल सेंटरों से अग्रेषित ग्राहक शिकायतों और केंद्रीकृत ई-मेल यूनिट, वेबसाइट, कॉरपोरेट सेंटर में पत्रों के जरिए तथा सामाजिक प्रचार माध्यमों के जरिए मिली ग्राहक शिकायतों को प्राप्त करना और उनका समाधान करना शामिल है. ग्राहक सहायता केंद्र रिज़र्व बैंक, बैंकिंग लोकपाल, भारत सरकार तथा अन्य विनियामक प्राधिकारियों के जरिए प्राप्त शिकायतों का भी निपटान करता है.

ग्राहक सहायता केंद्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए, उन्हें रेकॉर्ड किया जाए तथा समाधान होने तक उन पर केंद्रीय रूप से नज़र रखी जाए. ग्राहक सहायता केंद्र प्राप्त शिकायतों के स्वरूप का विश्लेषण भी करता है और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग / शाखा को फीडबैक देता है. आपके बैंक ने बोर्ड अनुमोदित शिकायत निवारण नीति लागू की है. इस नीति में शाखा स्तर पर और अग्रेषण पर ग्राहक सहायता केंद्र स्तर पर शिकायतों के समाधान के लिए समय-सीमा निर्धारित की गयी है. ग्राहक सहायता केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत सावधानी बरतता है कि ग्राहक शिकायतों पर शिकायत निवारण नीति में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार कार्रवाई की जाए और समय-बद्ध तरीके से उनका समाधान किया जाए. गुणवत्ता तथा कार्रवाई समय में कमी के प्रति आपके बैंक की वचनबद्धता के परिणामस्वरूप, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आपके बैंक को उसके ग्राहक सहायता केंद्र के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन **आईएसओ 9001 : 2008** से सम्मानित किया गया.

आपका बैंक इस बात को समझता है कि परिचालनगत पद्धतियों तथा प्रक्रियाओं को सम्मानित ग्राहकों से प्राप्त फीडबैक को ध्यान में रखते हुए निरंतर सुधारा जाना चाहिए. ग्राहक सेवा संबंधी स्थायी समिति की बैठकों में एक ग्राहक को आमंत्रित किया जाता है जो आपके बैंक के साथ अपने सरोकारों का आदान-प्रदान करता है और यह सुझाव देता है कि आपका बैंक अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा कैसे प्रदान कर सकता है. आपके बैंक में शाखाओं के स्तर पर भी शाखा स्तरीय ग्राहक सेवा समितियां (बीएलसीएससी) गठित की गई हैं. बीएलसीएससी में ग्राहक सदस्य के रूप में शामिल होते हैं. इस समिति की ऐसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए मासिक बैठकें होती हैं जिनसे ग्राहक सेवा में सुधार लाने में सहायता मिल सकती है. चालू वित्तीय वर्ष में आपके बैंक ने पुणे तथा कोचि में ''**ग्राहक सहायता अभियान**'' शीर्षक से बैठकें आयोजित कीं. इन बैठकों में बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की ग्राहकों के साथ सीधी बातचीत हुई और बैंक के उत्पादों / सेवाओं में सुधार लाने के लिए उनके सुझाव / विचार आमंत्रित किये गये. आपके बैंक ने कई स्थानों पर ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण का भी आयोजन किया जिनमें हमारे सेवा मानकों पर सम्मानित ग्राहकों से मूल्यवान जानकारी प्राप्त की गई. इस सर्वेक्षण से आपके बैंक को अपने समकक्षों की तुलना में अपने सेवा मानकों को बेहतर बनाने में सहायता मिली है. आगे चलकर यह सर्वेक्षण देश के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाने वाला वार्षिक कार्य हो जाएगा. ग्राहक संतुष्टि की सतत् आधार पर निगरानी करने के उद्देश्य से आपके बैंक ने अपनी वेबसाइट पर एक फीडबैक फॉर्म रखा है जिससे ग्राहक बैंक की रेटिंग कर सकें और सुधार के लिए सुझाव भी दे सकें. आपके बैंक ने आंतरिक ग्राहक सुझाव सॉफ्टवेयर भी विकसित किया है और बैंक के संपर्क बिंदुओं पर ग्राहकों से प्राप्त होने वाले सुझावों की जांच करने की प्रक्रिया भी शुरू की है. आपका बैंक बीएलसीएससी से प्राप्त सुझावों सहित ऐसे सभी सुझावों को कार्यान्वित करता है जो बैंक की मौजूदा नीति के अनुसार व्यवहार्य एवं वांछनीय पाये जाते हैं.

अक्तूबर 2011 के दौरान आपके बैंक के स्थापना दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरू तथा गुवाहाटी में बैठकें आयोजित की गईं. इन बैठकों में इन स्थानों के बैंकिंग लोकपालों

को ग्राहकों तथा स्टाफ सदस्यों के साथ परस्पर बातचीत करने और शिकायत प्रबंध तथा ग्राहक सेवा विषय पर उन्हें संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया था. इन बैठकों में आपके बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी में उपस्थित थे. बैठकों के दौरान बैंकिंग लोकपाल ने बैंकिंग लोकपाल योजना पर चर्चा की और ग्राहकों को उनके अधिकारों से अवगत कराया. बाद में, आपके बैंक ने बैंकिंग लोकपाल योजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित ग्राहकों को ई-मेल भेजे.

आपके बैंक ने 12 से 17 दिसंबर 2011 के दौरान '**ग्राहक सम्पर्क सप्ताह**' मनाया. संपूर्ण भारत में आयोजित इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ग्राहक सेवा में सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर ग्राहक सेवा में सुधार लाना, ग्राहकों तथा स्टाफ की शिकायतों को समझना और शाखाओं के रखरखाव में समग्र सुधार लाना था. सप्ताह के दौरान आयोजित कुछ कार्यकलाप थे - ग्राहक सम्पर्क सप्ताह के बारे में ग्राहकों को सूचित करते हुए आकर्षक बैनर का प्रदर्शन, हमारे फेस बुक पेज और अन्य सामाजिक प्रचार-माध्यमों जैसे ट्विटर तथा गुगल + कार्यकलापों का प्रदर्शन. ग्राहकों को उनके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले विभिन्न अधिकारों और क्या करें तथा क्या न करें के बारे में सूचित करते हुए ई-मेल भेजे गये जिनमें फिशिंग से संबंधित सूचना, उनके खातों, डेबिट कार्ड, पिन आदि के प्रयोग के बारे में एहतियात आदि शामिल हैं.

भविष्य में भी आपका बैंक उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के प्रावधान के माध्यम से ग्राहक आह्लाद प्राप्त करने के लिए प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं में सुधार जारी रखेगा. इसे आंतरिक समीक्षा एवं निगरानी के माध्यम से, उत्कृष्ट बाज़ार पद्धतियों का विश्लेषण द्वारा और साथ ही बहु चैनलों के माध्यम से ग्राहकों से प्राप्त फीडबैक के जरिए भी किया जाएगा. आपका बैंक फोन बैंकिंग यूनिट में "शिकायत समाधान मॉड्यूल" का कार्यान्वयन कर चुका है जिससे शिकायतों के त्वरित अग्रेषण और उनके समाधान में लगने वाले समय में कमी लाने में सहायता मिलेगी, और इस प्रकार कार्यकुशलता में सुधार होगा तथा ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि होगी. अगले कदम के रूप में, इस मॉड्यूल का कार्यान्वयन चरणबद्ध रूप से शाखाओं तथा प्रोसेसिंग यूनिटों में किया जाएगा. इसके अलावा, आपका बैंक रिज़र्व बैंक तथा आईबीए के दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राहक सेवा पर दामोदरन समिति की सिफारिशों को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया में है.

सूचना का अधिकार अधिनियम

विभिन्न लोक प्राधिकरणों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005' अधिनियमित किया गया है. आपके बैंक ने अपने कामकाज के विभिन्न पहलुओं पर आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत जानकारी माँगते हुए नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का उत्तर देने के लिए एक पुख्ता व्यवस्था बनाई है. बैंक ने कार्य के विभिन्न क्षेत्रों पर आवेदनों का उत्तर देने के लिए 25 केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) नामित किये हैं. इसके अलावा सभी शाखा प्रमुखों को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने और प्राप्त आवेदनों को नामित सीपीआईओ के पास भेजने के लिए केंद्रीय सहायक जन सूचना अधिकारी (सीएपीआईओ) के रूप में नामित किया गया है. बैंक ने व्यथित आवेदकों की अपीलों पर कार्रवाई करने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को अपील प्राधिकारी के रूप में नामित किया है. इसके अलावा सीआईसी के दिनांक 15 नवंबर 2010 के निदेश और 9 दिसंबर 2010 की अधिसूचना के अनुसार बैंक ने संस्थागत पारदर्शिता को बढ़ावा देने और आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक कार्यपालक निदेशक को पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नामित किया है. आरटीआई अधिनियम के विभिन्न पहलुओं के बारे में सीपीआईओ को नियमित आधार पर प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके अलावा आरटीआई अधिनियम के महत्व के बारे में बैंक के अधिकारियों को अवगत कराने के उद्देश्य से बैंक के जेएनआईबीएफ, हैदराबाद और बैंक के विभिन्न क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थानों में सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के एक हिस्से के रूप में आरटीआई अधिनियम पर एक विशिष्ट मॉड्यूल शामिल किया जा रहा है. बैंक के कामकाज से संबंधित समस्त जानकारी को शामिल करते हुए बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर आरटीआई अधिनियम पर एक अलग मेनू की व्यवस्था की गई है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान बैंक को आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत जानकारी मांगते हुए 807 आवेदन प्राप्त हुए. अधिकांश आवेदन बैंक के खुदरा बैंकिंग परिचालन कार्यों से संबंधित थे. आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी आवेदनों के उत्तर दिए गए.

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

आपके बैंक ने सरकारी निर्देशों के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना जारी रखा. आपके बैंक ने राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रखे. बैंक ने प्रधान कार्यालय के विभागों / वर्टिकलों तथा शाखाओं में हिंदी के प्रयोग के संबंध में लक्ष्यों को प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया. व्यापक जन समूह तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए बैंक ने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, दोनों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया. ग्राहकों की सुविधा के लिए आपके बैंक ने अधिकांश एटीएमों में हिंदी और अंग्रेजी, दोनों में अनुदेश प्रदर्शित किए हैं. बैंक की वेबसाइट पर हिंदी में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है. समीक्षाधीन अवधि के दौरान प्रौद्योगिकी सक्षम वातावरण में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए संगठित प्रयास किये गये. क्षेत्र 'क' में स्थित आपके बैंक की सभी शाखाओं में पास बुक, मांग ड्राफ्ट, पे ऑर्डर, लेखा विवरण आदि ग्राहकों की मांग पर हिंदी में प्रिंट करने के लिए 'स्क्रिप्ट मैजिक' नामक एक फोंट कन्वर्टर लगाया गया है. स्टाफ सदस्यों में जागरूकता पैदा करने और उन्हें राजभाषा नीति और भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के प्रावधानों से परिचित

कराने के के उद्देश्य से देश भर में विभिन्न केंद्रों पर राजभाषा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और हिंदी सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण दिया गया.

हिंदी दिवस समारोह के एक भाग के रूप में अखिल भारतीय स्तर पर और प्रधान कार्यालय में विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं, व्याख्यान एवं कार्यक्रम आयोजित किये गए. प्रधान कार्यालय में स्टाफ सदस्यों के लिए आहार विज्ञान एवं स्वास्थ्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. हिंदी दिवस समारोह के दौरान गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती की स्मृति में उनकी 4 प्रसिद्ध कहानियों का नाट्य मंचन किया गया और हिंदी में उनके प्रसिद्ध सुविचार पर आधारित एक विशेष हिंदी पोस्टर भी प्रकाशित किया गया. वर्ष के दौरान बैंक की योजनाओं पर हिंदी में पोस्टर/ फ्लायर / लीफलेट्स प्रकाशित किये गये. आपके बैंक ने स्टाफ सदस्यों के लिए हिंदी में 'सुविचार संग्रह' डेस्क कैलेंडर का पुनः प्रकाशन करवाया, जिसमें सकारात्मक सोच, कार्य संस्कृति और कर्तव्य के प्रति वचनबद्धता से जुड़े 366 सुविचारों को शामिल किया गया है. वर्ष के दौरान 'बदलते परिवेश में भाषा की बदलती भूमिका' विषय पर एक राजभाषा अधिकारी सम्मेलन का आयोजन भी किया गया.

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति ने आपके बैंक की गंगटोक तथा करोल बाग, नई दिल्ली शाखाओं में कार्यालयीन कार्यों में हिंदी की प्रगति का निरीक्षण किया. इसके अलावा, संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति ने जयपुर का निरीक्षण दौरा किया और आपके बैंक की जयपुर शाखा के प्रभारी से चर्चा की. समिति ने इन शाखाओं द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की.

अपने रोजमर्रा के कामकाज में और संप्रेषण के अन्य क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने में आपके बैंक के प्रयासों को विभिन्न स्तरों पर सराहना मिली है. आपके बैंक की नई दिल्ली, जयपुर, जम्मू शाखाओं और विशेषीकृत कॉरपोरेट शाखा, भोपाल को हिंदी के प्रयोग में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों से पुरस्कार प्राप्त हुए. आपके बैंक की त्रैमासिक हिंदी पत्रिका 'विकास प्रभा' को भारतीय रिज़र्व बैंक की हिंदी गृहपत्रिका प्रतियोगिता में शील्ड प्राप्त हई. आपके बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर. एम. मल्ला ने भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर से यह पुरस्कार ग्रहण किया. साथ ही, कई अन्य सुप्रसिद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संगठनों, जैसे पब्लिक रिलेशन्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई), आशीर्वाद संस्था तथा राजभाषा किरण संस्थान द्वारा भी 'विकास प्रभा' को पुरस्कृत किया गया.

कॉरपोरेट संवाद

आपके बैंक का कॉरपोरेट संवाद विभाग अपने अंशधारकों को आपके बैंक की कॉरपोरेट संस्कृति, पहचान व दर्शन सामरिक रूप से संप्रेषित करता है. आपके बैंक से संबंधित जानकारी को तैयार कर विज्ञापन, जनसंपर्क, सामाजिक मीडिया, आंतरिक संप्रेषण आदि माध्यमों द्वारा प्रमुख श्रोताओं / दर्शकों को संप्रेषित कर दिया जाता है. आपका बैंक आंतरिक व बाह्य मार्केटिंग अभियानों व गतिविधियों के ज़रिए अपनी साख को सतत् बेहतर व मजबूत करना चाहता है. इसके अलावा आवधिक रूप से बाज़ार अनुसंधान भी किया जाता है ताकि सतत रूप से संप्रेषण के तरीकों का मूल्यांकन कर इनमें सुधार लाया जा सके.

वर्ष के दौरान आपके बैंक द्वारा विज्ञापन और प्रचार के लिए जो कदम उठाये गये वे 'सभी के लिए बैंकिंग' सुविधाएं मुहैया कराने के कारोबारी दर्शन के अनुरूप थे. वर्ष के दौरान विज्ञापन एवं प्रचार पहलों में छवि निर्माण पर विशेष ध्यान देना जारी रहा, जिसमें ग्राहकों के साथ आपके बैंक के प्रगाढ़ रिश्तों पर जोर दिया गया. तद्नुसार टीवी, प्रिंट, रेडियो, आउटडोर व ऑनलाइन आदि संप्रेषण माध्यमों में नवोन्मेषी व सघन अभियान चलाकर इसे संप्रेषित किया गया.

उभरते ग्राहक का जनसांख्यिकीय आधार देखते हुए तथा ग्राहक तक पहुँचने के लिए नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी समाधानों के महत्व को समझते हुए आपके बैंक ने डिजिटल मीडिया पर विशेष ज़ोर दिया. वर्ष के दौरान आपके बैंक ने आधिकारिक रूप से फेसबुक, ट्विटर, यू ट्यूब, गुगल + जैसे विभिन्न सामाजिक मीडिया प्लेटफॉर्मों पर अपनी उपस्थिति मजबूती के साथ दर्ज की. आपका बैंक देश का ऐसा पहला बैंक बना जिसके फेसबुक पर 5,00,000 फैन हों. समीक्षाधीन वर्ष में फेसबुक पर इसके अनुयायियों की संख्या 6,25,000 को पार कर गई, जोकि भारत के बैंकों में सर्वाधिक है. आपका बैंक देश का ऐसा पहला बैंक बना जिसका गुगल + पर अपना आधिकारिक ब्रांड पेज है. गुगल + पर अब तक 15,000 से अधिक लोगों के सर्कल में आईडीबीआई बैंक शामिल हो चुका है और वे गुगल + पोस्ट से अपडेट हो रहे हैं. आपके बैंक के ट्विटर पर भी 15,000 अनुयायी हैं और इस क्षेत्र में भी यह देश का पहला बैंक है. आपके बैंक ने अपना यू ट्यूब ब्रॉंड चैनल भी शुरू किया जिसके 7,000 से अधिक अभिदाता हैं और यह संख्या भारत के बैंकों में सर्वाधिक है. आपके बैंक ने डिजिटल क्षेत्र में और भी कई नवोन्मेषी गतिविधियाँ कीं, जैसे संयुक्त राज्य में एनआरआई के लिए आई-फोन आधारित अभियान और खाड़ी के ग्राहकों के लिए एंड्रॉइड फोन आधारित अभियान. आपके बैंक ने क्विक रिस्पाँस कोड भी निर्मित किए जो अपनी त्वरित पठनीयता व अपेक्षाकृत वृहत भंडारण क्षमता के चलते लोकप्रिय हुए.

आपके बैंक ने देश के लाखों लोगों तक आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं पहुँचाने के लिए मोबाइल बैंकिंग सुविधा शुरू की. इसके तहत एक बस को मोबाइल एटीएम शाखा में तब्दील कर देश में विकास गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए आईडीबीआई टॉवर, मुंबई से 'विकास यात्रा' निकाली गई. इस बस ने मुंबई से पश्चिम बंगाल के जाँगीपुर तक का सफर किया और नागपुर व रायपुर में लंबे समय तक रुकी रही. इस मोबाइल वैन का उद्घाटन तत्कालीन वित्त मंत्री माननीय श्री प्रणब मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल के जाँगीपुर में क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास

के उद्देश्य से किया. भारतीय टीम को विश्व कप फाइनल मैच के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आपके बैंक ने मुंबई में विशेष अभियान चलाते हुए एक बड़े क्रिकेट बैट पर हस्ताक्षर लिए और स्टेडियम की ओर जाने वाले रास्तों पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से व्यक्तिगत संपर्क किया. 'मैजिक कार्ड' ऐसा पहला डेबिट कार्ड है, जिसमें वेतनभोगी लोगों के लिए क्रेडिट लिमिट है. इसका उद्घाटन कोलकाता में एक जादुई कार्यक्रम में किया गया. इस प्रोडक्ट का प्रचार प्रमुख वित्तीय अखबारों व आउटडोर मीडिया के ज़रिए किया गया. युवाओं को आकृष्ट करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर 'बीइंग मी' नामक युवा खाता शुरू किया गया. एक प्रमुख हिंदी समाचार चैनल पर 'सवाल इंडिया का' नामक 13 सप्ताह का क्विज़ शो प्रायोजित किया गया, जिसमें युवाओं को एक संवाद मंच उपलब्ध कराते हुए उन्हें अपना पहला बचत खाता आपके बैंक में खोलने के लिए प्रेरित किया गया.

विशिष्ट ग्राहक खंडों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न वर्टिकलों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के विज्ञापन जारी किए गए. इंटरनेशनल डेबिट कम एटीएम कार्ड, गिफ्ट कार्ड व चौबीसों घंटे लॉकर जैसे पर्सनल बैंकिंग उत्पादों पर जोर देते हुए क्षेत्रीय भाषा की कमर्शियल फिल्म में इसे शामिल किया गया, जो शीघ्र ही प्रदर्शित होगी.

विज्ञापन जगत की तरह ही, आपके बैंक द्वारा जन-संपर्क के क्षेत्र में भी कई पहल कार्य किए गए. आपके बैंक की जनसंपर्क गतिविधियाँ बैंक के ग्राहक-उन्मुख पहल कार्यों के प्रचार-प्रसार पर केंद्रित होती हैं. आपका बैंक सोची समझी नीति के तहत मीडिया में अधिक दिखाई देने के लिए शीर्ष प्रबंधन का मीडिया से संवाद आयोजित करवाता रहता है तथा देश के विभिन्न भागों में नियमित रूप से संवाददाता सम्मेलन भी आयोजित करता है. इन सम्मेलनों में मीडिया ने बड़ी संख्या में भाग लिया और आपके बैंक को प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक, दोनों ही मीडिया में भरपूर कवरेज मिला. आपके बैंक के प्रोडक्ट संबंधी सूचना संप्रेषण व उपलब्धियों व गतिविधियों समेत अन्य संप्रेषणों को भी अच्छा कवरेज मिला. प्रमुख प्रकाशनों व टीवी चैनलों ने आपके बैंक के ब्याज दरों में परिवर्तन जैसे विभिन्न कारोबारी निर्णयों को भी नियमित रूप से प्रसारित किया.

आपके बैंक ने अपने आंतरिक अंशधारकों अर्थात अपने कर्मचारियों से भी प्रभावी संप्रेषण पर ध्यान दिया. कर्मचारियों से दोतरफा संवाद स्थापित करने के लिए आपके बैंक के कॉरपोरेट इंट्रानेट पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से संवाद हेतु ब्लॉग शुरू किया गया. इसका उद्देश्य कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनसे फीडबैक प्राप्त करना है ताकि वे आपके बैंक के दूत के रूप में कार्य कर सकें.

आपके बैंक के विभिन्न संप्रेषणों को पुरस्कार व सम्मान प्राप्त हुए. आपके बैंक को प्रतिष्ठित पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) के एनुअल कॉरपोरेट कोलेटरल अवार्ड 2012 में 8 पुरस्कार प्राप्त हुए. इकॉनॉमिक टाइम्स द्वारा ब्रांड फाइनेंस, यूके के संयुक्त तत्वाधान में जारी की गई देश के 50 शीर्ष 'सुपर ब्रॉंड' और 'पॉवर ब्रॉंड' में आपके बैंक का नाम है. ब्रॉंड फाइनेंस (वर्ष 1996 से ब्रॉंडों का मूल्यांकन करने वाले प्रमुख वैश्विक संगठन) ने आपके बैंक को विश्व के शीर्ष 500 बैंकों में चुना है.

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान पुरस्कार व सम्मान

समीक्षाधीन अवधि के दौरान आपके बैंक को कई पुरस्कार प्राप्त हुए. आपके बैंक को 20 सितंबर 2011 को ग्राहक सेवा केंद्र व अपने इन-हाउस जरनल के लिए आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन प्राप्त हुआ. आपके बैंक को 'सीएनबीसी टीवी 18 स्पेशल जूरी अवार्ड' मिला और सितंबर 2011 में ही इसे श्रेष्ठ बैंक व श्रेष्ठ पब्लिक सेक्टर बैंक की श्रेणी में दून एंड ब्राडशीट बैंकिंग अवार्ड 2011 मिले.आपके बैंक को मई 2011 में तृतीय दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जरनल (डीएसआईजे) पीएसयू अवार्ड के दौरान वर्ष के सर्वश्रेष्ठ बैंक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया. अप्रैल 2011 में आपके बैंक को बेस्ट डाटा एंड एनालिसिस प्रोजेक्ट हेतु एशियन बैंकर टेक्नॉलॉजी इंप्लीमेंटेशन अवार्ड 2011 मिला. अप्रैल 2012 में आपके बैंक की सभी केंद्रीकृत समाशोधन इकाइयों (सीसीयू) को आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन प्राप्त हुआ. मार्च 2011 में आपके बैंक को आईबीए का प्रतिष्ठित बैंकिंग टेक्नॉलॉजी अवार्ड भी मिला.

श्री वयम्

आपके बैंक की प्रतिष्ठित द्विभाषी (हिंदी-अंग्रेज़ी) गृहपत्रिका 'श्री वयम्' अब अपने प्रकाशन के 27वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है. वयम आपके कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों में सतत रूप से जोश और उमंग पैदा कर रही है. आपकी गृहपत्रिका की कॉरपोरेट जगत में अपनी विशेष पहचान व महत्व है. इसकी सफलता के सेहरे में एक तमगा और लग गया जब इसे आईएसओ 9001:2008 प्रमाणन से नवाज़ा गया. संभवतः ऐसा सम्मान पाने वाली यह देश की एकमात्र गृह पत्रिका है. वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) द्वारा इसे गृह पत्रिका और अंग्रेज़ी फीचर श्रेणियों में दो कांस्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. इसे एफईआई कारगो, मुंबई द्वारा आयोजित आईसीई प्रतियोगिता में श्रेष्ठता प्रमाणपत्र भी मिला.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल कार्य

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) स्थानीय समुदाय की आजीविका में सुधार लाने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करते हुए और कारोबार तथा बड़े पैमाने पर समुदाय को लाभान्वित करते हुए सतत् आर्थिक विकास में योगदान देने के प्रति कारोबारी प्रतिबद्धता का द्योतक है. आपके बैंक ने अपने तात्कालिक व्यापार लक्ष्यों से ऊपर उठकर सदैव समाज की बेहतरी के लिए कार्य किया है.

आपका बैंक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, किसान समुदाय के लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि जागरूकता कैम्प लगा रहा है, धर्मादा संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों, अस्पतालों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है और स्थापना दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर कॉरपोरेट सेंटर में तथा समूचे भारत में सभी शाखाओं में रक्तदान शिविर लगा रहा है. संकेंद्रित ध्यान प्रदान करने के लिए आपका बैंक शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पर्यावरण, ग्रामीण बुनियादी सुविधा, सामाजिक सशक्तीकरण आदि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीएसआर पहल कार्यों पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित एक व्यापक कार्यक्रम चला रहा है.

सुविधाएं एवं बुनियादी सेवाएं

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आपके बैंक ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), मुंबई में करेंसी चेस्ट तथा अपने जेएनआईबीएफ, हैदराबाद प्रशिक्षण संस्थान में ट्विन शेयरिंग होस्टल हेतु 50 कमरों का निर्माण व साज-सज्जा का काम पूरा किया. आपके बैंक ने आईडीबीआई टॉवर, मुंबई में प्रीमियर लॉकर सुविधा, 150 नई शाखाओं, खुदरा परिसंपत्ति केंद्र (आरएसी), रिटेल प्रोसेसिंग यूनिटों (आरपीयू) तथा 21 पुनर्वस्थित शाखाओं में साज-सज्जा का काम भी पूरा किया. वर्ष के दौरान बैंक ने 21 मौजूदा शाखाओं का नवीनीकरण भी किया.

आपका बैंक ग्राहक केंद्रित उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाले देश के अग्रणी बैंकों में से एक है तथा यह आधुनिकतम प्लेटफॉर्म पर कार्य करता है. इसके चलते आपके बैंक को परिचालनात्मक उत्कृष्टता प्राप्त करने में तथा अपनी योजनाओं व सेवाओं में नवोन्मेषिता के ज़रिए अपने प्रतियोगियों से आगे निकलने में सहायता मिली है. आपके बैंक में सूचना प्रौद्योगिकी संरचना, उत्पाद एवं प्रक्रिया नवोन्मेषण, बैक ऑफिस परिचालनों और अत्यधिक प्रौद्योगिकी आधारित राष्ट्रीय संपर्क केंद्र सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन ने सुनिश्चित किया है कि प्रौद्योगिकी बैंक की सेवाओं तथा आंतरिक परिचालनों का आधार बनी रहे. सभी सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कार्यकलापों का प्रबंधन आपके बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक संस्था आईडीबीआई इंटेक लि. द्वारा व्यावसायिक तौर पर किया जाता है.

आपके बैंक ने ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए कई पहल कार्य किए हैं जिनसे आपके बैंक के विकास में काफी सहायता मिली है. वर्ष के दौरान प्रौद्योगिकीय सहायता से कई नवोन्मेषी उपाय शुरू किए गए. इसके अलावा आपका बैंक आंतरिक व बाह्य, दोनों ग्राहकों के लिए प्रौद्योगिकी के प्रयोग में सुरक्षा फीचर को मज़बूत करता रहा है.

आपका बैंक ग्राहकों को नेट बैंकिंग सुविधा के ज़रिए विभिन्न करों का भुगतान करने की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिसके ज़रिए ग्राहक केंद्र व राज्य सरकार के करों का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं. ग्राहकों ने इस सुविधा का स्वागत किया है और इन लेन-देनों की राशि पिछले वर्ष के मुकाबले कई गुना बढ़ गई है.

आवास ऋण व शैक्षणिक ऋण लेनेवाले ग्राहकों की अधिक सुविधा के लिए बैंक ने एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसमें ग्राहक अपने प्रत्ययों के ज़रिए लॉग-इन करके कर की गणना के प्रयोजन हेतु ख़ुद का अंतिम प्रमाणपत्र, अनंतिम प्रमाणपत्र व विवरण प्राप्त कर सकते हैं. आपके बैंक ने भावी एसएमई उधारकर्ताओं के लिए वेब-आधारित आवेदन तैयार किया है, जिसे वे ऑनलाइन भरकर वित्तीय सहायता हेतु आवेदन कर सकते हैं व अपने आवेदन की प्रगति भी मालूम कर सकते हैं.

आपके बैंक ने काग़ज़विहीन होते हुए और शेयरधारकों को दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजते हुए कॉरपोरेट अभिशासन में हरित पहल की है. आपके बैंक ने शेयरधारकों को महासभा की सूचना / अन्य सूचनाएं, वार्षिक रिपोर्ट आदि दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे हैं. हरित पहल के हिस्से के रूप में आंतरिक प्रणाली के कई कार्यों को ऑटोमैटिक रूप देते हुए काग़ज़ का उपयोग कम किया गया है.

आपके बैंक ने अपनी कई बैक ऑफिस प्रणालियों को ऑटोमैटिक करते हुए समग्र परिचालन क्षमता बढ़ाई है और ग्राहकों के लिए कार्यान्वयन समय कम किया है. बैक ऑफिस की कई प्रणालियों का केंद्रीकरण भी किया है ताकि शाखाओं को अपना पूरा ध्यान ग्राहकों पर केंद्रित करने में मदद मिल सके. आपके बैंक ने स्टाफ के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म के ज़रिए डेस्क पर ही प्रशिक्षण देने का सिलसिला शुरू किया है ताकि वे परिचालन संबंधी जानकारी में सुधार कर बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान कर सकें.

आपके बैंक ने हिंदी भाषा के कार्यान्वयन की राष्ट्रीय भावना को अपनाते हुए ग्राहकों को खातों के विवरण, पासबुक, पत्र आदि हिंदी में भेजने के लिए द्विभाषिक सॉफ्टवेयर की सुविधा लगाई है. यहाँ तक कि आपके बैंक द्वारा प्रयुक्त कोर बैंकिंग समाधान को भी द्विभाषिक रूप में परिवर्तित किया गया है.

आपके बैंक ने ग्राहकों को भेजे जानेवाले एसएमएस अलर्ट में कई नए फीचर भी जोड़े हैं. सभी चैनलों द्वारा हुए लेन-देनों, आरटीजीएस के तहत लेन-देनों, एटीएम रिवर्सल लेन-देनों आदि के लिए अलर्ट भेजने के अलावा साप्ताहिक बैलेंस अलर्ट, चेक का भुगतान रोकने संबंधी अलर्ट भी भेजे जाते हैं. यह अलर्ट सुविधा ऑटोमैटिक है व इसमें कोई मानवीय दखल नहीं है.

आपका बैंक ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित निपटान करने के लिए हमेशा कदम उठाता रहा है. आपके बैंक ने एसएमएस के ज़रिए शिकायत करने की सुविधा शुरू की है, जिसके अंतर्गत ग्राहक को 'IDBICARE' टाइप करना होगा और उनके पास फोन कॉल आ जाएगा, जिसके ज़रिए वे अपनी शिकायत बता सकेंगे.

आपका बैंक डाटा सेंटर व आपदा प्रबंधन साइट के हार्डवेयर व नेटवर्किंग साधनों का लगातार उन्नयन करता रहता है ताकि ग्राहकों को प्रणालियों का बेहतर कार्य-निष्पादन मिल सके. आपके बैंक ने कई कोर प्रणालियों के हार्डवेयर का उन्नयन किया है ताकि लेन-देनों पर बड़ी संख्या में कार्रवाई हो सके.

आपके बैंक ने आईएसओः 27001 ढांचे पर अमल करते हुए सूचना सुरक्षा की बेहतरीन पद्धतियों को लागू किया है और चालू वर्ष के लिए भी प्रमाणन का नवीनीकरण कराया है. ग्राहकों को निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने के लिए आपका बैंक नियमित अंतरालों पर योजनाबद्ध डिजास्टर रिकवरी (डीआर) अभ्यास करता है. इस ड्रिल के एक भाग के रूप में कोर बैंकिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण अनुप्रयोग, जिसमें एटीएम, इंटरनेट, मोबाईल और फोन बैंकिंग जैसे वैकल्पिक चैनल शामिल हैं, डिजास्टर रिकवरी साइट से सफलतापूर्वक परिचालित किए जाते हैं. सतत् तथा निर्बाध सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में यह आपकी बैंक की ओर से एक और पहल है.

समय-समय पर आपके बैंक ने ग्राहकों को ई-मेल व एसएमएस भेजकर तथा मीडिया के जरिए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग आदि के बारे में जागरूक करना जारी रखा है. बैंक का राष्ट्रीय संपर्क केंद्र ग्राहकों के प्रश्नों का समाधान करने के लिए सुसज्जित है. आपका बैंक ग्राहकों की कार्यान्वयन समय संबंधी शिकायतों पर सेवा डेस्क के ज़रिए निगरानी रखता है और ग्राहकों की समस्याओं के शीघ्र निपटान हेतु कदम उठाता है.

उक्त सभी कार्य यह दर्शाते हैं कि आपका बैंक ग्राहकों के लाभ के लिए अभिनव उत्पाद एवं सेवाएं प्रारंभ करने में प्रौद्योगिकी के प्रयोग के क्षेत्र में सबसे आगे रहने का प्रयास कर रहा है. आपके बैंक की वेबसाइट को इस्तंबुल, तुर्की में एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में विकास वित्तीय संस्थाओं के संघ (ऐडफिएप) द्वारा वर्ष 2012 के लिए ''सर्वश्रेष्ठ वेबसाइट पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया है.

कॉरपोरेट अभिशासन का दर्शन

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (बैंक) अपने परिचालनों में कॉरपोरेट अभिशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक की नीतियां व पद्धतियां न सिर्फ सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप हैं, बल्कि अपने अंशधारकों के सर्वोत्तम हित में काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करती हैं. अभिशासन के उच्च मानकों को बनाये रखने का दायित्व आपके बैंक के निदेशक मंडल तथा बोर्ड की विभिन्न समितियों पर है जिन्हें विधिक एवं विनियामक प्रावधानों तथा बैंकिंग परंपराओं के ढांचे के भीतर आवश्यक प्रकटीकरण करने सहित बेहतरीन कॉरपोरेट अभिशासन पद्धतियों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के अधिकार प्राप्त हैं.

इस दिशा में बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि बैंक के निदेशक मंडल का गठन निर्धारित मानदंडों के अनुसार होता रहे, निर्धारित अंतराल पर इसकी नियमित बैठकें हों, यह प्रभावी नेतृत्व प्रदान करे, प्रबंधन पर नियंत्रण रखे, कार्यपालकों के कार्य-निष्पादन पर निगरानी रखे तथा समुचित प्रकटीकरण करे. इसके अतिरिक्त, रणनीतिक नियंत्रण ढांचे की स्थापना और इसकी प्रभावशीलता की निरंतर समीक्षा तथा नीति निर्माण, कार्यान्वयन और समीक्षा के लिए स्पष्ट दस्तावेजीकृत तथा पारदर्शी प्रबंध प्रक्रियाओं की स्थापना, निर्णयन, निगरानी, नियंत्रण तथा रिपोर्टिंग आदि अन्य नीतिगत दिशा-निर्देश हैं. बैंक बोर्ड को सभी संबद्ध जानकारी, सूचनाएं तथा संसाधन उपलब्ध कराता है जिससे वे अपनी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभा सकें.

निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का दायरा व्यापक है और इसका गठन बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 1956 एवं बैंक के संस्था अन्तर्नियमों से शासित है तथा यह स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार में वर्णित कॉरपोरेट अभिशासन की अपेक्षाओं को पूरा करता है. बोर्ड स्वयं और बैंक के महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने के लिए गठित बोर्ड की विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है.

31 मार्च 2012 को बोर्ड में 6 निदेशक थे, जिनमें 2 कार्यपालक निदेशक (अध्यक्ष सहित), 1 गैर-कार्यपालक निदेशक और 3 स्वतंत्र निदेशक थे. 31 मार्च 2012 को बोर्ड में कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक; कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक; गैर-कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री पी.के. चौधरी, केंद्र सरकार के अधिकारी; तथा स्वतंत्र निदेशकों के रूप में श्री सुभाष तुली, डॉ. बी.एस. बिष्ट और श्री पी.एस. शेनॉय बोर्ड में शामिल थे.

निदेशकों के बीच परस्पर संबंध

आपके बैंक के बोर्ड में कोई भी निदेशक बैंक के बोर्ड के अन्य निदेशक से किसी भी रूप में संबद्ध नहीं है.

बोर्ड की कुल 8 (आठ) समितियां हैं,यथा कार्यपालक समिति, लेखापरीक्षा समिति, शेयरधारक / निवेशक शिकायत निवारण समिति, धोखाधड़ी निगरानी समिति, जोखिम प्रबंध समिति, ग्राहक सेवा समिति, सूचना प्रौद्योगिकी समिति और पारिश्रमिक समिति.

निदेशक मंडल की बैठकें

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2011 - 31मार्च 2012) के दौरान बोर्ड की कुल नौ बैठकें हुईं, जो 19 अप्रैल 2011, 17 जून 2011, 30 जुलाई 2011, 8 सितंबर 2011, 20 अक्तूबर 2011, 26 नवंबर 2011, 31 जनवरी 2012, 02 मार्च 2012 और 28 मार्च 2012 को संपन्न हुईं. सभी नौ बैठकें मुंबई में ही आयोजित हुईं.

आपके बैंक के प्रत्येक निदेशक की बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति, गत वार्षिक महासभा (एजीएम) में उपस्थिति, अन्य कंपनियों में निदेशकता और समितियों में सदस्यता का ब्योरा **तालिका 5** में दिया गया है.

तालिका 5 : बोर्ड की बैठकों एवं वार्षिक महासभा में निदेशकों की उपस्थिति, उनकी निदेशकता और समितियों की सदस्यता				
निदेशकों के नाम	**बैंक के बोर्ड की बैठकों में उपस्थिति (बैठकों की कुल संख्या - 9)**	**08 सितंबर 2011 को संपन्न गत वार्षिक महासभा में उपस्थिति**	**अन्य कंपनियों में निदेशकता**	**अन्य कंपनियों में एसीबी/एसजीसी सदस्यता (अध्यक्षता)**
पूर्णकालिक निदेशक				
श्री आर.एम. मल्ला अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	9	उपस्थित	5	शून्य
श्री बी.पी. सिंह उप प्रबंध निदेशक (31.01.12 तक)	7	उपस्थित	3	1
श्री बी.के. बत्रा उप प्रबंध निदेशक (13.01.12 से)	3	लागू नहीं	3	2
गैर-कार्यपालक निदेशक				
श्री राकेश सिंह (23.03.12 तक)	6	उपस्थित नहीं	0	शून्य
श्री आर.पी. सिंह (09.12.11 तक)	3	उपस्थित नहीं	2	शून्य
श्री पी.के. चौधरी (09.12.11 से)	0	लागू नहीं	2	शून्य
स्वतंत्र निदेशक				
श्री अनलजीत सिंह (01.05.11 तक)	0	लागू नहीं	13	शून्य
श्रीमती लीला फिरोज़ पूनावाला (01.08.11 तक)	3	लागू नहीं	4	1(1)
श्री के. नरसिम्ह मूर्ति (17.08.11 तक)	3	लागू नहीं	5	4(3)
श्री एच.एल. जुत्शी (17.08.11 तक)	2	लागू नहीं	4	1(1)
श्री सुभाष तुली	9	उपस्थित	शून्य	शून्य
डॉ. बी.एस. बिष्ट	7	उपस्थित	शून्य	शून्य
श्री पी.एस. शेनॉय (30.07.2011 से)	6	उपस्थित	5	4(2)

अंतिम कॉलम में कोष्ठक में दिए गए आंकड़े समितियों की अध्यक्षता की संख्या दर्शाते हैं.

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2012 को बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति (एसीबी) में एक कार्यपालक निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशकों सहित चार सदस्य थे. श्री सुभाष तुली, सनदी लेखाकार लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, डॉ. बी.एस.बिष्ट एवं श्री पी.एस. शेनॉय इसके अन्य सदस्य थे . श्री बी.के. बत्रा कार्यपालक निदेशक थे और शेष तीन सदस्य स्वंतत्र गैर-कार्यपालक निदेशक थे. एसीबी की भूमिका और उसके अधिकार कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292ए के प्रावधानों, रिज़र्व बैंक के संबंधित दिशानिर्देशों और सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 के अनुसार थे, जो नीचे उल्लिखित हैं :

<u>लेखापरीक्षा समिति के अधिकार (संशोधित खंड 49 के अनुसार)</u>

1. विचारार्थ विषयों के अंतर्गत किसी भी कार्यकलाप की जांच-पड़ताल करना
2. किसी भी कर्मचारी से सूचना मांगना
3. जहाँ कहीं आवश्यक हो बाहरी कानूनी या व्यावसायिक सलाह लेना
4. आवश्यक समझे जाने पर संबद्ध क्षेत्र की विशेषज्ञता रखने वाले बाहरी व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित करना.

<u>लेखापरीक्षा समिति की भूमिका (संशोधित खंड 49 के अनुसार)</u>

1. वित्तीय विवरणों की शुद्धता, पर्याप्तता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जाँच तथा इसकी वित्तीय सूचनाओं का प्रकटीकरण.
2. रिज़र्व बैंक और शेयरधारकों के अनुमोदन के तहत लेखापरीक्षकों की नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति और लेखापरीक्षा शुल्क निर्धारण की बोर्ड को सिफारिश करना.
3. सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा दी गई अन्य सेवाओं, यदि कोई हो, के लिए भुगतान की सिफारिश करना.
4. वार्षिक वित्तीय विवरणों को बोर्ड के पास अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले निम्नलिखित संदर्भों में प्रबंधन के साथ समीक्षा करना:
   - क. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के खंड (2एए) की शर्तों के अनुसार निदेशक के दायित्व संबंधी विवरण में शामिल किए जानेवाले विषयों को बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल करना
   - ख लेखांकन से जुड़ी नीतियों और पद्धतियों में बदलाव, यदि कोई हो, तथा उसके कारण
   - ग. प्रबंधन के निर्णय के प्रयोग पर आधारित प्रमुख लेखा प्रविष्टियां
   - घ. लेखापरीक्षा निष्कर्षों के आधार पर वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन
   - ङ. सूचीबद्धता तथा वित्तीय विवरणों से संबंधित अन्य कानूनी अपेक्षाओं का अनुपालन
   - च. किसी संबद्ध पार्टी के साथ लेन-देनों का प्रकटीकरण
   - छ. लेखापरीक्षा रिपोर्ट के मसौदे में अर्हताएं
5. बोर्ड के पास अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले तिमाही वित्तीय विवरणों की प्रबंधन के साथ समीक्षा.
6. सांविधिक और आंतरिक लेखा-परीक्षकों के कार्यनिष्पादन तथा आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता के बारे में प्रबंधन के साथ समीक्षा.
7. आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य, यदि कोई हो, की पर्याप्तता के बारे में समीक्षा, जिसमें आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग की संरचना, स्टाफ की संख्या तथा विभाग का नेतृत्व करने वाले अधिकारी की वरिष्ठता, रिपोर्टिंग ढांचे और आंतरिक लेखापरीक्षा की आवधिकता शामिल हो.
8. किसी महत्वपूर्ण निष्कर्ष और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई पर आंतरिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श.
9. लेखापरीक्षा के स्वरूप और कार्य-क्षेत्र के बारे में सांविधिक लेखा-परीक्षकों के साथ विचार-विमर्श साथ ही चिंताजनक विषय का पता लगाने के लिए लेखापरीक्षा के उपरांत विचार-विमर्श.
10. लेखापरीक्षा समिति के विचारार्थ विषयों में उल्लिखित कोई अन्य कार्य.

<u>लेखापरीक्षा समिति द्वारा सूचना की समीक्षा(संशोधित खंड 49 के अनुसार)</u>

1. प्रबंधन से विचार-विमर्श तथा वित्तीय स्थिति और परिचालन-परिणामों की समीक्षा
2. प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत विशेष महत्व वाले संबद्ध पक्ष लेन-देनों का विवरण (लेखापरीक्षा समिति द्वारा परिभाषित किए गए अनुसार).
3. सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जारी प्रबंधन संबंधी पत्र/आंतरिक नियंत्रण में शिथिलता संबंधी पत्र
4. आंतरिक नियंत्रण संबंधी शिथिलता के बारे में आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक की अवधि के दौरान एसीबी की दस बैठकें हुईं, जो 19 अप्रैल 2011, 20 अप्रैल 2011, 18 जून 2011, 29 जुलाई 2011, 9 सितंबर 2011, 19 अक्तूबर 2011, 26 नवंबर 2011, 31 जनवरी 2012, 02 मार्च 2012 और 29 मार्च 2012 को संपन्न हुईं.

निदेशकों को पारिश्रमिक

पारिश्रमिक नीति

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है और उनका पारिश्रमिक एवं परिलब्धियां भारत सरकार द्वारा तय की जाती हैं. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक का विवरण **तालिका 6** में दिया गया है. अन्य स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड / समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक ₹ 5,000 (बोर्ड, कार्यपालक समिति और लेखापरीक्षा समिति की बैठकों के लिए) और प्रति बैठक ₹ 2,500 (बोर्ड की अन्य समितियों की बैठक) की दर से केवल बैठक शुल्क अदा किया गया है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को पारिश्रमिक और स्वतंत्र निदेशकों को बैठक शुल्क के अलावा बैंक द्वारा उनकी यात्रा, रहने तथा परिवहन पर हुए खर्च को छोड़कर, निदेशकों को कोई और पारिश्रमिक अदा नहीं किया गया. गैर-कार्यपालक निदेशकों के बैंक के साथ समीक्षाधीन अवधि के दौरान आर्थिक संबंध/लेन-देन शून्य रहे.

तालिका 6 : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों के पारिश्रमिक के घटक

वेतन और भत्ते (सरकारी आदेशों के अनुसार)	श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - ₹ 80,000/- प्रति माह का वेतन और 65% की दर से ₹ 52,000 महंगाई भत्ता. कुल ₹ 1,32,000/- श्री बी. पी. सिंह, उप प्रबंध निदेशक - ₹ 68,960/- प्रति माह का वेतन और 58% की दर से ₹ 39,997/- महंगाई भत्ता. कुल ₹ 1,08,957/- श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक - ₹ 68,960/- प्रति माह का वेतन और 58% की दर से ₹ 39,997/- महंगाई भत्ता. कुल ₹ 1,08,957/-
आतिथ्य	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशक, दोनों के संबंध में प्रत्येक के लिए ₹ 6000 प्रति वर्ष की अधिकतम सीमा के अधीन वास्तविक आतिथ्य (क्लब की सदस्यता उपर्युक्त अधिकतम सीमा के भीतर समायोज्य)
आवास	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक, दोनों को किराया-मुक्त सज्जित आवास
छुट्टी यात्रा रियायत	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशक, दोनों के लिए आधिकारिक दौरे हेतु लागू पात्रता श्रेणी के अनुसार स्वयं एवं परिवार के लिए भारत में किसी भी स्थान की यात्रा के लिए 2 वर्षों के ब्लॉक में एक बार
पेंशन	बैंक ,जहां वे कैरियर पद पर हैं , के नियमों और विनियमों के अनुसार कैरियर पद में (बोर्ड स्तर से नीचे)स्वीकार्य पेंशन , यदि कोई है ,प्राप्त करने के लिए पात्र हैं.
ग्रेच्युटी	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवा के प्रत्येक पूर्ण किए वर्ष अथवा 6 माह से अधिक की सेवा के लिए आधे माह के वेतन की दर से
कार्यकाल	श्री आर.एम. मल्ला - 07 जुलाई 2010 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं. 9/12/2009-बीओ.I द्वारा 9 जुलाई 2010 से 31.05.2013 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री बी. पी. सिंह - 19 फरवरी 2010 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं.9/14/2009-बीओ.I द्वारा 20 फरवरी 2010 से उनकी अधिवर्षिता आयु (31.01.2012) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त. श्री बी.पी. सिंह 31.01.2012 को उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हो गए. श्री बी. के. बत्रा - 12 जनवरी 2012 की भारत सरकार की अधिसूचना एफ.सं.9/14/2009-बीओ.I द्वारा 13 जनवरी 2012 से उनकी अधिवर्षिता आयु (31.07.2016) तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त.

कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन/स्टॉक ऑप्शन	बैंक के अध्यक्ष और पूर्ण कालिक निदेशकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने से संबंधित भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में बोर्ड की पारिश्रमिक समिति ने 04 अगस्त 2011 को संपन्न अपनी बैठक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशकों को वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन प्रदान करने का अनुमोदन दिया था. वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि निम्नानुसार अदा की गई: (i) श्री आर.एम. मल्ला (जुलाई 2010 से मार्च 2011): ₹ 5,10,160 (ii) श्री योगेश अग्रवाल (अप्रैल 2010 से जून 2010): ₹ 1,26,560 (iii) श्री बी.पी. सिंह (अप्रैल 2010 से मार्च 2011): ₹ 5,50,000

बोर्ड की जोखिम प्रबंध समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2012 को आपके बैंक में चार सदस्यों वाली जोखिम प्रबंध समिति थी, जिसमें श्री पी.एस. शेनॉय अध्यक्ष थे तथा सदस्यों के रूप में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री पी.के. चौधरी, सरकारी निदेशक और श्री सुभाष तुली, निदेशक शामिल थे. यह समिति बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन, उनमें कमी लाने और परिसंपत्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का भी समाधान करती है.

बैठकों की संख्या

जोखिम प्रबंध समिति की 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक की अवधि के दौरान चार बैठकें 20 अप्रैल 2011, 30 जुलाई 2011, 17 दिसंबर 2011 और 29 मार्च 2012 को हुईं.

बोर्ड की शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2012 को आपके बैंक की तीन सदस्यों वाली शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति में एक कार्यपालक निदेशक और दो स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक यथा सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, सुभाष तुली तथा डॉ. बी.एस.बिष्ट सदस्य के रूप में शामिल थे.

इस समिति का गठन शेयर-अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने, घोषित लाभांश प्राप्त नहीं होने आदि से संबंधित शेयरधारकों एवं निवेशकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है.

बैठकों की संख्या

समिति की 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक की अवधि के दौरान चार बैठकें 19 अप्रैल 2011, 30 जुलाई 2011, 26 नवंबर 2011 और 02 मार्च 2012 को हुईं.

बोर्ड की कार्यपालक समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बोर्ड के अलावा आपके बैंक की कार्यपालक समिति भी कार्यरत है, जो नीतिगत मामलों के साथ-साथ खास तौर पर ऐसे मामलों पर, जिनमें बोर्ड द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है, विचार करती है और बोर्ड द्वारा इसे प्रत्यायोजित अन्य शक्तियों का प्रयोग करती है. 31 मार्च 2012 को इस समिति के अध्यक्ष श्री आर.एम.मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे और सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, सुभाष तुली, पी.एस. शेनॉय और डॉ.बी.एस.बिष्ट इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2011 - 31मार्च 2012) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल दस बैठकें हुईं, जो 19 अप्रैल 2011, 17 जून 2011, 30 जुलाई 2011, 8 सितंबर 2011, 19 सितंबर 2011, 26 नवंबर 2011, 17 दिसंबर 2011, 31 जनवरी 2012, 02 मार्च 2012 और 28 मार्च 2012 को संपन्न हुईं.

बोर्ड की धोखाधड़ी निगरानी समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक में धोखाधड़ी से संबंधित पहलुओं को देखने के लिए एक धोखाधड़ी निगरानी समिति गठित की गई थी. 31 मार्च 2012 को इस समिति के अध्यक्ष श्री आर.एम.मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे और सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक और सुभाष तुली इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (01 अप्रैल 2011 - 31मार्च 2012) के दौरान धोखाधड़ी निगरानी समिति की कुल सात बैठकें हुईं, जो 19 अप्रैल 2011, 17 जून 2011, 30 जुलाई 2011, 20 अक्तूबर 2011, 26 नवंबर 2011, 31 जनवरी 2012 और 28 मार्च 2012 को संपन्न हुईं.

बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और ग्राहकों को कारगर सेवा देने के लिए आपके बैंक द्वारा एक ग्राहक सेवा समिति का गठन किया गया था. 31 मार्च 2012 को सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, पी.के. चौधरी, सरकारी निदेशक और डॉ. बी.एस. बिष्ट इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान ग्राहक सेवा समिति की चार बैठकें 18 जून 2011, 9 सितंबर 2011, 26 नवंबर 2011 और 02 मार्च 2012 को हुईं.

बोर्ड की सूचना प्रौद्योगिकी समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करने, दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में सहायता करने, योजनाएं शुरूकरने और सेवाओं का प्रावधान करने हेतु प्रौद्योगिकीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक द्वारा उठाये गये कदमों को ध्यान में रखते हुए आपके बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी समिति का गठन किया था. 31 मार्च 2012 को डॉ. बी.एस. बिष्ट इस समिति के अध्यक्ष थे और सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, पी.के. चौधरी, सरकारी निदेशक और पी.एस. शेनॉय इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान समिति की चार बैठकें 17 जून 2011, 9 सितंबर 2011, 26 नवंबर 2011 और 02 मार्च 2012 को हुईं.

बोर्ड की पारिश्रमिक समिति

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन पर विचार करने और उसके भुगतान का अनुमोदन करने के लिए एक पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया है. 31 मार्च 2012 को श्री पी. के. चौधरी, सरकारी निदेशक, पी.एस. शेनॉय और डॉ. बी.एस. बिष्ट इस समिति के सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 की अवधि के दौरान वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन की अदायगी का अनुमोदन करने के लिए पारिश्रमिक समिति की एक बैठक 04 अगस्त 2011 को सम्पन्न हुई.

समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति **तालिका 7** में दर्शाई गई है.

तालिका 7 : समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति (01.04.11 से 31.03.12)

क्र. सं.	निदेशकों के नाम	ईसी बैठक		एसीबी बैठक		आरएमसी बैठक		एफएमसी बैठक		सीएससी बैठक		आईटीसी बैठक		एस आई जी सी बैठक		पारिश्रमिक समिति बैठक	
		बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति
1	श्री आर.एम. मल्ला अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	10	10	-	-	-	-	7	7	-	-	-	-	-	-	-	-
2	श्री बी.पी. सिंह उप प्रबंध निदेशक (31.01.12 तक)	8	8	8	8	3	3	6	6	3	2	3	3	3	3	-	-
3	श्री बी.के. बत्रा उप प्रबंध निदेशक (13.01.12 से)	3	3	3	3	1	1	2	2	1	1	1	1	1	1	-	-
4	श्री राकेश सिंह (23.03.12 तक)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1
5	श्री आर.पी. सिंह (09.12.11 तक)	_	-	-	-	3	1	-	-	3	1	3	1	-	-	1	1
6	श्री पी.के. चौधरी (09.12.11 से)	-	-	-	-	1	0	-	-	1	0	1	0	-	-	-	-
7	श्री अनलजीत सिंह (01.05.11 तक)	-	-	2	0	1	0	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
8	श्रीमती लीला फिरोज़ पूनावाला (01.08.11 तक)	-	-	4	4	2	2	-	-	1	1	1	1	-	-	-	-
9	श्री के. नरसिम्ह मूर्ति (17.08.11 तक)	3	3	-	-	-	-	3	3	-	-	1	1	2	2	1	1

तालिका 7 : समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति (01.04.11 से 31.03.12)																	
क्र. सं.	निदेशकों के नाम	ईसी बैठक		एसीबी बैठक		आरएमसी बैठक		एफएमसी बैठक		सीएससी बैठक		आईटीसी बैठक		एस आई जी सी बैठक		पारिश्रमिक समिति बैठक	
		बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति	बैठकें	उप-स्थिति
10	श्री एच.एल. जुत्शी (17.08.11 तक)	3	2	-	-	2	2	-	-	-	-	1	0	-	-	1	1
11	श्री सुभाष तुली	10	10	10	10	2	2	7	7	-	-	-	-	4	4	-	-
12	डॉ. बी.एस. बिष्ट	10	6	10	7	-	-	-	-	4	4	3	3	4	2	-	-
13	श्री पी.एस. शेनॉय (30.07.2011 से)	7	7	6	6	2	2	-	-	-	-	3	3	-	-	-	-

बैठक: निदेशक के कार्यकाल में आयोजित बैठकें
उपस्थिति : निदेशक द्वारा सहभागिता की जानेवाली बैठकों की संख्या

महा सभा की बैठकें

आपके बैंक की पिछली वार्षिक महासभा (एजीएम) 08 सितंबर 2011 को हुई थी. आईडीबीआई बैंक लि. की वार्षिक महासभाओं का विवरण **तालिका 8** में दिया गया है.

तालिका 8 : आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वार्षिक महासभाओं का विवरण

गत तीन वार्षिक महासभाओं के आयोजन का स्थान व समय	• 15 जुलाई 2009 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई-400 018 में (बैंक की पांचवीं वार्षिक महासभा) • 22 जुलाई 2010 को अपराह्न 3.30 बजे यशवंतराव चव्हाण सेंटर ऑडिटोरियम, जगन्नाथराव भोंसले मार्ग, मुंबई-400 021 में (बैंक की छठी वार्षिक महासभा) • 08 सितंबर 2011 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई-400 018 में (बैंक की सातवीं वार्षिक महासभा)
क्या पिछली वार्षिक महासभा में कोई विशेष संकल्प पारित किये गये थे.	हां, 08 सितंबर 2011 को संपन्न बैंक की पिछली वार्षिक महासभा में (i) अधिनियम की धारा 224ए के अंतर्गत बैंक के सांविधिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति हेतु तथा (ii) बैंक की पूंजी बढ़ाने के संबंध में विनिर्दिष्ट निर्णय लेने के लिए बोर्ड को प्राधिकृत करने के प्रस्ताव का शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने हेतु विशेष संकल्प पारित किए गए थे.
पिछली असाधारण महासभा के आयोजन का स्थान व समय	28 मार्च 2012 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई-400 018 में
क्या पिछली असाधारण महासभा में कोई विशेष संकल्प पारित किये गये थे.	हाँ, 28 मार्च 2012 को सम्पन्न पिछली असाधारण महासभा में अधिनियम की धारा 81 (1ए) के तहत भारत सरकार को टीयर I बॉंड के रूपांतरण व भारत सरकार व भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को अधिमान्य आधार पर आबंटन के फलस्वरूप भारत सरकार एवं एलआईसी को शेयर का प्रस्ताव, निर्गम व आबंटन करने हेतु शेयरधारकों से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए विशेष संकल्प पारित किया गया था.
क्या कोई विशेष संकल्प डाक मतपत्र के माध्यम से पारित करने का प्रस्ताव है	नहीं.
क्या गत वर्ष डाक मतपत्रों के जरिए विशेष संकल्प प्रस्तुत किये गये थे तथा मतदान पद्धति का ब्योरा	नहीं.
व्यक्ति, जिसने डाक मतदान का कार्य संचालित किया	
डाक मतदान हेतु प्रक्रिया	

प्रकटन

1 अप्रैल 2011 - 31 मार्च 2012 के दौरान ऐसी किसी भी कंपनी को सहायता प्रदान नहीं की गई, जिसमें आपके बैंक के किसी निदेशक की हितबद्धता थी.

आपका बैंक नियमित रूप से सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 की अनिवार्य अपेक्षाओं का पालन करता है. जैसे - (i) संबद्ध पक्ष लेन-देनों, यदि कोई हों, की जानकारी बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति को दी जाती है; (ii) लेखाकंन पद्धति का स्पष्ट प्रकटन वित्तीय विवरणों में किया जाता है; (iii) बैंक बोर्ड को जोखिम आकलन और उन्हें न्यूनतम रखने की पद्धतियों की समीक्षा प्रस्तुत करता है.

पिछले तीन वर्षों के दौरान गैर-अनुपालन/दंड आदि की स्थिति शून्य रही.

आचार संहिता और सदाचार

आपके बैंक के निदेशक मंडल ने निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता तथा सदाचार को अपनाया है. सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 की अपेक्षाओं के अनुपालन में, आपके बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि के बारे में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा नीचे दी गई है :

मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा घोषणा

सूचीबद्धता करार के खंड 49 के प्रावधानों के अनुसरण में, सभी संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा घोषणा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों ने आईडीबीआई बैंक लि. के निदेशकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है.

ह/-
आर.एम. मल्ला
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
12 अप्रैल 2012

भेदिया व्यापार की रोकथाम

सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियम, 1992 की अपेक्षाओं के अनुसरण में बैंक ने भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए व्यापक आचार संहिता बनाई है.

सीईओ/सीएफओ द्वारा प्रमाणन

सूचीबद्धता करार के संशोधित खंड 49 के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित वित्तीय विवरणों और आंतरिक नियंत्रणों पर सीईओ और सीएफओ से प्रमाणन प्राप्त कर बोर्ड को प्रस्तुत कर दिया गया है.

विसल ब्लोअर नीति

आपके बैंक के बोर्ड ने विसल ब्लोअर नीति को अपनाया है. इस नीति के अनुसार कर्मचारी बैंक के परिचालनों से संबंधित मुद्दों, यदि कोई हैं, को उठाने और निर्दिष्ट चैनलों के जरिये लेखापरीक्षा समिति को रिपोर्ट करने के लिए स्वतंत्र हैं. इस व्यवस्था के संबंध में परिपत्र जारी किया गया है और बैंक के इंट्रानेट पर भी रखा गया है.

सहायक कंपनियां

31 मार्च 2012को आपके बैंक के पूर्ण स्वामित्ववाली चार सहायक कंपनियां थीं, जिनके नाम हैं: आईडीबीआई इंटेक लि., आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि, आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. और आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. दिनांक 1 अक्टूबर 2011 को आईडीबीआई बैंक लि. द्वारा आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. की 14.92% ईक्विटी का अर्जन करने के फलस्वरूप यह उसकी सहायक कंपनी बन गई. आपके बैंक के बोर्ड के किसी भी स्वतंत्र निदेशक को इसकी सहायक कंपनियों के बोर्ड में रखने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कोई भी सहायक कंपनी संशोधित खंड 49 के अंतर्गत परिभाषित किये अनुसार तात्विक रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं है. बैंक की लेखापरीक्षा समिति वित्तीय विवरणों, विशेष रूप से असूचीबद्ध सहायक कंपनियों द्वारा किये गये निवेशों की समीक्षा करती है. असूचीबद्ध सहायक कंपनियों की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्त आपके बैंक की बोर्ड बैठकों में नियमित रूप से प्रस्तुत किये जाते हैं.

सूचना के साधन

आपके बैंक के कामकाज पर विस्तृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें निदेशकों की रिपोर्ट (जिसमें प्रबंध विवेचना एवं विश्लेषण होता है) और वार्षिक लेखे शामिल हैं, उपलब्ध कराने के अलावा आपका बैंक अपने शेयरधारकों की जानकारी के लिए तिमाही कार्य-परिणामों को राष्ट्रव्यापी प्रसार वाले एक अंग्रेजी समाचार पत्र में और एक क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में नियमित रूप से प्रकाशित करता है. उपर्युक्त जानकारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति तथा संस्थागत निवेशकों और विश्लेषकों के समक्ष की गई प्रस्तुतियों के साथ आपके बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर भी उपलब्ध कराई गई थी.

ऐसे दस्तावेज, जो वर्णित हैं लेकिन वार्षिक महासभा की सूचना पाने के पात्र व्यक्तियों को भेजे नहीं गये हैं, वार्षिक महासभा की तारीख से 21 दिन पहले से बैंक के पंजीकृत कार्यालय में कार्य समय के दौरान शेयरधारकों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे.

पूँजी का अधिमान्य निर्गम : असाधारण महासभा का आयोजन:

शेयरधारक इस बात से अवगत होंगे कि भारत सरकार व एलआईसी को पूँजी के अधिमान्य निर्गम के अनुमोदन हेतु बैंक की असाधारण महासभा (ईजीएम) 28 मार्च 2012 को आयोजित की गई थी. तदनुसार बैंक ने बीएसई / एनएसई और सेबी के अनुमोदनों के आधार पर भारत सरकार व एलआईसी को पूँजी का निम्नानुसार अधिमान्य आबंटन कर दिया है

क. भारत सरकार द्वारा आईडीबीआई बैंक में धारित टीयर I बाँडों के रूपांतरण के पश्चात् दिनांक 28 मार्च 2012 को ₹ 10/- प्रत्येक के 18,85,56,509 ईक्विटी शेयरों का ₹ 112.99 प्रति शेयर की दर से कुल ₹ 2130.50 करोड़ के मूल्य पर भारत सरकार को आबंटन

ख. दिनांक 31 मार्च 2012 को ₹ 10/- प्रत्येक के 3,35,00,000 ईक्विटी शेयरों का ₹ 112.99 प्रति शेयर की दर से कुल ₹ 378.52 करोड़ के मूल्य पर भारतीय जीवन बीमा निगम को आबंटन.

ग. दिनांक 31 मार्च 2012 को ₹ 10/- प्रत्येक के 7,16,87,760 ईक्विटी शेयरों का ₹ 112.99 प्रति शेयर की दर से कुल ₹ 810 करोड़ के मूल्य पर भारत सरकार को आबंटन

अंतरिम लाभांश की घोषणा

निदेशक मंडल ने 31 जनवरी 2012 को संपन्न अपनी बैठक में ₹ 2/- प्रति शेयर की दर से अंतरिम लाभांश की घोषणा की. उक्त लाभांश 10 फरवरी 2012 की रेकॉर्ड तारीख़ के अनुसार लाभांश प्राप्त करने के पात्र शेयरधारकों को 29 फरवरी 2012 की भुगतान तारीख़ में अदा कर दिया गया. यह अंतरिम लाभांश ₹ 1.50 प्रति शेयर की दर से बोर्ड द्वारा संस्तुत लाभांश के अलावा होगा तथा इसे 06 सितंबर 2012 को होनेवाली 8वीं वार्षिक महासभा में घोषित किया जाएगा.

आम शेयरधारकों के लिए सूचना

1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव तथा शेयरधारकों से संबंधित अन्य सामान्य सूचनाओं का ब्योरा क्रमशः **तालिका 9** और **तालिका 10** में दिया गया है.

तालिका 9: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) में आईडीबीआई बैंक लि. के शेयर मूल्य में उतार-चढ़ाव : अप्रैल 2011 - मार्च 2012

(₹)

माह	उच्च	निम्न
अप्रैल 2011	153.75	142.00
मई 2011	144.90	125.80
जून 2011	137.40	121.50
जुलाई 2011	139.25	127.40
अगस्त 2011	132.00	102.70
सितंबर 2011	114.00	101.10
अक्तूबर 2011	118.45	94.45
नवंबर 2011	117.40	88.50
दिसंबर 2011	99.00	77.65
जनवरी 2012	103.80	77.10
फरवरी 2012	121.65	95.20
मार्च 2012	116.00	97.50

तालिका 10 : आम शेयरधारकों के लिए सूचना

वित्तीय कैलेंडर	1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक:
	1. 30 जून 2011 को समाप्त तिमाही के परिणामों पर 30 जुलाई 2011 को विचार किया गया.
	2. 30 सितंबर 2011 को समाप्त तिमाही/छमाही के परिणामों पर 20 अक्तूबर 2011 को विचार किया गया.
	3. 31 दिसंबर 2011 को समाप्त तीसरी तिमाही/नौमाही के परिणामों पर 31 जनवरी 2012 को विचार किया गया.
	4. 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित परिणामों पर 21 अप्रैल 2012 को विचार किया गया.
लेखाबहियों के बंद रहने की तारीख	04 सितंबर 2012 से 06 सितंबर 2012 तक
प्रॉक्सी फॉर्म प्राप्त होने की अंतिम तारीख	04 सितंबर 2012
वार्षिक महासभा की तारीख, समय व स्थान	गुरुवार 06 सितंबर 2012 को अपराह्न 3.30 बजे नेहरू सेन्टर ऑडिटोरियम, वरली, मुंबई-400 018 में.
लाभांश भुगतान की तारीख	04 अक्टूबर 2012
लाभांश वारंट प्रेषण की तारीख	27 सितंबर 2012
तिमाही परिणामों पर विचार करने के लिए बोर्ड की बैठक	संबंधित तिमाही की समाप्ति से एक माह के भीतर
स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता	बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई)
स्टॉक कोड/प्रतीक	बीएसई - 500116, एनएसई -आईडीबीआई / ईक्यू
रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई ईक्विटी, प्लॉट नं. 17-24, विट्ठल राव नगर, माधापुर, हैदराबाद 500 081.
शेयर अंतरण प्रणाली	शेयरों के अंतरण का अनुमोदन कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक से युक्त एक आंतरिक समिति द्वारा साप्ताहिक आधार पर किया जाता है.
गैर-कार्यपालक निदेशकों द्वारा धारित शेयरों तथा परिवर्तनीय लिखतों की संख्या	शून्य

शेयरधारिता का वितरण

मार्च 2012 के अंत में आपके बैंक के शेयरधारकों की प्रमुख श्रेणियों द्वारा शेयरधारिता का ब्योरा और वितरण अनुसूची **तालिका 11** और **तालिका 12** में दिए गए हैं.

तालिका 11 : मार्च 2012 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप

शेयरधारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	कुल का %
भारत सरकार	901531379	70.52
कर्मचारी	1284319	0.10
जनता	117980803	9.23
हिन्दू अविभक्त परिवार	3107612	0.24
कंपनी निकाय	21836697	1.71

तालिका 11 : मार्च 2012 के अंत में शेयरधारिता का स्वरूप		
शेयरधारकों की श्रेणी	**धारित शेयरों की संख्या**	**कुल का %**
संस्थाएं क) बैंक	2702519	0.21
ख) विदेशी संस्थागत निवेशक	34759704	2.72
ग) राज्य वित्त निगम	35680	नगण्य
घ) वित्तीय संस्थाएं	13664475	1.07
ङ) म्यूचुअल फंड	3098506	0.24
सोसायटी	28960	नगण्य
न्यास	669838	0.05
बीमा कंपनियां	169208567	13.24
अनिवासी भारतीय	5570909	0.44
निदेशक एवं रिश्तेदार		
(i) श्री आर.एम. मल्ला, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	320	नगण्य
(ii) श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक	1001	नगण्य
एनएसडीएल (अंतरणाधीन)	2900373	0.23
कुल योग	**1278381662**	**100.00**

तालिका 12 : मार्च 2012 के अंत में वितरण अनुसूची						
क्रम सं.	**श्रेणी**		**शेयरधारकों की संख्या**	**कुल शेयरधारकों का %**	**राशि (रुपये)**	**कुल राशि का %**
	से	तक				
1	1	5000	422107	92.12	622241240	4.87
2	5001	10000	21920	4.78	168332540	1.32
3	10001	20000	8273	1.81	122516750	0.96
4	20001	30000	2170	0.47	55204590	0.43
5	30001	40000	930	0.20	33260460	0.26
6	40001	50000	721	0.16	34081400	0.27
7	50001	100000	1131	0.25	83568540	0.65
8	100001 व अधिक		984	0.21	11664611100	91.25
कुल			**458236**	**100.00**	**12783816620**	**100.00**

शेयर अंतरण प्रणाली और निवेशक शिकायत निवारण

शेयर अंतरण प्रक्रिया को गति प्रदान करने के उद्देश्य से अंतरण ज्ञापन (एमओटी)को साप्ताहिक आधार पर अनुमोदित करने के लिए कार्यपालक निदेशक / मुख्य महा प्रबंधक की आंतरिक समिति गठित की गई है. आपके बैंक ने श्री पवन अग्रवाल को बैंक के कंपनी सचिव के रूप में नामित किया है.

1 अप्रैल 2011 को 2 निवेशक शिकायतों का निवारण लंबित था और 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंटों को शेयरधारकों/निवेशकों से 9611 शिकायतें प्राप्त हुईं. वर्ष के दौरान 9598 शिकायतों का निवारण किया गया और 31 मार्च 2012 को 15 शिकायतों का निवारण लंबित था. शेयरों/बांडों के संबंध में 1 अप्रैल 2011 को अंतरण के लिए 58 मामले लंबित थे. 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 की अवधि के दौरान आपके बैंक के रजिस्ट्रार और अंतरण एजेंटों को शेयरों/बांडों के अंतरण के लिए 2089 अनुरोध प्राप्त हुए. इनमें से 2129 पर कार्रवाई की गई और 31 मार्च 2012 को 18 मामले लंबित थे.

अदावी उचंत खाते के विवरण का प्रकटन
(सूचीबद्धता करार के खंड 5ए के अधीन)

क्र.सं.	विवरण	शेयरधारकों की संख्या	शेयरों की संख्या
(i)	दिनांक 1 अप्रैल 2011 को अदावी उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरधारकों व शेयरों की कुल संख्या	5027	904444
(ii)	दिनांक 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान अदावी उचंत खाते से शेयरों का अंतरण करवाने के लिए बैंक से संपर्क करनेवाले शेयरधारकों की संख्या	18	3723
(iii)	उन शेयरधारकों की संख्या, जिनके शेयर दिनांक 1 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 के दौरान अदावी उचंत खाते से अंतरित किए गए	18	3723
(iv)	दिनांक 1 अप्रैल 2012 को अदावी उचंत खाते में बकाया पड़े शेयरधारकों व शेयरों की कुल संख्या	5009	900721

तालिका 13 : डिमटेरियलाइजेशन का विवरण तथा पत्राचार के लिए पता	
शेयरों का डिमटेरियलाइजेशन और चलनिधि	आईडीबीआई बैंक लि. की पूर्णतः प्रदत्त पूंजी ₹ 1278.38 करोड़ है जिसमें ₹ 10 प्रत्येक के 127.84 करोड़ ईक्विटी शेयर शामिल हैं. कुल लगभग 4.58 लाख निवेशकों में से 3.79 लाख निवेशकों द्वारा 96.59 करोड़ शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित हैं. इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों का प्रतिशत 75.56 % है. आईडीबीआई बैंक की स्क्रिप की बीएसई एवं एनएसई में सक्रिय रूप से ट्रेडिंग होती है. वर्ष 2012-13 की सूचीबद्धता फीस इन एक्सचेंजों को अदा कर दी गई है.
बकाया जीडीआर/एडीआर/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत, परिवर्तन की तारीख तथा इक्विटी पर संभावित प्रभाव	आईडीबीआई बैंक लि. ने जीडीआर/ एडीआर/ वारंट अथवा परिवर्तनीय लिखत जारी नहीं किए हैं.
प्लांट का स्थान	लागू नहीं. तथापि, बैंक की शाखाओं के स्थान के बारे में जानकारी बैंक की वेबसाइट www.idbi.com पर उपलब्ध है.
पत्राचार के लिए पता	आईडीबीआई बैंक लि. ईक्विटी कक्ष - बोर्ड विभाग, आईडीबीआई बैंक लि., बीसवीं मंज़िल, आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 फोनः022- 66552779, 66553062, 66552620 फैक्सः022 - 2218 2352 ई-मेल : - idbiequity@idbi.co.in

	रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट कार्वी कंप्यूटरशेयर प्रा.लि., यूनिट : आईडीबीआई इक्विटी, प्लॉट नं. 17-24, विट्ठल राव नगर, माधापुर, हैदराबाद 500 081. फोन : 040-44655000 टोली नंबर: 1-800-3454001 फैक्स : 040-23420814 ई-मेल : einward.ris@karvy.com
सहायक कंपनियों के पंजीकृत कार्यालयों के पते	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लिमिटेड 3री मंज़िल, मफतलाल सेंटर नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंजिल, प्लॉट नं. 39-41 सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई-400 614 आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005 आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लिमिटेड 5वीं मंज़िल, मफतलाल सेंटर नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021 आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड एशियन बिल्डिंग, तल मंज़िल, 17, आर. कामानी मार्ग, बैलार्ड एस्टेट, मुंबई-400 001

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सदस्यगण,

हमने आईडीबीआई बैंक लिमिटेड (इसमें इसके बाद इसे बैंक कहा गया है) के भारतीय स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्धता करार के खंड 49 में बताये अनुसार 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए उपर्युक्त बैंक द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जांच की है.

कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है. हमारी जांच कॉपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन की समीक्षा तक सीमित थी. यह न तो लेखा परीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों पर राय जाहिर करना है.

हमारी राय में और हमारी अधिकतम जानकारी तथा निदेशकों एवं प्रबंधन द्वारा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों व प्रस्तुत प्रतिवेदनों के आधार पर हम प्रमाणित करते हैं कि बैंक ने उपर्युक्त सूचीबद्धता करार की शर्तों के अनुसार कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन किया है.

हम स्पष्ट करते हैं कि यह अनुपालन न तो बैंक की भावी अर्थक्षमता का आश्वासन है और न ही प्रबंधन की बैंक के कार्यों को संचालित करने की कार्यकुशलता अथवा प्रभावशीलता का द्योतक है.

कृते एस.पी. चोपड़ा एंड कं.
सनदी लेखाकार

ह/-
पवन के. गुप्ता
साझेदार
सदस्यता संख्या 92529
फर्म पंजीयन संख्या 000346N

स्थान : मुंबई
तारीख : 21 अप्रैल 2012

चोकशी एंड चोकशी
सनदी लेखाकार

ह/-
निलेश आर. जोशी
साझेदार
सदस्यता संख्या 114749
फर्म पंजीयन संख्या 101872W

Global Economic Scenario

Growth prospects in the global economy remained muted, with considerable downside risks, reflecting the fragile nature of economic revival. While economic recovery gained momentum in the USA and Japan, high level of deficits continue to persist in advanced economies. Intensifying of the sovereign debt crisis and mild recession in the Euro Zone area has adversely impacted economic outlook in advanced as well as developing markets through trade, finance and confidence channels. Political turmoil in the Middle East and North Africa has led to a spike in international energy prices, fuelling the rise in global food prices. Escalating inflationary pressures in emerging and developing markets has led to moderation in their pace of growth.

Global financial markets remained subdued as a consequence of tightening of credit conditions, deleveraging of European banks, emergence of refinancing risks and global financial stability risks. Emerging and developing economies faced sharp reversals in international capital inflows and rise in funding costs on account of monetary policy tightening aimed towards taming inflationary pressures. The protracted recovery also affected world trade considerably. The phasing out of fiscal stimulus measures and fiscal austerity measures adopted by developed economies are expected to further impact growth prospects in the medium to long term.

Domestic Economic Environment

Real GDP growth decelerated sharply to 6.5% during FY 2011-12 after having attained stellar growth rate of 8.4% in each of the preceding two years. High and persistent pressures, which moderated to some extent by the end of the financial year, necessitated tightening of monetary policy thereby adversely impacting investment and industrial production in the economy. Decline in savings and investment rates are a major factor resulting in slow recovery of growth. Widening of current account balance and diminishing capital flows have led to sharp depreciation of the rupee. Fiscal health deteriorated with the fiscal deficit burgeoning to 5.9% of GDP owing to rise in revenue expenditure and rise in subsidy burden.

REAL SECTOR

Gross Domestic Product (GDP)

As per the revised estimate of Central Statistical Organization (CSO), growth momentum of the Indian economy has shown deceleration, with Real GDP recording its slowest pace in nine years. The GDP growth contracted to 6.5% during FY 2011-12, as compared to 8.4% during the previous two years, largely due to global uncertainties coupled with domestic structural and cyclical factors. The Indian economy was fairly resilient to the global meltdown but could not shield itself completely from the downturn. The sectoral break-up of GDP has undergone significant change overtime. The current figures exhibit a growing contribution of service sector to the overall GDP. The share of service sector ascended from 58% in FY 2010-11 to 59% in FY 2011-12. Whereas, the share of Industrial Output shrunk to 27% and that of Agriculture sector stood at 14% of GDP. The Service Sector, with an increasing share to the overall GDP, remained the key growth driver. But the sector though buoyant, still witnessed a slowdown in the pace of growth. The monetary tightening measures undertaken by the RBI have resulted in subdued economic growth, dented the local demand and reduced the investment and industrial activity in the economy. However, the focus of the policy makers in the ensuing fiscal would be to bring back the economy to the pre-crisis high growth trajectory.

Industrial Scenario

Industrial growth, measured in terms of Index of Industrial Production (IIP), demonstrated fluctuating trends through the post-crisis period. Fragile economic recovery in the US and European countries and passive domestic business sentiments affected the growth of the industrial sector in the current year. The Industrial production remained sluggish on account of the monetary tightening measures, rising input costs, supply-side bottlenecks particularly in the mining sector, and moderation in investment demand. Overall, growth during April-March 2012 was 2.8% compared to 8.2% in the corresponding period of the previous year. The overall performance in the use-based category highlights the muted business sentiments indicated by the Capital Goods Sector and a depressed demand in the economy because of reluctance on the part of the consumers to spend as reflected by the Consumer Goods Sector.

Figure 1 : Sectoral Growth of IIP (%)



Inflation

The Indian economy has been battling high inflationary pressures since the last two years. All major policy stances have been aligned towards reining in inflation which has been well above the comfort level of the RBI. The herculean task before the Government and the Reserve Bank of India has been to strike a balance between growth and inflation dynamics. The WPI inflation was mainly driven by food

inflation which constitutes a 14.3% weightage in the total WPI inflation. The problem compounded when the food inflation spilled over to non food inflation (core inflation), calling for major policy actions. RBI has played a proactive role by effective monetary policy intervention. There have been thirteen rounds of monetary tightening since March 2010, with a 375 basis point hike in policy interest rate. The lagged impact of the monetary tightening was felt in December 2011 and January 2012 when the WPI inflation decelerated, after hovering around near-double digits for nearly 24 months. The headline inflation fell in the month of March 2012 to 6.89% as compared to 9.68% in the corresponding period last fiscal. Nevertheless, the risks from high crude oil prices and the impact of the lagged pass-through of rupee depreciation, suppressed inflation in energy and fertilizers and possible fiscal slippage, continues to pose significant threat. Also inflationary pressures can re-ignite, with the increase in the excise duty and service tax and rationalization of the fuel and fertilizer subsidies. The volatile international crude oil prices also pose a major risk to the domestic inflation.

Liquidity & Interest Rates

The Indian banking system remained in deficit-liquidity mode throughout the year. Riding on the back of structural issues, deficit in the banking system mounted to ₹ 1 lakh crore by December 2011 and further rose to touch a peak of ₹ 2 lakh crore (approx.) on March 31, 2012. The Reserve Bank engaged in measures like Open Market Operations (OMOs), reduction in the Cash Reserve Ratio and permitting banks to avail funds under the Marginal Standing Facility against their excess statutory liquidity ratio holdings in order to ease pressure on liquidity and ensure adequate availability of credit to productive sectors of the economy. Adverse market conditions mainly on account of higher inflation and resultant monetary tightening measures undertaken by RBI, additional market borrowing announced by the Government, factors emanating from the euro zone sovereign crisis and worsening of liquidity conditions led to volatility in the bond market and rise in bond yields.

Foreign Exchange Reserves & Exchange Rates

As at March 31, 2012, India's foreign exchange reserves stood at USD 294.4 billion, which were lower by USD 10.4 billion compared to end-March 2011. Decline in foreign exchange reserves can be attributed to sharp depreciation of the rupee in the foreign exchange market and pressure on the balance of payments due to widening of the current account deficit and decline in capital inflows. The foreign exchange market witnessed considerable volatility emanating from external economies. While the USD – INR movement was generally stable in the beginning of the year, as the Euro zone crisis intensified, inducing risk aversion amongst the investor overseas, pull-out of capital from the Indian economy was witnessed. Uncertainties over oil supplies, falling export numbers, rigid inflation and lower factory productions saw the Rupee depreciating at a rapid pace.

Future Outlook

The growth dynamics of the Indian economy were severely impacted by the renewed global economic meltdown. The international factors especially the Euro-Zone crisis, slowdown in US coupled with bearish domestic fundamentals have adversely affected the rebound of the growth of Indian economy. Inflation management has been at the centre of all the policy measures of the government. This resulted in a tight monetary environment and was a major setback for the industrial sector which was already reeling under high interest rate and raw material prices. Higher food prices, supply constraints, hardening of interest rates, rising input costs including cost of basic raw materials & oil and weakening capital market are expected to restrict the scope of investment activities.

The continuing stress in the advanced economies is expected to further dampen the growth prospects of the Indian economy. Even the scope of extending further fiscal support is limited due to growing fiscal burden and limited prospects of revenue collections. The Union Budget 2012-13 has laid out an ambitious plan to restrict the fiscal deficit by augmenting resource mobilization through increased taxes and duties. Though this could add up to the finances of the government, it has the potential to re-ignite inflationary pressures. This, in turn, will affect the savings rate in the economy which has witnessed a setback in the previous year. Any deviation from the budgeted plan would have negative repercussions for the real sectors of the economy.

Even with the gloomy outlook, India still remains one of the fastest growing economies in the world. With measures being taken to remove supply-side bottlenecks to ease inflationary pressures and progress on fiscal consolidation, conditions could be conducive for a more favorable growth-inflation dynamics. However, inflationary pressures, though moderating, could re-emerge if the upside risks materialize. In the ensuing financial year, one of the key concerns for the Indian economy is to return to the high growth trajectory. This is contingent upon various economic factors with foremost importance to taming inflationary pressures in the economy, effective supply-side management of inflation and fiscal consolidation. Focus on these aspects would lead to a reversal of monetary policy cycle and elevate investment expenditure and business sentiment, boost industrial production and attract foreign investment and capital flows in the economy, and thereby lay the foundation for revival of economic growth.

Retail Finance

Total consideration paid or received on purchase or sale, on outright basis, of coupon-bearing debt securities is identified separately as principal consideration and accrued interest. Amount paid as accrued interest on purchase, and received on sale, of such securities is netted and reckoned as expense or income by way of interest.

(ii) तुलन-पत्र की तारीख को धारित नियत कूपन दर वाली ऋण प्रतिभूतियों पर खंडित अवधि के लिए कूपन दर पर ब्याज उपचित होता है.

परिवर्तनीय दरवाली प्रतिभूतियों पर ब्याज निर्गम की शर्तों के अनुसार निर्धारित दरों पर उपचित होता है.

Interest on fixed coupon debt securities, held as on the Balance Sheet date, is accrued for the broken period at the coupon rate. Interest on floating rate securities is accrued at rates determined as per the terms of the issue.

(iii) हामीदारी निर्गमों के संबंध में ईक्विटी शेयरों के न्यागत होने को निवेश माना गया है. इन निर्गमों पर हामीदारी आय को लाभ एवं हानि लेखे में जमा कर निवेशों के मूल्य में से घटा दिया जाता है.

Devolvement of equity shares in respect of issues underwritten are treated as investments. Underwriting income on these issues are credited to the Profit and Loss Account and netted against the value of investments.

(iv) ट्रस्टीशिप शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्युचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत परिसंपत्तियों के प्रतिशत पर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्युचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्युमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से ज़्यादा न होने पाए.

Trusteeship fees are recognized on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India ('SEBI') (Mutual Fund) Regulations,1996 (the 'Regulations') and any other amendments or offer document of the respective schemes.

(v) आईडीबीआई म्युचुअल फंड की योजनाओं के व्यय की भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्युचुअल फंड) विनियमन, 1996 में विनिर्दिष्ट की गई सीमा से अधिक होने पर अतिरिक्त व्यय की राशि कंपनी वहन करेगी तथा इसे लाभ-हानि खाते में प्रभारित किया जाएगा.

Expenses of the scheme of IDBI Mutual Fund in excess of the limits prescribed by the Securities and Exchange Board of India (Mutual Fund) Regulations Act 1996 can be borne by the Company and as such are charged to the Profit and Loss account.

गैर-वित्तीय सहायक संस्थाएं: / Non Financial Subsidiary:

समय तथा तात्विक आधार पर मूल्य निर्धारित संविदाओं से प्राप्त राजस्व को उस समय हिसाब में लिया जाता है जब सेवाएं प्रदान की जाती हैं और संबंधित लागत की जाती हैं. उत्पादों की बिक्री से राजस्व को कार्य की प्रगति के आधार पर तथा सहमत शर्तों के अनुसार माल के स्वामित्व के अंतरण पर हिसाब में लिया जाता है. वार्षिक तकनीकी सेवा राजस्व को प्रदान की गई सेवाओं की अवधि के दौरान आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया जाता है. राष्ट्रीय संविदा केंद्र से प्राप्त राजस्व को बिक्री की पुष्टि प्राप्त होने पर हिसाब में लिया जाता है.

Revenue from contracts priced on time and material basis are recognized when services are rendered and related costs are incurred. Revenue from sale of products is recognised on achievement of milestone basis and transfer of property of goods as per agreed terms. Annual Technical Services revenue is recognised proportionately over the period in which the services are rendered. Revenue from National Contact Centre is recognised upon receipt of confirmation of sales.

स्वीकृत शुल्क, सेवा प्रभार, दस्तावेजीकरण प्रभार, लॉकर किराये सहित अन्य आय को उपचय आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है.

Other Income including revenue from acceptance fees, service charges, documentation charges, locker rentals are accounted for an accrual basis.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम: / Life Insurance Joint Venture:

(i) **प्रीमियम: / Premium:**

प्रीमियम (सेवा कर घटाकर) को देय होने पर आय के रूप में अभिनिर्धारित किया जाता है. व्यपगत पॉलिसियों के प्रीमियम को इन पालिसियों के फिर से सक्रिय होने पर आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

Premium (net of service tax) is recognized as income when due. Premium on lapsed policies is recognized as income when such policies are reinstated.

संराशीकृत प्रीमियम को संराशीकरण वर्ष में देय माना जाता है और उसे नवीकरण प्रीमियम माना जाता है.

Commuted premium is considered as due in the year of commutation and is considered as renewal premium.

टॉप अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम माना जाता है. / Top up premiums are considered as single premium.

संबद्ध कारोबार के लिए संबद्ध यूनिटों के सृजन पर प्रीमियम को आय माना जाता है.

For linked business, premium is recognized as income when the associated units are created.

(ii) **संबद्ध निधि से आय: / Income from Linked fund:**

संबद्ध निधियों से आय, जिसमें निधि प्रबंध शुल्क, नीति प्रशासन शुल्क, बीमा की लागत आदि शामिल हैं, को बीमा पॉलिसी के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार संबद्ध निधि से वसूला जाता है और उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है.

Income from linked funds which includes fund management charges, policy administration charges, cost of insurance, etc. are recovered from the linked fund in accordance with terms and conditions of policy and are accounted on accrual basis.

5. अग्रिम और प्रावधान / Advances and Provisions:

बैंक: / Bank:

(i) अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध तथा हानि परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं. अग्रिमों को अनर्जक परिसंपत्तियों के लिए किये गए प्रावधानों को घटाकर दिखाया जाता है.

Advances are classified into Standard, Sub-standard, Doubtful and Loss assets and provisions are made in accordance with the prudential norms prescribed by RBI. Advances are stated net of provisions towards non-performing advances.

(ii) जहाँ बही ऋणों सहित मूर्त प्रतिभूति पर अग्रिमों का न्यूनतम 10% भाग विनिर्दिष्ट / सृजित किया जाता है, वहाँ अग्रिमों को 'मूर्त परिसंपत्तियों द्वारा प्रतिभूत' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. एक्रो, गारंटी, चुकौती आश्वासन पत्र, ब्रांड, लाइसेंस, पेटेंट, कॉपीराइट आदि पर प्रभार को 'मूर्त परिसंपत्तियां' नहीं माना जाता है.

Advances are classified as `Secured by Tangible Assets' when security of at least 10% of the advance has been stipulated/created against tangible security including book debts. Security in the nature of escrow, guarantee, comfort letter, charge on brand, license, patent, copyright etc are not considered as `Tangible Assets'.

6. निवेश: / Investments:

बैंक: / Bank:

वर्गीकरण: / Classification:

रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को निम्नलिखित श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है.

In terms of extant guidelines of the RBI, the entire investment portfolio is categorized as:

(i) परिपक्वता तक धारित / Held To Maturity,

(ii) बिक्री के लिए उपलब्ध तथा / Available For Sale and

(iii) क्रय-विक्रय के लिए धारित / Held For Trading.

प्रत्येक श्रेणी के अतंर्गत निवेश को नियत रूप में पुनः वर्गीकृत किया गया है: / Investments under each category are further classified as:

(i) सरकारी प्रतिभूतियाँ / Government Securities

(ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ / Other Approved Securities

(iii) शेयर / Shares

(iv) डिबेंचर तथा बांड Debentures and Bonds

(v) सहायक संस्थाएं /संयुक्त उद्यम / Subsidiaries/ Joint Ventures

(vi) अन्य (वाणिजियक पत्र, म्युचुअल फंड यूनिट आदि) / Others (Commercial Paper, Mutual Fund Units, etc).

वर्गीकरण का आधार: / Basis of Classification:

क) बैंक द्वारा परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

a) Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as 'Held to Maturity'.

ख) खरीद की तारीख से 90 दिनों के अंदर पुनः बिक्री किए जाने के उद्देश्य से धारित निवेशों को 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

b) Investments that are held principally for resale within 90 days from the date of purchase are classified as 'Held for Trading'.

ग) जो निवेश उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में नहीं आते हैं, उन्हें 'बिक्री के लिए उपलब्ध' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

c) Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as 'Available for Sale'.

घ) निवेश को उसकी खरीद के समय 'परिपक्वता तक धारितट, 'बिक्री के लिए उपलब्ध' अथवा 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और उसके बाद उन्हें विनियामक दिशा-निर्देशों के अनुसार श्रेणियों में अंतरित किया जाता है.

d) An investment is classified as 'Held to Maturity', 'Available for Sale' or 'Held for Trading' at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories and its valuation is done in conformity with regulatory guidelines.

ङ) सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

e) Investments in subsidiaries and joint ventures are classified as 'Held to Maturity'.

च) अग्रिम स्वरूप के माने गए डिबेंचर/बांड/ अधिमान शेयर अग्रिमों के लिए लागू परिसंपत्ति वर्गीकरण और प्रावधान करने के सामान्य विवेकपूर्ण मानदंड के अधीन हैं.

f) The debentures/ bonds/ preference shares deemed to be in the nature of advance, are subject to the usual prudential norms of asset classification and provisioning that are applicable to advances.

मूल्यांकन / Valuation:

i) किसी निवेश की अर्जन लागत को निर्धारित करने में : / In determining the acquisition cost of an investment:

क) सेकंडरी बाजार से खरीदे गये ईक्विटी लिखतों के मामले में प्रदत्त दलाली, कमीशन, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य करों को अर्जन लागत में शामिल किया जाता है जबकि ट्रेजरी निवेशों सहित अन्य निवेशों के मामले में ऐसे व्ययों को राजस्व से प्रभारित किया जाता है.

a) Brokerage, commission, stamp duty and other taxes paid are included in cost of acquisition in respect of acquisition of equity instruments from the secondary market whereas in respect of other investments, including treasury investments, such expenses are charged to revenue.

ख) प्रतिभूतियों के अभिदान पर प्राप्त अपफ्रंट प्रोत्साहन राशि आय रूप में ली जाती है.

b) Upfront incentives received on subscription to securities are recognized as income.

ग) खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/ प्राप्त ब्याज को अर्जन लागत/ बिक्री में शामिल नहीं किया जाता है और उसे ब्याज व्यय/ आय माना जाता है.

c) Broken period interest paid/ received is excluded from the acquisition cost/ sale and treated as interest expense/ income.

घ) लागत को भारित औसत लागत प्रणाली के आधार पर निर्धारित किया जाता है.

d) Cost is determined on the weighted average cost method.

ii) परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किये गये निवेशों को 'परिवक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है. ऐसे निवेशों को जब तक यह अंकित मूल्य से अधिक न हो, अर्जन लागत के अनुसार हिसाब में लिया जाता है. ऐसे मामले में प्रीमियम को

परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है. इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक संस्थाओं/संयुक्त उद्यमों में निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप की कमी के अलावा होने वाली अन्य कमी के संबंध में प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है. इस श्रेणी में निवेशों की बिक्री से हुए लाभ को पहले लाभ-हानि खाते में जमा किया जाता है और वर्ष के अंत में पूंजी रिज़र्व खाते में समायोजित किया जाता है. बिक्री पर हानि को लाभ-हानि लेखे में मान्यता दी जाती है.

Investments 'Held To Maturity' are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortized on straight line basis over the remaining period of maturity. Diminution, other than temporary, in the value of investments in subsidiaries/ joint ventures under this category is provided for each investment individually. Profits on sale of investments in this category are first credited to Profit and Loss account and thereafter appropriated net of applicable taxes to the Capital Reserve Account at the year / period end. Loss on sale is recognized in the Profit and loss Account.

iii) क्रय-विक्रय के लिए धारित तथा बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणियों के अंतर्गत निवेशों को स्क्रिप-वार मार्कु-टू-मार्केट में अंकित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में हुए निवल ह्रास, यदि कोई हो, को लाभ - हानि लेखे में दर्शाया जाता है जबकि किसी निवल वृद्धि, यदि कोई हो, को छोड़ दिया जाता है.

Investments Held for Trading and Available For Sale are marked to market scrip-wise and the resultant net depreciation, if any, in each category is recognized in the Profit and Loss account, while the net appreciation, if any, is ignored.

क) ट्रेजरी बिल\ों, वाणिज्यिक पत्रों तथा जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत पर किया जाता है.

a) Treasury Bills, commercial papers and certificates of deposits being discounted instruments are valued at carrying cost,

ख) क्रय -विक्रय/उद्धृत किये गये निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों में उपलब्ध क्रय-विक्रय/ भाव-सूची से लिया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्य बाजार मूल्यों अथवा भारतीय निर्धारित आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्न संघ (एफआईएमएमडीए) के साथ मिलकर भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई) द्वारा घोषित मूल्यों के आधार पर लिया जाता है.

b) In respect of traded/ quoted investments, the market price is taken from the trades/ quotes available on the stock exchanges. Government Securities are valued at market prices or prices declared by Primary Dealers Association of India (PDAI) jointly with Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA)

ग) अनुद्धृत शेयरों/यूनिटों का मूल्य विश्लेषित मूल्य/पुनर्खरीद मूल्य अथवा यदि तुलन पत्र उपलब्ध हो, तो निवल परिसंपत्ति मूल्य के आधार पर अथवा रिज़र्व बैंक के तत्संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार 1 रुपये प्रति कंपनी की दर से निकाला जाता है, नियत आय वाली अनुद्धृत प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्य समान परिपक्वता अवधि वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) दरों पर समुचित रूप से अधिक दर निर्धारित कर वाईटीएम आधार पर निकाला जाता है. इस प्रकार के सीमांकन व वाईटीएम दरों को एफआईएमएमडीए द्वारा प्रकाशित संबंधित दरों के आधार पर लागू किया जाता है.

c) The unquoted shares/ units are valued at break-up value/ repurchase price or at Net Asset Value if the latest balance sheet is available else at Rs 1 per company, as per relevant RBI guidelines. The unquoted fixed income securities (other than government securities) are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity. Such mark up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by FIMMDA.

घ) निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ और हानि को लाभ - हानि लेखे (निवेशों की बिक्री) में जमा/ नामे किया जाता है.

d) Profit or Loss on sale of investments is credited/ debited to Profit and Loss Account (Sale of Investments).

ङ) निवेशों की राशि प्रावधानों को घटाकर दर्शायी जाती है.

e) Investments are shown net of provisions.

च) निवेशों की राशि ऋण लेने के लिए दी गयी प्रतिभूतियों को घटाकर दर्शाई जाती है तथा इसमें क्रमशः रेपो/रिवर्स रेपो व्यवस्थाओं के अंतर्गत दिये गये उधारों के प्रति प्राप्त प्रतिभूतियों को शामिल किया जाता है.

f) Investments are shown net of securities given against borrowing and include securities received against lending under Repo/ Reverse Repo arrangements respectively.

अन्य वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायक संस्थाएं: / Other Financial and non financial Subsidiaries:

निवेशों को दीर्घावधि निवेश और चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता हैं और शासी प्राधिकरण और इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी निवेशों के लेखांकन लिए लेखा मानक (एएस-13) के अनुसार मूल्यांकित किया जाता है.

Investments are classified as Long Term Investment and Current Investments and are valued in accordance with Governing Authority and Accounting Standards on Accounting for Investments (AS-13), issued by The Institute of Chartered Accountants of India.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम: / Life Insurance Joint Venture:

बीमा अधिनियम, 1938, आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 और आईआरडीए द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर जारी विभिन्न अन्य परिपत्रों / अधिसूचनाओं के अनुसार निवेश किए जाते हैं.

Investments are made in accordance with the Insurance Act, 1938, the IRDA (Investment) Regulations, 2000, and various other circulars/notifications issued by the IRDA in this context from time to time.

निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर दर्ज किया जाता है जिसमें उपचित ब्याज को छोड़ कर दलाली और कर, यदि कोई हों, शामिल किए जाते हैं.

Investments are recorded at cost on the date of purchase, which includes brokerage and taxes, if any, and excludes accrued interest.

वर्गीकरण: / Classification:

तुलन पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर परिपक्व होने वाले निवेश और तुलन पत्र की तारीख से बारह महीनों में निपटाने के विशेष इरादे से किए गए निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता हैं.

Investments maturing within twelve months from the balance sheet date and investments made with the specific intention to dispose them off within twelve months from the balance sheet date are classified as current investments.

अल्पकालिक निवेशों के अलावा अन्य निवेशों को दीर्घकालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.

Investments other than short-term investments are classified as long-term investments.

मूल्यांकन - शेयरधारकों के निवेश और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेश

Valuation – shareholders' investments and non-linked policyholders' investments

सभी ऋण प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है और तदनुसार परंपरागत लागत अंकित की जाती हैं जो सीधी रेखा के आधार पर परिपक्वता / धारिता अवधि के दौरान या राजस्व खाते या लाभ-हानि लेखे में प्रीमियम के परिशोधन अथवा छूट पर वृद्धि के अधीन है.

All debt securities are considered as 'held to maturity' and accordingly stated at historical cost, subject to amortization of premium or accretion of discount in the revenue account or the profit and loss account over the period of maturity/ holding on a straight line basis.

तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर अंकित किया जाता है जो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई') पर अंतिम मूल्य (जो प्रतिभूतियां एनएसई में सूचीबद्ध नहीं हैं, उनके मामले में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई') पर अंतिम मूल्य) होते हैं. म्युचुअल फंड यूनिटों को तुलन पत्र की तारीख को पिछले दिन के शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में ईक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी,यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.

Listed equity shares as at the balance sheet date are stated at fair value being the closing price on the National Stock Exchange ('NSE') (In case of securities not listed on NSE, the closing price on the Bombay Stock Exchange ('BSE') is used). Mutual fund units as at the balance sheet date are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision for diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

सूचीबद्ध ईक्विटी शेयरों और म्युचुअल फंड यूनिट के न लिए गए लाभ / हानि के कारण हुए परिवर्तन को 'उचित मूल्य परिवर्तन खाते' में लिया जाता है और तुलनपत्र में आगे ले जाया जाता है.

Unrealized gains/losses arising due to changes in the fair value of listed equity shares and mutual fund units are taken to "Fair Value Change Account" and carried forward in the balance sheet.

7. डेरिवेटिव लेन देन: / Derivative Transactions:

बैंक: / Bank:

(i) **'बचाव' (हेज) के रूप में नामित लेनदेनों में : / In Transactions designated as `Hedge':**

क. डेरिवेटिव लेनदेनों पर भुगतानयोग्य/प्राप्य निवल ब्याज की गणना उपचय आधार पर की जाती है.

a. Net interest payable/ receivable on derivative transactions is accounted on accrual basis.

ख. हेज स्वैपों के अवधिपूर्व समाप्त होने पर किसी लाभ/हानि को स्वैप की शेष अनुबंधित अवधि या परिसंपत्ति/देयता की शेष अवधि, जो भी कम हो; के आधार पर तय किया जाता है.

b. On premature termination of Hedge swaps, any profit/ losses are recognised over the remaining contractual life of the swap or the residual life of the asset/ liability whichever is lesser.

ग. अंतर्निहित देयता में परिवर्तन से हेज लेनेदेनों को पुनः अभिनामित करने की गणना के लिए इसे एक हेज की समाप्ति और दूसरे का अर्जन माना जाता है.

c. Redesignation of hedge swaps by change of underlying liability is accounted as the termination of one hedge and acquisition of another.

घ. हेज करारों को तब तक बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता है जब तक कि उसके अंतर्निहित मूल्य को भी बाजार मूल्य के अनुसार अंकित नहीं किया जाता. बाजार के लिए चिह्नित हेज करारों के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तनों को लाभ एवं हानि खाते में दर्ज किया जाता है.

d. Hedge contracts are not marked to market unless the underlying is also marked to market. In respect of hedge contracts that are marked to market, changes in the market value are recognized in the profit and loss account.

(ii) **'क्रय-विक्रय' के रूप में नामित लेनदेनों में : / In Transactions designated as 'Trading':**

क्रय-विक्रय के लिए नामित बकाया डेरिवेटिव लेनदेनों में, जिनमें ब्याज दर स्वैप, परस्परमुद्रा स्वैप, परस्परमुद्रा विकल्प एवं वायदा दर करार शामिल हैं; की उनके उचित मूल्य पर गणना की जाती है. इसके फलस्वरूप हुए लाभ/हानि को लाभ एवं हानि खाते में दिखाया जाता है. ऑप्शनों पर प्रीमियम को तुलन-पत्र की मद के रूप में दर्ज किया जाता है और इसे परिपक्वता/निरस्त होने पर लाभ-हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Outstanding derivative transactions designated as 'Trading', which includes interest rate swaps, cross currency swaps, cross currency options and forward rate agreements, are measured at their fair value. The resulting profits/ losses are included in the profit and loss account. Premium on options is recorded as a balance sheet item and transferred to Profit and Loss Account on maturity/ cancellation.

8. अचल परिसंपत्तियां एवं मूल्यह्रास: / Fixed Assets and depreciation:

बैंक: / Bank:

अचल परिसंपत्तियों को जहां कहीं पुनर्मूल्यांकित किया गया हो, के अलावा परंपरागत लागत (संस्थापन लागत सहित) पर लिया जाता है. पुनर्मूल्यांकन पर यदि कोई वृद्धि हुई हो तो उसे 'पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व' खाते में जमा किया जाता है. पुनर्मूल्यांकित परिसंपत्तियों के संबंध में

पुनर्मूल्यांकन के फलस्वरूप हुए अतिरिक्त मूल्यह्रास को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व से लाभ - हानि लेखे में अंतरित कर दिया जाता है.

Fixed assets are carried at historical cost (inclusive of installation cost) except wherever revalued. The appreciation on revaluation, if any, is credited to the `Revaluation Reserve' Account. In respect of revalued assets, the additional depreciation consequent to revaluation is transferred from Revaluation Reserve to the Profit and Loss account.

₹ 5000 से कम लागत की अचल परिसंपत्तियों पर उनके अर्जन के वर्ष में पूर्ण मूल्यह्रास किया जाता है.

Fixed assets individually costing less than ₹ 5000 are fully depreciated in the year of addition.

मूल्यह्रास का प्रावधान परिवर्धन की तारीख से सीधी रेखा पद्धति (एसएलएम) के आधार पर किया जाता है. कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में दी गयी मूल्यह्रास की दरों को न्यूनतम दरें माना जाता है. यदि प्रबंधन के अनुमान के अनुसार किसी परिसंपत्ति को अर्जित करते समय उस अचल परिसंपत्ति के अनुमानित जीवन काल या बाद में समीक्षा करने पर उसका शेष उपयोगी जीवनकाल कम हो जाता है तो प्रबंधन द्वारा उपयोगी जीवनकाल/बाकी उपयोगी जीवनकाल के अनुमान के आधार पर मूल्यह्रास की ऊंची दर लगायी जाती है. इस नीति के चलते मूल्यह्रास का प्रावधान निम्नलिखित दरों के अनुसार किया गया है :

Depreciation is provided on Straight Line Method (SLM) from the date of addition. The rates of depreciation prescribed in Schedule XIV of the Companies Act, 1956 are considered as the minimum rates. If the management's estimate of the useful life of a fixed asset at the time of acquisition of the asset or of the remaining useful life on a subsequent review is shorter, depreciation is provided at a higher rate based on management's estimates of the useful life/ remaining useful life. Pursuant to this policy, depreciation has been provided using the following rates:

परिसंपत्ति **Asset**	**मूल्यह्रास की दर** **Depreciation Rate**
परिसर / Premises	1.63%
फर्नीचर एवं फिक्स्चर्स / Furniture and fixtures	8.33%
बिजली संस्थापना एवं मशीनरी / Electrical installation and machinery	8.33%
मोटर वाहन / Motor vehicles	20%
कंप्यूटर (आंतरिक सॉफ्टवेयर सहित) / Computers (including integral software)	33.33%
स्वचालित टेलर मशीन / Automated Teller Machines	12.50%
वी-सैट उपकरण / VSAT equipment	10%
कर्मचारियों के पास टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं / Consumer durables with employees	20%

वर्ष के दौरान परिवर्धित/बेची गयी अचल परिसंपत्तियों पर वास्तविक अवधि के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है.

Depreciation on additions/ sale of fixed assets during the year is provided for the actual period.

लीज वाली भूमि को लीज की अवधि में परिशोधित किया जाता है.

Leasehold land is amortised over the period of lease.

₹ 2.5 लाख से अधिक राशि वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (नॉन-इंटिग्रल) को पूंजीकृत किया जाता है और इसे इसके उपयोगी जीवनकाल में मूल्यह्रासित किया जाता है जिसकी अवधि अधिकतम 5 वर्ष होती है.

Computer Software (non-integral) individually costing more than ₹ 2.50 lakh is capitalised and depreciated over its useful life, not exceeding 5 years.

बैंक की वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायक संस्था:

Bank's financial and non financial subsidiary

बैंक की सहायक संस्थाओं के मामले में मूल्यह्रास बट्टा खाता मूल्य विधि (डब्ल्यूडीवी) से किया जाता है. कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में दी गयी मूल्यह्रास दरों को न्यूनतम दरें माना जाता है.

In case of Bank's Subsidiaries, depreciation is provided on Written Down value (WDV) Method. The rates of depreciation prescribed in Schedule XIV of the Companies Act, 1956 are considered as the minimum rates.

आईडीबीआई इंटेक लि. की अमूर्त परिसंपत्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) के मामले में पाँच वर्ष की अवधि में परिशोधित किया जाता है. आईडीबीआई कैपिटल मैनेजमेंट सर्विसेज़ लि. और आईडीबीआई फैडरल इंश्योरेंस के मामले में अमूर्त परिसंपत्तियों (कंप्यूटर सॉफ्टवेयर) को 3 वर्ष की अवधि में परिशोधित किया जाता है. आईडीबीआई कैपिटल मैनेजमेंट सर्विसेज़ लि. में वेब ट्रेडिंग पोर्टल में यह परिशोधन 3 वर्ष के लिए और स्टॉक एक्सचेंज सदस्यता कार्ड 4.75% वार्षिक की दर से किया जाता है.

In case of IDBI Intech Ltd Intangible Assets (computer software) are amortized over a period of five years. In case of IDBI Capital management Services Ltd. and IDBI Federal Life Insurance Company Ltd. Intangible Assets (computer software) are amortized over a period of 3 years. In case of IDBI Capital management Services Ltd. Web Trading Portal amortized in 3 years and Stock Exchange membership card amortized at 4.75% PA.

नए निधि प्रस्तावों के विपणन व वितरण में हुए व्यय का परिशोधन निरंतर स्वरूप की निधियों में 36 माह की अवधि में और नियतकालिक निधियों में अवधि की समाप्ति पर किया जाता है.

Expenses incurred towards marketing and distribution of new fund offers are amortized over a period of 36 months in case of open ended funds and over the tenure of the close ended funds.

9. लीज पर दी गयी परिसंपत्तियां / Assets given on lease

बैंक / Bank:

(i) 31 मार्च 2001 को या इससे पूर्व बैंक द्वारा वित्त लीज पर दी गयी परिसंपत्तियों को 'अचल परिसंपत्तियों' के अंतर्गत 'लीज पर दी गयी परिसंपत्तियों' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. इन पर कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची XIV में दी गयी दरों के अनुसार सीधी रेखा पद्धति के आधार पर मूल्यह्रास का प्रावधान किया जाता है. 'लीज समकरण' राशि, जो वार्षिक लीज प्रभार और मूल्यह्रास के बीच के अंतर को दर्शाती है, को लाभ-हानि लेखे में समायोजित किया जाता है.

Assets given on finance lease by the Bank on or before March 31, 2001 are classified as "Leased Assets" under "Fixed Assets". Depreciation thereon is provided on SLM basis at the rates prescribed under Schedule XIV of the Companies Act, 1956. The amount of "Lease Equalization" representing the difference between the annual lease charge and the depreciation is adjusted in the Profit & Loss Account.

(ii) 31 मार्च 2001 के बाद वित्त लीज के अंतर्गत दी गयी परिसंपत्तियों को लेखांकन मानक 19 के प्रावधानों के अनुसार हिसाब में लिया जाता है और इन्हें 'अग्रिमों' के अंतर्गत शामिल किया जाता है.

Assets given under finance lease after March 31, 2001 are accounted in accordance with the provisions of AS 19 and included under "Advances".

10. प्रतिभूतीकरण लेन-देन / Securitization Transactions:

बैंक / Bank

विभिन्न ऋणों के प्रतिभूतीकरण से इन परिसंपत्तियों की विशेष प्रयोजन वाली संस्थाओं (एसटीवी) को बिक्री होती है, जो इसके बदले निवेशकों को प्रतिभूतियां जारी करती हैं. प्रतिभूतीकृत परिसंपत्तियों वाले अनुबंधित अधिकारों पर जब नियंत्रण नहीं रहता है तो ऐसी वित्तीय परिसंपत्तियों को आंशिक अथवा पूर्णतः अमान्य कर दिया जाता है. बैंक खातों को बिक्री के समय ही होने वाली किसी भी हानि के लिए और बिक्री से होने वाले लाभ/प्रीमियम के लिए एसपीवी द्वारा, जिन्हें परिसंपत्तियां बेची गयी हैं, जारी की गयी या जारी की जाने वाली प्रतिभूतियों के जीवन काल में परिशोधित किया जाता है.

Securitization of various loans results in sale of these assets to Special Purpose Vehicles ('SPVs'), which, in turn issue securities to investors. Financial assets are partially or wholly derecognised when the control of the contractual rights in the securitised assets is lost. The Bank accounts for any loss arising on sale immediately at the time of sale and the profit/ premium arising on account of sale is amortized over the life of the securities issued or to be issued by the SPV to which the assets are sold.

11. प्रतिभूतीकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री

Sale of financial assets to Securitization Companies/Reconstruction Companies:

बैंक / Bank:

प्रतिभूतीकरण कंपनियों/पुनर्संरचना कंपनियों को वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री की गणना प्राप्त प्रतिभूति रसीदों (एसआर)/पास थ्रू प्रमाणपत्र (पीटीसी) के शोधन मूल्य और वित्तीय परिसंपत्ति के निवल बही मूल्य, जो भी कम हो, के आधार पर की जाती है. ऐसी बिक्री अथवा वसूली पर होने वाले लाभ को लाभ-हानि लेखे में दर्ज नहीं किया जाता बल्कि उन्हें एससी या आरसी को अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री अथवा अन्य एसआर/पीटीसी की वसूली से होने वाली हानि/कमी की प्रतिपूर्ति के लिए प्रावधानों के तौर पर अलग से दर्शाया जाता है. ऐसी बिक्री अथवा वसूली से होने वाली हानियों को पूर्ववर्ती लाभों से सृजित प्रावधानों के शेष, यदि कोई हैं, में से समायोजित किया जाता है और हानि की शेष राशि लाभ-हानि लेखे में प्रभारित की जाती है. पीटीसी को उपर्युक्त निर्धारण के अनुसार उनकी बिक्री अथवा वसूली तक लिया जाता है. प्रतिभूति रसीदों (एसआर) को समग्र रूप में बही मूल्य अथवा एनएवी में से जो भी कम हो उस पर लिया जाता है.

Sale of financial assets to Securitisation Companies (SCs)/ Reconstruction Companies (RCs) is reckoned at the lower of the redemption value of Security Receipts (SRs)/ Pass through Certificates (PTCs) received and the net book value of the financial asset. Gains arising on such sale or realisation are not recognised in the profit and loss account but earmarked as provisions for meeting the losses/ shortfall arising on sale of other financial assets to SCs/ RCs or sale/ realisation of other SRs/ PTCs. Losses arising on such sale or realisation are first set off against balance of provisions, if any, created out of earlier gains and residual amount of losses are charged to profit and loss account. The PTCs are carried at the value as determined above, till their sale or realisation. The SRs are carried, in the aggregate, at book value or at latest NAV, whichever is lower.

12. विदेशी मुद्रा लेन-देन

Foreign Currency Transactions:

बैंक / Bank:

(i) विदेशी मुद्रा लेन-देनों का आरंभिक अभिनिर्धारण होने पर लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. मौद्रिक परिसंपत्तियों और देयताओं को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापार संघ (फेडाई) द्वारा निर्धारित अंतिम बंद दरों पर रूपांतरित किया जाता है और इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है. मौद्रिक मदों के निपटान से उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतरों को उस अवधि की आय या व्यय के रूप में माना जाता है जिसमें वे उत्पन्न होते हैं.

Foreign currency transactions, on initial recognition are recorded at the exchange rate prevailing on the date of transaction. Monetary assets and liabilities are translated at the closing rates prescribed by Foreign Exchange Dealers Association of India (FEDAI) and the resultant gain or loss is recognised in the profit and loss account. Exchange differences arising on the settlement of monetary items are recognised as income or expense in the period in which they arise.

(ii) ऐसी वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार या सट्टे के लिए नहीं की गई हैं, के शुरूआत में प्राप्त प्रीमियम या बट्टे को संविदा के जीवनकाल में व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया जाता है. अन्य वायदा विनिमय संविदाओं पर प्रीमियम या छूट को हिसाब में नहीं लिया जाता है.

Premium or discount arising at the inception of Forward Exchange Contracts which are not intended for trading or speculation is amortized as expense or income over the life of the contract. Premium or discount on other Forward Exchange Contracts is not recognised.

(iii) ऐसी बकाया वायदा विनिमय संविदाओं, जो व्यापार या सट्टे के लिए नहीं हैं, का अंतिम फेडाई दरों पर पुनर्मूल्यन किया जाता है. अन्य बकाया वायदा विनिमय संविदाओं का पुनर्मूल्यन फेडाई द्वारा विर्निदिष्ट परिपक्वताओं के लिए अधिसूचित विनिमय दरों या बीच की परिपक्वताओं की अंतर्वेशित दरों पर किया जाता है. इससे होने वाले लाभ/हानि को लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है.

Outstanding Forward Exchange Contracts which are not intended for trading or speculation are revalued at closing FEDAI rates. Other outstanding Forward Exchange Contracts are revalued at rates of exchange notified by FEDAI for specified maturities or at interpolated rates for in-between maturities. The resultant profit/ losses are included in the profit and loss account.

(iv) वायदा विनिमय संविदाओं की परिपक्वता पूर्व समाप्ति से होने वाले लाभ/हानियों, साथ ही अपरिशोधित प्रीमियम या छूट, यदि कोई हो, को समाप्ति की तारीख पर हिसाब में लिया जाता है.

Profit/ losses arising on premature termination of Forward Exchange Contracts, together with unamortized premium or discount, if any, is recognised on the date of termination.

(v) बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के संबंध में आकस्मिक देयता की गणना विनिमय की अनुबंधित दरों पर की जाती है और गारंटियों, स्वीकृतियों, पृष्ठांकनों एवं अन्य दायित्वों की गणना फेडाई की अंतिम दरों पर की जाती है.

Contingent liability in respect of outstanding forward exchange contracts is calculated at the contracted rates of exchange and in respect of guarantees; acceptances, endorsements and other obligations are calculated at the closing FEDAI rates.

(vi) विदेशी शाखा के परिचालनों को एकीकृत विदेशी परिचालनों में वर्गीकृत किया जाता है तथा लेनदेनों को इस संबंध में बैंक के उन्हीं सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के अनुसार लागू किया जाता है.

Operations of foreign branch are classified as integral foreign operations' and the transactions are translated using the same principles and procedures as those of the bank.

बैंक की वित्तीय और गैर-वित्तीय सहायक संस्थाएं तथा जीवन बीमा संयुक्त उद्यम:

Banks financial, non financial subsidiaries and life Insurance Joint Venture:

विदेशी मुद्रा लेन-देनों को लेन-देन की तारीख को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है. वर्ष के अन्त में विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित मौद्रिक मदों को विनिमय की अंतिम दर का प्रयोग करते हुए रिपोर्ट किया जाता है. उस पर और संबंधित वर्ष में विदेशी मुद्रा की वसूली/ भुगतान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर को आय अथवा व्यय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

Foreign currency transactions are recorded at the rates of exchange prevailing on the date of the transaction. At the year end, monetary items denominated in foreign currency are reported using the closing rate of exchange. Exchange difference arising thereon and on realization / payments of foreign exchange are accounted as income or expenses in the relevant year.

13. कर्मचारी लाभ: / Employee Benefits:

(i) **रोजगार-पश्चात् लाभ योजनाएं / Post-employment benefit plans**

क) निर्दिष्ट अंशदान योजनाओं में भुगतान, देय होने के आधार पर खर्च के रूप में प्रभारित किया जाता है.

a) Payments to defined contribution schemes are charged as expense as they fall due.

ख) निर्दिष्ट लाभ योजनाओं के लिए, लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण पूर्वानुमानित यूनिट जमा विधि का प्रयोग कर किया जाता है तथा बीमांकिक मूल्यांकन प्रत्येक तुलनपत्र की तारीख को किया जाता है. बीमांकिक लाभ या हानि को उस अवधि के लाभ-हानि लेखे में पूरा दिखाया जाता है जिसमें लाभ या हानि होती है. गत सेवा लागत की उतनी राशि तत्काल हिसाब में ली जाती है जितने लाभ पहले ही प्राप्त हो चुके हैं और अन्यथा सीधी रेखा आधार पर लाभों के निहित होने तक औसत अवधि में परिशोधित किया जाता है.

b) For defined benefit schemes, the cost of providing benefits is determined using the Projected Unit Credit Method, with actuarial valuations being carried out at each Balance Sheet date. Actuarial gains or losses are recognized in full in the profit and loss account for the period in which they occur. Past Service cost is recognized immediately to the extent that the benefits are already vested and otherwise is amortized on a straight-line basis over the average period until the benefits become vested.

(ii) अल्पावधि कर्मचारी लाभ: / Short-term employee Benefit:

कर्मचारी द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बदले अदा किये जाने वाले अल्पकालिक कर्मचारी लाभों की अबट्टाकृत राशि को उस अवधि के दौरान हिसाब में लिया जाता है जब कर्मचारी सेवा प्रदान करता है.

The undiscounted amount of short-term employee benefits expected to be paid in exchange for the services rendered by employees is recognized during the period when the employee renders the service.

(iii) अंतर्वर्ती देयता / Transitional Liability

बैंक ने 1 अप्रैल 2007 से लेखांकन मानक 15 (संशोधित 2005) - कर्मचारी लाभ (एएस 15) को अपनाया है. इसको अपनाने से उत्पन्न होने वाली अंतर्वर्ती देयता को एएस-15 के प्रावधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2007-08 से आरंभ होने वाली पांच वर्षों की अवधि में परिशोधित किया जायेगा.

The Bank has adopted Accounting Standard-15 (Revised 2005), 'Employee Benefits' with effect from April 1, 2007. The transitional liability arising on such adoption is amortized over a period of five years commencing from the financial year 2007-08 in accordance with the provisions of AS-15.

(iv) कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन योजना (इसॉप) के अंतर्गत ऑप्शनों का आंतरिक मूल्य इसॉप की निहित अवधि में सीधी रेखा पद्धति के आधार पर व्यय किया जाता है.

The intrinsic value of options under Employee Stock Option Plan (ESOP) is expensed on a straight-line basis over the vesting period of the ESOP.

14. आय कर / Income Tax

(i) कर व्यय में चालू एवं आस्थगित कर शामिल हैं. / Tax expense comprises of current and deferred tax.

(ii) न्यूनतम वैकल्पिक कर (मेट) क्रेडिट को केवल तभी एक परिसंपत्ति के रूप में और उस सीमा तक माना जाता है जब इस बात का पर्याप्त साक्ष्य हो कि बैंक विर्निदिष्ट अवधि के दौरान सामान्य आयकर का भुगतान करेगा.

Minimum Alternate Tax (MAT) credit is recognized as an asset only when and to the extent there is convincing evidence that the Bank will pay normal income tax during the specified period.

(iii) वर्ष के बहियों और कर लाभों के बीच समय अंतरालों हेतु आस्थगित कर को उन कर दरों एवं कानूनों का प्रयोग करते हुए हिसाब में लिया जाता है जो तुलनपत्र की तारीख को पर्याप्त रूप से अधिनियमित किये गये हों. समय अंतरालों से उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर परिसंपत्तियों को उस सीमा तक हिसाब में लिया जाता है जितनी उचित निश्चितता हो कि इनकी भविष्य में वसूली हो जाएगी.

Deferred tax for timing differences between the book and tax profits for the year is accounted for, using the tax rates and laws that have been substantively enacted as of the balance sheet date. Deferred tax assets arising from timing differences are recognized to the extent there is reasonable certainty that these would be realized in future.

(iv) अनवशोषित हानियों के मामले में आस्थगित कर परिसंपत्तियां तभी मानी जाती हैं जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्ति भावी कर योग्य लाभों में से वसूल की जा सकती हैं.

Deferred tax assets in case of unabsorbed losses are recognized only if there is virtual certainty that such deferred tax asset can be realized against future taxable profits.

(v) विभागीय अपीलों सहित जिन विवादित करों के लिए प्रावधान नहीं किया जाता है, उन्हें आकस्मिक देयताओं के अंतर्गत शामिल किया जाता है.

Disputed taxes not provided for including departmental appeals are included under Contingent Liabilities.

15. प्रति शेयर आय / Earnings Per Share:

(i) समूह लेखांकन मानक 20 के अनुसार मूल एवं न्यूनीकृत प्रति शेयर आय की सूचना देता है. प्रति शेयर मूल आय की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को उस अवधि में बकाया ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर की जाती है.

The Group reports basic and diluted Earnings per Share in accordance with AS 20. Basic Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the weighted average number of equity shares outstanding for the year.

(ii) प्रति शेयर न्यूनीकृत आय उस संभावित न्यूनीकरण को दर्शाती है जो उस अवधि के दौरान प्रतिभूतियों या ईक्विटी शेयर जारी करने की अन्य संविदाओं का उपयोग या परिवर्तन करने पर हो सकता है. प्रति शेयर न्यूनीकृत आय की गणना कर-पश्चात् निवल लाभ को ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और वर्ष के अन्त में बकाया न्यूनीकृत संभाव्य ईक्विटी शेयरों की संख्या से भाग देकर की जाती है.

Diluted Earnings per Share reflect the potential dilution that could occur if securities or other contracts to issue equity shares were exercised or converted during the period. Diluted Earnings per Share is computed by dividing the net profit after tax by the sum of the weighted average number of equity shares and dilutive potential equity shares outstanding at the year end.

16. परिसंपत्तियों की अनर्जकता / Impairment of Assets

जब भी किसी घटना अथवा परिस्थितियों में हुए परिवर्तन यदि इसका संकेत देते हैं कि किसी परिसंपत्ति की रखाव-लागत वसूलीयोग्य नहीं रही तो अचल परिसंपत्तियों की अनर्जकता की समीक्षा की जाती है. धारित तथा उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों की वसूलीक्षमता का आकलन अनुमानित चालू वसूलीयोग्य मूल्य की तुलना परिसंपत्ति की रखाव राशि से कर उनका मूल्य निर्धारित किया जाता है. यदि ऐसी परिसंपत्तियां अनर्जक मानी गयी हों तो अनर्जकता को उस परिसंपत्ति की दर्ज लागत से उसके चालू अनुमानित वसूलीयोग्य मूल्य की तुलना में आधिक्य से मापा जाता है.

Fixed Assets are reviewed for impairment whenever events or changes in circumstances warrant that the carrying amount of an asset may not be recoverable. Recoverability of assets to be held and used is measured by a comparison of the carrying amount of an asset to the estimated current realizable value. If such assets are considered to be impaired, the impairment to be recognized is measured by the amount by which the carrying amount of the asset exceeds the estimated current realizable value.

17. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियां / Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets:

(i) एएस 29 के अनुरूप प्रावधानों, आकस्मिक देयताओं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियों के मामले में समूह प्रावधानों को तभी हिसाब में लिया जाता है जब समूह यह अभिनिर्धारित करता है कि पिछले किसी संव्यवहार के परिणामस्व रूप कोई वर्तमान देयता बनती हो और इस बात की संभावना हो कि उक्त देयता के निपटान के लिए कुछ राशियों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी जिसके लिए विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है.

In conformity with AS 29, Provisions, Contingent Liabilities and Contingent Assets, the Group recognizes provisions only when it has a present obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of resources embodying economic benefits will be required to settle the obligation, and when a reliable estimate of the amount of the obligation can be made.

(ii) प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य पर बट्टाकृत नहीं किया जाता और उनका निर्धारण तुलनपत्र की तारीख को देयता के निपटान के लिए अपेक्षित सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर किया जाता है.

Provisions are not discounted to its present value and are determined based on best estimate required to settle the obligation at the balance sheet date.

(iii) किसी प्रावधान के निपटान के लिए अपेक्षित व्यय के संबंध में संभावित प्रतिपूर्ति का निर्धारण तभी किया जाता है जब यह वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो कि इसकी प्रतिपूर्ति प्राप्त हो जाएगी.

Reimbursement expected in respect of expenditure required to settle a provision is recognised only when it is virtually certain that the reimbursement will be received.

(iv) आकस्मिक परिसंपत्तियों को हिसाब में नहीं लिया जाता है. / Contingent Assets are not recognized.

अनुसूची 18: 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लेखों के भाग के रूप में टिप्पणियां
SCHEDULE 18: NOTES FORMING PART OF THE CONSOLIDATED ACCOUNTS FOR THE YEAR ENDED MARCH 31, 2012

1. परिसर (एएस-10) / PREMISES(AS-10)

I. परिसर में ₹ 1339,70,11 हजार (₹ 1339,70,11 हजार) की लीज़ पर ली गई भूमि (पुनर्मूल्यांकित) शामिल है जिसका वर्ष 2006-07 में पुनर्मूल्यांकन किया गया था.

Premises include Leasehold Land (revalued) of ₹ 1339,70,11 Thousand (₹ 1339,70,11 Thousand) which was revalued in the year 2006-07.

II. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि और आवासीय /कार्यालय भवन का पुनर्मूल्यांकन व्यावसायिक रूप से योग्यताप्राप्त स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर बाजार मूल्य पर किया. पुनर्मूल्यांकन के कारण निवल मूल्य वृद्धि ₹ 2063,91,00 हजार हुई हैं जो 31 मार्च 2007 को ₹ 529,02,00 हजार के निवल बही मूल्य और ₹ 25,92,9300 हजार की पुनर्मूल्यांकित राशि का अंतर है, जिसे पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व में जमा कर दिया गया है.

Bank has revalued its Freehold Land & Residential/ Office building based on valuations made by independent valuers during the financial year 2006-07. The net appreciation of ₹ 2063,91,00 Thousand arising on revaluation, being the difference between the net book value of ₹ 529,02,00 Thousand and revalued amount of ₹ 2592,93,00 Thousand as on March 31, 2007 was credited to Revaluation Reserve.

2. कर्मचारी लाभ (एएस-15) (संशोधित): / EMPLOYEE BENEFITS (AS-15) (REVISED):

i) अंतर्वर्ती देयता / Transitional Liability

